



देश का प्रमुख दैनिक समाचार-पत्र

जनहित का सजग प्रहरी

# जन जन जागरण

Web Site: www.janjanjagran.com | झांसी और भोपाल से एक साथ प्रकाशित | झांसी, शुक्रवार 25 अप्रैल 2025 | वर्ष-13 अंक-253 पृष्ठ-08 मूल्य 3 रुपए





## ब्रीफ न्यूज

### लगातार 7 दिन की तेजी के बाद गिरा शेयर बाजार

**मुंबई।** लगातार 7 दिन तेजी के बाद गुरुवार को शेयर बाजार में गिरावट रही। सेंसेक्स 315 अंक गिरकर 79,801 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में 82 अंक की गिरावट रही, ये 24,247 के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 17 में गिरावट रही। हिंदुस्तान यूनिलीवर के शेयर में 4 प्रतिशत से ज्यादा की गिरावट रही। इसके अलावा, जोमैटो, एयरटेल और आईसीआईसीआई बैंक के शेयर 1 प्रतिशत गिरकर बंद हुए। वहीं, इंडसइंड बैंक, अल्ट्राटेक सीमेंट, टाटा मोटर्स, टेक महिंद्रा के शेयर में 3.3 प्रतिशत की गिरावट रही।

निफ्टी के 50 शेयरों में से 31 में गिरावट रही। एनएसई के निफ्टी रियल्टी और एफएमसीजी इंडेक्स में सबसे ज्यादा 1.41 प्रतिशत तक की गिरावट रही। इसके अलावा, ऑटो, आईटी और बैंकिंग में भी मामूली गिरावट रही।

### सौरभ और शरद की जमानत याचिका खारिज

**भोपाल।** ईडी की विशेष अदालत ने परिवहन विभाग के पूर्व आरक्षक सौरभ शर्मा और शरद जायसवाल की जमानत याचिका खारिज कर दी है। सौरभ शर्मा और शरद जायसवाल ने ईडी के विशेष न्यायाधीश अरविंद कुमार घोष ने मामले की गंभीरता को देखते हुए दोनों आरोपियों को जमानत देने से इंकार कर दिया है।

ईडी द्वारा आठ अप्रैल को सौरभ शर्मा सहित 12 आरोपियों के खिलाफ प्रस्तुत किए गए चालान के बाद सौरभ की मां उमा शर्मा, पत्नी दिव्या शर्मा, साले रोहित तिवारी और रिश्ते के जीजा विनय आसवानी को ईडी की विशेष अदालत से जमानत मिल चुकी है। हालांकि यह आरोपी गिरफ्तार नहीं हुए थे। लोकायुक्त पुलिस द्वारा दर्ज किए गए भ्रष्टाचार के मामले में विशेष न्यायालय से सौरभ शर्मा, चेतन सिंह गौर और शरद जायसवाल को जमानत मिल चुकी है, लेकिन ईडी प्रकरण में तीनों भोपाल केंद्रीय जेल में बंद हैं।

### 14 माओवादी ने किया आत्मसमर्पण

**नई दिल्ली।** तेलंगाना के भद्राद्री कोठागुडेम जिले में चौदह माओवादी ने पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया है। आईजीपी ने कहा कि इस साल अब तक करीब 250 माओवादियों ने आत्मसमर्पण कर दिया है। उन्होंने कहा कि जनवरी 2025 से अब तक 12 माओवादियों को गिरफ्तार किया गया है। एक प्रेस विज्ञप्ति में पुलिस ने बताया कि माओवादियों के लिए जागरूकता कार्यक्रम ऑपरेशन च्युता चलाया जा रहा था, जिसके तहत विकास एवं कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानने के बाद माओवादी हथियार छोड़कर आत्मसमर्पण कर रहे हैं। पुलिस अधिकारी ने बताया कि आत्मसमर्पण करने वाले अधिकांश माओवादी पड़ोसी राज्य छत्तीसगढ़ के हैं।

### गौतम गंभीर को जान से मरने की धमकी

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम के मौजूदा हेड कोच गौतम गंभीर को जान से मारने की धमकी मिली है। बुधवार को आईएसआईएस कश्मीर नाम की मेल आईडी से दो मेल आए। दोनों में लिखा था- आई किल यू। इसके बाद गौतम ने गुरुवार को दिल्ली के राजेंद्र नगर थाने में शिकायत दर्ज करवाई है। गंभीर ने पुलिस से परिवार और करीबी लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए जरूरी कदम उठाने की मांग की है। गंभीर को नवंबर 2021 में भी धमकी भरा मेल आया था। तब वे पूर्वी दिल्ली से सांसद थे।

### खालिस्तानी आतंकी मंगत सिंह गिरफ्तार

**अमृतसर।** उत्तर प्रदेश के आतंकवाद निरोधक दस्ते और साहिबाबाद पुलिस की संयुक्त टीम ने अमृतसर में छापेमारी कर एक खालिस्तानी आतंकवादी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार यह आतंकवादी पिछले 30 वर्षों से फरार चल रहा था। सूचना मिलने के बाद यूपी एटीएस की टीम ने अमृतसर ग्रामीण पुलिस से संपर्क किया। जिसके बाद टिम्मेवाला गांव में छापेमारी कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। आतंकवादी की पहचान मंगत सिंह के रूप में हुई है।

# भारत की आत्मा पर हमला, सोचा नहीं होगा ऐसी सजा मिलेगी: पीएम मोदी

### मधुबनी की रैली में लगे- पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे



**मधुबनी।** पहलगाम आतंकी हमले के बाद गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मधुबनी जिले के झंझारपुर में अपनी पहली सार्वजनिक रैली को संबोधित किया। पीएम मोदी के मंच पर आते ही रैली स्थल पर मौजूद लोगों ने जोरदार नारों से आतंकवाद के खिलाफ अपना गुस्सा जाहिर कर 'पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाए।

पीएम मोदी ने रैली की शुरुआत से पहले पहलगाम में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि देने के लिए सभी लोगों से दो मिनट का मौन रखने की अपील की। उन्होंने कहा, यह हमला केवल हमारे निहत्थे पर्यटकों पर नहीं था, बल्कि यह भारत की आत्मा पर हुआ दुस्साहसी वार था। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, जिन्होंने यह हमला किया है, उन्हें उनकी कल्पना से भी बड़ी सजा मिलेगी। अब आतंकियों की बची-खुची जमीन को भी मिट्टी में मिलाने का समय आ गया है।

इस दौरान बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भी आतंकी घटना की तीखी आलोचना की और मृतकों के प्रति शोक संवेदना व्यक्त की। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश ने कहा, हम पहलगाम हमले की निंदा करते हैं, पूरा देश आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में एकजुट है।

बता दें कि प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस कार्यक्रम में भाग लेकर मधुबनी में विकास कार्यों का शुभारंभ किया। सीएम नीतीश कुमार भी कार्यक्रम में मौजूद रहे। पहलगाम आतंकी हमले के कारण कार्यक्रम को सदागी से मनाया गया है। इस दौरान प्रधानमंत्री सहित किसी भी गेस्ट का स्वागत और सम्मान नहीं किया गया। प्रधानमंत्री मोदी ने मधुबनी में करीब 13,500 करोड़ की लागत वाली कई बुनियादी और कल्याणकारी परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने सबसे पहले पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि दी। इतना ही नहीं रैली में आए हजारों लोगों से कुछ पल का मौन रखने कहा। पीएम मोदी ने कहा, मैं अपनी बात प्रारंभ करने से पहले आपसे प्रार्थना करना चाहता हूं कि आप जहां हैं, वहीं पर बैठकर 22 तारीख को जिन परिवार जनों को हमने खोया है, उन्हें श्रद्धांजलि देने के लिए कुछ पल मौन रखें।

## भारत-पाकिस्तान तानातनी के बीच स्वदेशी युद्धपोत आईएनएस सूरत ने हासिल की बढ़ी सफलता

### पाकिस्तान से बाजी मार ले गया भारत



**नई दिल्ली।** पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद से केंद्र की मोदी सरकार एक्शन मोड में है। एक दिन पहले ही पड़ोसी मुल्क के खिलाफ बड़े फैसले लेने के बाद अब तैयारियां सैन्य स्तर पर हो रही हैं। इसी बीच, भारतीय नौसेना ने बड़ी उपलब्धि हासिल की है। नौसेना के अपने बनाए स्वदेशी युद्धपोत आईएनएस सूरत ने समुद्र में तेजी से उड़ने वाले टारगेट पर सटीक हमला कर बड़ी सफलता हासिल की है। यह उपलब्धि नौसेना की ताकत को और मजबूत करती है। दरअसल अरब सागर में हुआ यह सफल परीक्षण इसलिए भी बहुत महत्वपूर्ण है, क्योंकि पाकिस्तान भी अरब सी में एक मिसाइल परीक्षण करने वाला है। जानकारी के अनुसार, पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत सरकार की ओर से लिए गए ताबड़तोड़ फैसलों के बाद पाकिस्तान मिसाइल परीक्षण करने जा रहा है। पाकिस्तान ने अरब सागर क्षेत्र में मिसाइल परीक्षण करने का फैसला लिया है। यह मिसाइल सतह से सतह पर मार करने वाली होगी और यह परीक्षण 24-25 अप्रैल को कराची तट पर होगा। भारत की जांच एजेंसियां घटनाक्रम पर नजर रखे हुए हैं। इस लेकर गृह मंत्रालय मंग रॉ और आईबी चीफ की गृह सचिव के साथ उच्चस्तरीय बैठक हो रही है।

बता दें कि इसके पहले बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में हुई सुरक्षा मामलों की कैबिनेट कमेटी (सीसीएस) ने सिंधु जल संधि को तत्काल प्रभाव से स्थगित किया। यह पहली बार है जब भारत ने इतना बड़ा और सख्त कदम उठाया है। भारत और पाकिस्तान के बीच तीन बड़ी जंग हो चुकी है लेकिन पहले कभी भी इस संधि को स्थगित नहीं किया गया।

# देश की दूसरी और बिहार की पहली नमो भारत ट्रेन को पीएम मोदी ने दिखाई हरी झंडी




### सहरसा से मुंबई के बीच चलने वाली अमृत भारत ट्रेन को रवाना किया

**मधुबनी।** देश की दूसरी और बिहार की पहली नमो भारत ट्रेन 24 अप्रैल से जयनगर से पटना के बीच चलेगी। नमो भारत ट्रेन 130 किमी/घंटे की रफ्तार होगी। 267 किमी की दूरी करीब 5 घंटे में पूरी करेगी। साथ ही बिहार से दूसरी अमृत भारत भी 24 अप्रैल से ही शुरू हो गई है। यह सहरसा से मुंबई के बीच चलेगी। मधुबनी से पीएम मोदी ने दोनों ट्रेनों को वर्चुअल तरीके से हरी झंडी दिखाई। 16 कोच वाली नमो भारत के सभी कोच जनरल हैं। इस ट्रेन में 2000 पैसेंजर की क्षमता है। देश की पहली नमो भारत भुज से अहमदाबाद के बीच चल रही है।

बिहार की पहली नमो भारत ट्रेन जय नगर से पटना के बीच चलेगी। इस दौरान ट्रेन मधुबनी, सकरी, दरभंगा, समस्तीपुर, बरौनी, मोकामा और पटना में ठहराव लेगी। नमो भारत ट्रेन जयनगर से सुबह 5 बजे चलकर सुबह 10.30 बजे पटना पहुंचेगी। वापसी में पटना से शाम 6.05 बजे चलकर रात 11.45 पर जयनगर पहुंचेगी।

#### सिक्योरिटी कैसी रहेगी

कवच सिस्टम एक स्वदेशी एंटी प्रोटेक्शन सिस्टम (एपीएस) है। इस खासतौर पर रेल हादसे को रोकने के लिए डिजाइन है। इससे इमरजेंसी हालात में खुद-ब-खुद ट्रेन रुक सकती है यानी ब्रेक लगा सकता है। किसी भी कारणवश जब ट्रेन का ड्राइवर समय पर ब्रेक नहीं लगा पाता है, तब ये सिस्?टम तुरंत सक्रिय हो जाता है। ट्रेन के सभी कोचों में सीसीटीवी और फायर डिटेक्शन सिस्टम इंस्टॉल किया गया है। जो लोगों की सेफ्टी के साथ-साथ आगजनी की घटना को रोकने में मदद करेगी।

## पहलगाम हमले में मारे गए लेफ्टिनेंट विनय की अर्थी को मां-बहन ने दिया कांधा



### यह देख वहां मौजूद लोगों की झलक गईं आंखें, बहन ने दी मुखाग्नि

**करनाल।** पहलगाम में आतंकी हमले में मारे गए हरियाणा के लेफ्टिनेंट विनय नरवाल का बुधवार शाम को उनके करनाल में अंतिम संस्कार कर दिया गया। सैन्य सम्मान के साथ विनय नरवाल को विदाई गई। इस दौरान उनकी बहन ने उनकी चिता को मुखाग्नि दी। विनय के अंतिम संस्कार में सीएम नायब सैनी भी शामिल हुए।

जानकारी के मुताबिक बुधवार का विनय का शव श्रीनगर से दिल्ली लाया गया और फिर वहां से करनाल ले जाया गया। शाम छह बजे के करीब विनय का पार्थिव शरीर घर पहुंचा तो चीख पुकार मच गई। इस दौरान परिजनों ने अपने लाल के अंतिम दर्शन किए। वहीं, विनय को अंतिम विदाई देने पूरा शहर उमड़ पड़ा। फिर मां और बहन ने अपने लाड़ले की अर्थी को कांधा दिया। अंतिम संस्कार में शामिल सीएम नायब सिंह सैनी ने पहलगाम आतंकी हमले में शहीद हुए हरियाणा के वीर सपूत भारतीय नौसेना के लेफ्टिनेंट विनय नरवाल की अंतिम यात्रा को देखकर हम सबकी आंखें नम थीं।

इससे पहले नई दिल्ली एयरपोर्ट पर भारतीय नौसेना के अधिकारी विनय नरवाल की पत्नी हिमांशी ने तिरंगे में लिपटे अपने पति के ताबूत को गले लगाकर अंतिम विदाई दी। विनय और हिमांशी का विवाह 16 अप्रैल को हुआ था और दोनों जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 'हनीमून' बनाने गए थे। पहलगाम के बैसरन में आतंकवादियों ने हिमांशी के सामने ही विनय की निर्मम हत्या कर दी। गुरुग्राम की रहने वाली हिमांशी पीएचडी कर रही हैं। हिमांशी ने कहा कि भगवान उनकी आत्मा को शांति दे। हमें उन पर हर तरह से गर्व होना चाहिए और हम उन्हें हर तरह से गौरवान्वित करेंगे।

## जमानत पर बाहर रहना है तो मंत्री पद छोड़ना होगा-सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में जेल की हवा खा चुके तमिलनाडु के मंत्री सेंथल बालाजी के साथ सुप्रीम कोर्ट ने बेहद कड़ा रुख अख्तियार किया। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट मनी लॉन्ड्रिंग केस में सेंथिल बालाजी को दी गई जमानत को वापस लेने की मांग वाली याचिका पर सुनवाई कर रही थी। उन पर जमानत की शर्तों को तोड़ने का आरोप है। इस पर कोर्ट ने साफ कर दिया कि जमानत पर बाहर रहना है तो मंत्री पद छोड़ना होगा।

न्यायमूर्ति अभय ओका की बेंच ने साफ कह दिया कि अगर जमानत पर बाहर रहना है तो मंत्री पद छोड़ना होगा। सुप्रीम कोर्ट ने सेंथिल बालाजी से कहा, हम इस आचरण को बर्दाश्त नहीं करेंगे! हम आपको एक विकल्प दे रहे हैंङ्कआजादी या मंत्रिमंडल का पद? सेंथिल बालाजी ने सुप्रीम कोर्ट के टफ स्?टैंड को देखते हुए कहा कि वह सोमवार तक अपना निर्णय लेंगे और सुप्रीम कोर्ट को सूचित करेंगे कि क्या वह मंत्री पद पर बने रहेंगे या नही? यह मामला तमिलनाडु में कथित नौकरी के बदले नकद घोटाले से जुड़ा है। न्यायमूर्ति अभय ओका ने सेंथिल बालाजी को फटकार लगाते हुए कहा कि जमानत देने का मतलब यह नहीं कि आपको पद पर बने रहने की शक्ति भी दी गई है।

# छत्तीसगढ़-तेलंगाना-महाराष्ट्र बॉर्डर पर 5 हजार जवान ऑपरेशन पर, 300 नक्सलियों को पहाड़ पर सुरक्षाबलों ने घेरा

### बड़े नक्सल लीडरों को घेरा, तीन को किया ढेर

**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़-तेलंगाना-महाराष्ट्र की सीमा पर करीब 5 हजार जवानों ने अब तक का सबसे बड़ा ऑपरेशन शुरू किया है। यहां स्थित कर्रेगट्टा, नडपल्ली, पुजारी कांकेर की पहाड़ी पर हिड़मा, दामोदर, देवा समेत कई बड़े नक्सलियों और उनकी बटालियन को घेर लिया है। इसमें करीब 300 नक्सलियों के होने की सूचना है। ऑपरेशन 12 घंटे से अधिक समय से चल रहा है। दोनों ओर से रुक-रुककर फायरिंग भी हो रही है। सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में तीन नक्सली मारे गए हैं। इंटेलिजेंस की माने तो नक्सलियों के पास पर्याप्त राशन पानी नहीं है। अगर है भी तो वो कुछ ही दिन चलेगा। तीनों राज्यों की फोर्स ने चारों तरफ से पहाड़ को घेर रखा है। अगर वे नीचे आए या फिर किसी भी राज्य की तरफ मूवमेंट किए तो उनका एनकाउंटर होना निश्चित है। इस इलाके में नक्सलियों की बटालियन नंबर 1, 2, समेत अन्य कंपनियां सक्रिय हैं। टॉप लीडर हिड़मा, देवा, विकास समेत आंध्र-तेलंगाना-महाराष्ट्र के सेंट्रल कमेटी, दंडकारण्य स्पेशल जोनल कमेटी, डिविजनल कमेटी मेंबर,एरिया कमेटी मेंबर, संगठन सचिव जैसे बड़े केडर के नक्सली भी यहां मौजूद हैं।

#### हफ्तेभर का राशन लेकर ऑपरेशन पर फोर्स

अब तक जो इनपुट सामने आए हैं उसके आधार पर महाराष्ट्र से सी-60 कमांडोज, तेलंगाना से ग्रेहाउंड्स और छत्तीसगढ़ से डीआरजी के हजारों जवान करीब सप्ताहभर का रसद सामान लेकर ऑपरेशन पर हैं। तेलंगाना की तरफ से मुलुगु का वेंकटपुरम, छत्तीसगढ़ से नम्बी, पुजारी कांकेर और उसूर नजदीक का इलाका है। यह इलाका नक्सली कमांडर हिड़मा और देवा के गृहगांव पूवर्ती से 20 से 30 किमी की दूरी पर ही है। पूवर्ती से आगे रायगुडेम तक सुरक्षाबलों का कैंप स्थापित कर लिया गया है। सूत्र बता रहे हैं कि पुजारी कांकेर और नम्बी से ही नक्सलियों का रसद सामान जाता था। पहले पूवर्ती से भी आवश्यकताओं की पूर्ति होती थी, लेकिन यहां तक फोर्स पहुंच चुकी है। उधर, तेलंगाना के वेंकटपुरम से भी नक्सली अपनी जरूरतें पूरी करते हैं।

# सुप्रीम कोर्ट में गोधरा कांड पर सुनवाई 6-7 मई को

### गुजरात सरकार ने हाईकोर्ट के फैसले को चुनौती दी है; दोषियों को फांसी की मांग

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में 6 और 7 मई को 2002 के गोधरा कांड मामले में गुजरात सरकार और दोषियों की याचिकाओं पर सुनवाई होगी। जस्टिस जे.के. माहेश्वरी और जस्टिस राजेश बिंदल की बेंच ने गुरुवार को इसकी जानकारी दी।

बेंच ने बताया कि वह 6 और 7 मई को अंतिम सुनवाई शुरू करेगा। पूरी सुनवाई में कम से कम दो हफ्ते का समय लगेगा। 6 और 7 मई को पूरे दिन सुनवाई होगी। इस दौरान किसी अन्य मामले पर तब तक सुनवाई नहीं होगी जब तक कि कोर्ट की तरफ से विशेष तौर पर नहीं कहा जाए। बेंच ने दोषियों में से एक की ओर से पेश वकील संजय हेगड़े से 3 मई तक अपनी दलीलों को कोर्ट में जमा करने का निर्देश दिया है। दलील में दोषी पर लगे आरोपों की लिस्ट, निचली अदालतों के फैसलों का ब्योरा देना है।

27 फरवरी 2002 में गुजरात के गोधरा स्टेशन पर साबरमती एक्सप्रेस के एस-6 डिब्बे में आग लगा दी गई थी। ट्रेन में अयोध्या से लौट रहे 59 तीर्थयात्रियों की मौत हो गई थी। गुजरात सरकार ने इस मामले में 11 दोषियों की फांसी की सजा को उम्रकैद में बदलने के हाईकोर्ट के फैसले को चुनौती दी है।

#### 31 दोषियों में 11 को फांसी की सजा मिली थी

**गोधरा कांड के बाद चले मुकदमों में करीब 9 साल बाद 31 लोगों को दोषी ठहराया गया था। 2011 में एसआईटी कोर्ट ने 11 दोषियों को फांसी और 20 को उम्रकैद की सजा सुनाई थी। बाद में अक्टूबर 2017 में गुजरात हाईकोर्ट ने 11 दोषियों की फांसी की सजा को भी उम्रकैद में बदल दिया था। गुजरात हाईकोर्ट ने फैसले को चुनौती देते हुए सुप्रीम कोर्ट में अपील दायर की हैं। गुजरात सरकार ने फरवरी 2023 में कहा था कि वह उन 11 दोषियों के लिए मृत्युदंड की मांग करेगी, जिनकी सजा को हाईकोर्ट ने उम्रकैद में बदल दिया था।**

## इसरो प्रमुख ने बताई प्लानिंग बोले- सैटेलाइट के रहते सीमाओं में परिंदा भी पर नहीं मार पाएगा

**श्रीहरिकोटा।** प्राकृतिक चुनौतियों से भरी भारत की सीमाओं की सुरक्षा मानवीय रूप से करना बहुत ही चुनौती पूर्ण काम है। ऐसे में इसरो चीफ ने हमारे सैनिकों के भार को कम करने के लिए आगामी तीन वर्षों का सीमा सुरक्षा से जुड़ा एक प्लान साझा किया है। उन्होंने बताया कि आने वाले तीन सालों में सीमा सुरक्षा और तटीय सुरक्षा को कड़ा करने के लिए सुरक्षा की दृष्टि से 100-150 उपग्रह और जोड़े जाएंगे। पहलगाम में हुए आतंकियों द्वारा किए गए हमले के बाद लोगों के मन में भारतीय सीमाओं की सुरक्षा को लेकर सवाल उठ रहे हैं तो ये तकनीक कारगर सावित हो सकती है। इसरो चीफ ने कहा कि हमें अपनी सीमाओं की सुरक्षा के लिए बहुत सारे उपग्रहों की आवश्यकता है, जितने हमारे पास हैं, वह पर्याप्त नहीं है। हमारा मानना है कि आगामी तीन सालों में हम करीब 100 से 150 उपग्रह इस काम में लगाएंगे। इस काम के जरिए देश की निगरानी में और भी ज्यादा सहूलियत होगी और हमारे सैनिकों का काम भी थोड़ा आसान होगा।एक कार्यक्रम में जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए हमले को लेकर सीमा सुरक्षा से जुड़े सवाल का जवाब देते हुए अंतरिक्ष विभाग के सचिव नारायणन ने कहा कि सीमा पर चुनौतियों को देखते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने अंतरिक्ष क्षेत्र में सुधार पेश करने का प्रस्ताव दिया था। इसके तहत हमने इस क्षेत्र में निजी खिलाड़ियों की भागीदारी को भी अनुमित दी है। फिलहाल भारतीय सीमाओं की रक्षा के लिए करीब 55 उपग्रह काम कर रहे हैं लेकिन हम एक ऐसे देश हैं जिसकी तटीय सीमा ही लगभग 7500 किलोमीटर है।

## » न्यूज कैप्सूल »

### नवागत पुलिस अधीक्षक ने ग्रहण किया जिले का कार्यभार

**महोबा।** देर रात्रि प्रबल प्रताप सिंह (ढ्ढक्क) ने महोबा के नवागत पुलिस अधीक्षक के रूप में पदभार ग्रहण किया। कार्यभार ग्रहण करने के पश्चात् पुलिस लाइन अवस्थित गेस्ट हॉउस में समस्त विभागीय अधिकारियों के साथ परिचयात्मक बैठक की, जिसमें उन्होंने जनपद महोबा की भौगोलिक, सामाजिक एवं कानून-व्यवस्था से संबंधित पृष्ठभूमि की जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर प्रबल प्रताप सिंह ने स्पष्ट किया कि जनता में कानून-व्यवस्था के प्रति विश्वास बनाए रखना उनकी प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि जनसुनवाई, अपराध पर नियंत्रण, एवं पुलिसिंग में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए वे प्रतिबद्ध हैं। पुलिस अधीक्षक महोबा ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनहित से जुड़े मामलों में त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए तथा आमजन की समस्याओं का समाधान संवेदनशीलता के साथ किया जाए।

इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह, क्षेत्राधिकारी नगर दीपक दुबे, आर.आई. शिवकुमार, वाचक सन्तोष कुमार दुबे, प्रभारी एलआईयू निरीक्षक राजीव कान्त, प्रधान लिपिक श्रीमती शशि तोमर, सीए जाकिर हुसैन, पीआरओ विषय देव बुन्देला, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर अर्जुन सिंह, प्रभारी स्वाट/सर्विलांश शिवप्रताप सिंह, रवि कुमार सिंह, सीआरके सुनील यादव सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे।

### विपिन गुप्ता बनें चरखारी बीडीओ

**चरखारी ( महोबा )।** विकास खण्ड चरखारी में रिक्त चले आ रहे खण्ड विकास अधिकारी पद पर गैर जनपद से स्थानान्तरित होकर आए विपिन गुप्ता ने कार्यभार ग्रहण किया है। बताते चलें कि खण्ड विकास अधिकारी पद पर अभी तक जिला विकास अधिकारी पंकज यादव प्रभारी के रूप में कार्य देखते आए हैं लेकिन हमीरपुर जनपद से स्थानान्तरण होकर आए श्री गुप्ता की तैनाती जिला अधिकारी महोबा के आदेश पर मुख्य विकास अधिकारी हरेंद्र कुमार सिंह ने चरखारी का खण्ड विकास अधिकारी नियुक्त किया है और श्री गुप्ता ने निवर्तमान खण्ड विकास अधिकारी से बीती शाम कार्यभार ग्रहण कर लिया है। कार्यभार ग्रहण किए जाने के दौरान एडीओ पंचायत राकेश त्रिपाठी एडीओ आईएसबी चेतराम वर्मा,एपीओ मनरेगा नीतेंद्र सिंह सेंगर, आदि मौजूद रहें।

### जरिया थाना क्षेत्र के बौखर गाँव में वाहन ख?ा करने को लेकर हुए विवाद के चलते पिता पुत्री ने युवक को पीटा, मुकदमा हुआ दर्ज।

**हमीरपुर।** जनपद में सरीला तहसील के जरिया थाना क्षेत्र के बौखर गांव में सड़क पर वाहन खड़ा करने को लेकर हुए विवाद के चलते दबंग व्यक्ति ने अपनी पुत्री के साथ मिलकर एक युवक के साथ गाली गलौज कर उसकी जमकर पिटाई कर दी। घटना के बाद पीि?त व्यक्ति ने जरिया थाने में लिखित तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया है। जरिया थाना क्षेत्र के बौखर गांव के निवासी खेमचंद पुत्र रघुनाथ ने जरिया थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि सोमवार की शाम करीब 5ः00 बजे अपने घर से खेत की ओर जा रहा था। बताया कि तभी उसी दौरान उसके पड़ोस में रहने वाले राजू नाम के एक व्यक्ति ने अपना ट्रैक्टर और मोटरसाइकिल को रास्ते पर खड़ा कर दिया। बताया कि जब उसने वाहनों को सड़क से हटाने के लिए कहा तो राजू ने उसके साथ गाली गलौज करते हुए अपनी पुत्री के साथ मिलकर उसकी पिटाई कर दी। बताया कि घटना के बाद उसने जरिया थाने में लिखित तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया है।

### अवैध शराब के साथ महिला को किया गिरफ्तार, मुकदमा हुआ दर्ज।

**हमीरपुर।** जनपद में सरीला तहसील के जलालपुर थाना क्षेत्र के कबूतर डेरा के पास जलालपुर थाना पुलिस की टीम ने मुखबिर की सूचना पर अवैध शराब के साथ एक महिला को गिरफ्तार कर लिया। जलालपुर थाना के प्रभारी इंस्पेक्टर ने जानकारी देते हुए बताया कि सोमवार सुबह करीब 11ः30 जलालपुर थाना की पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर जलालपुर थाना क्षेत्र के कबूतर डेरा के पास से कलीबाई पत्नी धन सिंह को 17 लीटर अवैध शराब के साथ गिरफ्तार किया है। बताया कि गिरफ्तार की गई महिला कली बाई के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई की गई है।

### अधेड़ ने फांसी लगाकर मौत का दामन थामा

**झांसी।** थाना लहचूरा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम शहपुरा खुर्द में एक अधेड़ व्यक्ति ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। इसकी सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया। विवरण के मुताविक लहचूरा थाना क्षेत्र के ग्राम शहपुरा खुर्द में विटोली अहिरवार परिवार समेत रहता था। गुरुवार को अप्रैल की रात्रि में गांव के नजदीक स्थित महुआ के पेड़ पर रस्सी के सहारे फांसी लगा ली। सुबह जब ग्रामीण अपने दैनिक कार्यों के लिए घरों से बाहर निकले, तो उन्होंने पेड़ पर विटोली का शव झूलता देखा। इस हृदयविदारक दृश्य को देखकर ग्रामीणों ने तुरंत इसकी सूचना मृतक के परिजनों को दी।

# नवागत जिलाधिकारी की अध्यक्षता में राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के अन्तर्गत बैठक संपन्न



**महोबा।** नवागत जिलाधिकारी गजल भारद्वाज की अध्यक्षता में राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद महोबा में टी ए एस (ट्रांसमिशन असेसमेंट सर्वे) की गतिविधि 01 मई 2025 से 20 मई 2025 तक संचालित की जाने के संदर्भ में अन्तर्विभागीय बैठक का आयोजन कलैक्ट्रेट सभागार में किया गया। टी ए एस का उद्देश्य जनपद में विभिन्न चरणों में चलाये गये एम0डी0ए0 (मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन) अभियान के प्रभाव का मूल्यान्कन एवं भविष्य में एम0डी0ए0 अभियान की आवश्यकता के निर्णय हेतु किया जाना है। टी ए एस की गतिविधि के दौरान चयनित स्कूल / कम्यूनिटि में 06 से 07 वर्ष के बच्चों में फाइलेरिया संक्रमण की जाँच की जानी है।

कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु जिलाधिकारी द्वारा संबन्धित विभाग अध्यक्षों को निर्देशित किया गया कि आपस में समन्वयय स्थापित करते हुये ससमय अपने निर्धारित दायत्वों का निर्वहन करते हुए टी ए एस अभियान को सफल बनाया जाना सुनिश्चित करें।

बैठक के दौरान मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ आशाराम द्वारा टी ए एस अभियान के विषय में विस्तृत चर्चा की गई एवं कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु अन्य विभागों के कार्य उत्तरदायित्व निर्धारण एवं समन्वय स्थापित करने को कहा गया। फाइलेरिया अभियान हेतु राज्य स्तर से आए डब्लू0एच0ओ0 प्रतिनिधि डा0 निशान्त ने टी ए एस अभियान के विष्य में विस्तर्त जानकारी दी।

बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त/राजस्व राम प्रकाश, अपर जिलाधिकारी न्यायिक शिशिर कुमार, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे मोईनुल इस्लाम, जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला कार्यकम अधिकारी, बेसिक शिक्षा अधिकारी, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी, जिला मलेरिया अधिकारी एवं अन्य अधिकारी गण उपस्थित रहे।

# नवागत डी एम ने कलैक्ट्रेट स्थित कार्यालयों का औचक निरीक्षण कर दिए निर्देश



**महोबा।** नवागत जिलाधिकारी गजल भारद्वाज ने आज कलैक्ट्रेट स्थित कार्यालयों का प्रातः 10.30 पर औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने चकबंदी कार्यालय, डूडा विभाग, खनिज विभाग, अभिलेखागार, जिला पूर्ति कार्यालय, संयुक्त कार्यालय आदि कार्यालयों का गहनता से निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि कार्यालयों में साफ सफाई रखी जाए तथा सभी कर्मचारी समय से कार्यालय में उपस्थित रहकर अपनी ड्यूटी को अंजाम दें। और आने वाले फरियादियों की शिकायत को गंभीरता पूर्वक सुना जाए तथा फरियादियों के साथ विनम्रता पूर्वक बर्ताव किया जाए।निरीक्षण के दौरान उन्होंने नाजिर कलेक्ट्रेट को निर्देशित करते हुए कहा कि अभिलेखागार में लाइट की समुचित व्यवस्था अतिशीघ्र कराई जाये।इस मौके पर अपर जिलाधिकारी वित्त/राजस्व राम प्रकाश, अपर जिलाधिकारी न्यायिक शिशिर कुमार, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे मोईनुल इस्लाम, डिप्टी कलेक्टर राजकुमार, स्टेनो सुशील भटनागर सहित अन्य अधिकारी/ कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# नवागत जिलाधिकारी ने जनपद महोबा का ग्रहण किया पदभार

### शासन की योजनाओं का लाभ प्रत्येक लाभार्थी तक पहुंचाना सर्वोच्च प्राथमिकता

### जनपद में हो रहे विभिन्न विकास कार्यों को गति के साथ पूर्ण कराया जाना प्राथमिकता रहेगी

### जनपद में पेयजल एवं विद्युत आपूर्ति पर दिया जाएगा विशेष ध्यान

**महोबा।** नवागत जिलाधिकारी गजल भारद्वाज ने कलेक्ट्रेट स्थित जिला कोषागार पहुंचकर अपना कार्यभार ग्रहण कर लिया। 2016 बैच की आई0ए0एस0 अधिकारी नवागत जिलाधिकारी इससे पूर्व सचिव उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के पद पर कार्यरत रह चुकीं है। जिला कोषागार में कार्यभार ग्रहण करने के उपरान्त उन्होंने जरूरी अभिलेखों पर हस्ताक्षर किया। नवागत जिलाधिकारी गजल भारद्वाज ने कार्यभार ग्रहण करने के उपरान्त अधिकारियों से कहा कि शासन के निर्देशों का पालन करते हुए आम जनमानस को दी जा रही सुविधाएं, लाभार्थियों तक शत प्रतिशत पहुंचाना प्राथमिकता रहेगी, इसके साथ ही जनपद में हो रहे विकास कार्यों को गति के साथ पूर्ण कराया जाएगा। जनपद में शत-प्रतिशत पेयजल आपूर्ति हेतु विशेष रूप से ध्यान दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री जी के निर्देश के क्रम में जनपद में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों को गति के साथ पूर्ण कराया जाना और जनपद के सभी लोगों के समन्वय से शासन की नीतियों का धरातल पर क्रियान्वित करने का कार्य किया जाएगा।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी हरेंद्र कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व राम प्रकाश, अपर जिलाधिकारी न्यायिक शिशिर कुमार, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे मोईनुल इस्लाम, उपजिलाधिकारी सदर जितेन्द्र कुमार सिंह, वरिष्ठ कोषाधिकारी देव कुमार यादव, डिप्टी कलेक्टर राजकुमार सहित सम्बन्धित अधिकारीगण मौजूद रहे।

# नवागंतुक एस पी ने पुलिस कार्यालय की समस्त शाखाओं का औचक निरीक्षण कर, दिए आवश्यक निर्देश



**महोबा।** नवागंतुक पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह द्वारा पुलिस कार्यालय, महोबा की समस्त शाखाओं का औचक निरीक्षण किया गया, निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा वाचक कार्यालय, प्रधानलिपिक शाखा, आंकिक शाखा, क्षेत्राधिकारी नगर कार्यालय, शिकायत प्रकोष्ठ, आईजीआरएस शाखा, सीसीटीएनएस शाखा, मॉनिटरिंग सेल, एल.आई.यू. शाखा सहित पुलिस अधीक्षक कार्यालय अवस्थित समस्त शाखाओं का औचक निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान नवागंतुक पुलिस अधीक्षक द्वारा सम्बन्धित शाखा की विभिन्न पत्रावलियों के रखरखाव, लम्बित प्रकरण सहित शाखा में साफ-सफाई का स्तर उच्च बनाये रखने एवं अभिलेखों को अद्यावधिक रखने हेतु निर्देशित किया गया, शाखाओं में नियुक्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निष्ठा, मेहनत, लगन व समर्पण की भावना से अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन करने के निर्देश दिए गए हैं । इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक महोबा वन्दना सिंह, वाचक पुलिस अधीक्षक सन्तोष कुमार दुबे, पीआरओ विषय देव बुन्देला, प्रभारी एलआईयू राजीव कान्त सहित पुलिस कार्यालय में नियुक्त समस्त शाखाओं के शाखा प्रभारी एवं सम्बन्धित कर्मचारीगण उपस्थित रहे ।

### 30 अप्रैल तक ऑनलाईन होंगे पॉलिटेक्निक प्रवेश परीक्षा फार्म

**चरखारी ( महोबा )।** राजकीय महिला पॉलिटेक्निक में प्रवेश हेतु ऑनलाईन 30 अप्रैल तक होगें तथा प्रवेश परीक्षा 20 मई सें 28 मई तक सम्पन्न करायी जाएगी। उक्त आशय की जानकारी देते हुए महिला पॉलिटेक्निक के प्रधानाचार्य इंजी0 रवि कुमार ने बताया कि राजकीय महिला पॉलिटेक्निक सहित प्रदेश के सभी पॉलिटेक्निक में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया चल रही है जिसमें आवेदन करने की अंतिम तिथि 30 अप्रैल है। उन्होंने बताया कि महिला पॉलिटेक्निक चरखारी में छात्राओं के लिए संचालित डिप्लोमा इन आइ.टी.आई. एवं इलेक्ट्रोनिक में प्रवेश हेतु छात्राएं संयुक्त प्रवेश परीक्षा आनलाईन आवेदन कर परीक्षा में प्रतिभाग कर सकती हैं। प्रधानाचार्य ने बताया कि परीक्षा 20 मई 28 मई को होगी तथा परिणाम आने के उपरान्त काउंसलिंग के माध्यम से छात्राएं संस्था मे प्रवेश ले सकती हैं।

# दबंगों ने घर में घुसकर दम्पत्ति के साथ की जमकर मारपीट, वीडियो हुआ वायरल, मुकदमा हुआ दर्ज




**हमीरपुर।** जनपद में राठ कस्बे के जुगियाना इलाके में मकान का किराया मांगने को लेकर हुए विवाद के चलते दबंगों ने घर में घुसकर दम्पत्ति के साथ गाली गलौज कर उनकी जमकर पिटाई कर दी। मारपीट की घटना वीडियो भी प्रकाश में आया है। घटना के बाद पीि?त दम्पत्ति ने राठ कोतवाली में लिखित तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया है।

राठ कस्बे के जुगियाना इलाके की निवासी महिला विनीता पत्नी रविन्द्र विश्कर्मा ने राठ कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि वह अपने पति के साथ रात कस्बे की जुगियाना इलाके में स्थित अभिमन्यु के मकान में रहती है। बताया कि रविवार को दबंग सौमांशु पुत्र विजय जबरन उसके पति से मकान का किराया मांगने लगा। लेकिन उसके पति ने किराया देने से मना कर दिया। जिसके बाद रविवार की शाम करीब 6 बजे सोनू , नारायण, बृज बिहारी और दीपक राजपूत निवासी ग्राम जखा जनपद महोबा उसके घर पर आए और सौमांशु की बात ना मानने की सूरत में अंजाम भुगतने की धमकी देते हुए उसके पति के साथ मारपीट करने लगे। बताया कि जब उसने अपने पति को बचाने का प्रयास किया तो उक्त दबंगों ने उसके साथ भी मारपीट कर दी। बताया कि जब उसके पति ने घर के अंदर घुसकर अपने आप को बचाने का प्रयास किया तो दबंगों ने घर के अंदर घुसकर भी उसके पति को पीट कर घायल कर दिया। बताया कि मारपीट की घटना का वीडियो भी वायरल हो रहा है। बताया कि उसने राठ कोतवाली में लिखित तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया है। मामले में राठ कोतवाली के प्रभारी इंस्पेक्टर ने बताया कि पीड़ित महिला की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है तथा आवश्यक कार्रवाई कराई जा रही है।

# मामूली विवाद के चलते दबंगों ने चाचा भतीजे के साथ की जमकर मारपीट कोतवाली में दी तहरीर



**हमीरपुर।** जनपद में राठ कोतवाली क्षेत्र के बरदा गांव में मामूली विवाद के चलते दबंगों ने घर में घुसकर चाचा और भतीजे के साथ गाली गलौज करते हुए उनकी जमकर पिटाई कर दी। घटना के बाद पीड़ित व्यक्ति ने राठ कोतवाली में लिखित तहरीर देकर कार्रवाई की गुहार लगाई है। राठ कोतवाली क्षेत्र के बरदा गांव के निवासी हरी बाबू पुत्र फूल सिंह ने गुरुवार दोपहर करीब 2ः30 बजे राठ कोतवाली में घटना की लिखित तहरीर देकर बताया कि बुधवार की रात करीब 11ः30 बजे मामूली बात विवाद के चलते गांव के ही दो दबंग युवकों ने उसके घर में घुसकर उसके साथ गाली गलौज कर मारपीट शुरू कर दी। बताया कि उसके साथ मारपीट होती देखकर जब उसका भतीजा ओम प्रकाश उसे बचाने के लिए आया तो उक्त दबंगों ने उसके भतीजे ओमप्रकाश के साथ भी मारपीट कर दी। बताया कि दबंगों के द्वारा की गई मारपीट से उसे और उसके भतीजे को चोटें आई हैं। बताया कि उसने राठ कोतवाली में लिखित तहरीर देकर कार्रवाई की गुहार लगाई है। मामले में राठ कोतवाली पुलिस के द्वारा आवश्यक कार्रवाई कराई जा रही है।

# सरकार ने पंचायती राज व्यवस्था को सशक्त व आधुनिक बनाकर गांवों के विकास को दी नई दिशा जे पी अनुरागी




**महोबा।** जिला पंचायत अध्यक्ष जय प्रकाश अनुरागी की अध्यक्षता में राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के अवसर पर जिला पंचायत सभागर में कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमे एल ई डी के माध्यम से मोदी जी का सजीव प्रसारण देखा गया।

जिला पंचायत अध्यक्ष जय प्रकाश अनुरागी ने कहा कि मोदी जी एवम योगी जी के नेतृत्व में भाजपा सरकार ने गरीब व किसान कल्याण को समर्पित अपनी नीतियों से पंचायती राज व्यवस्था को सशक्त व आधुनिक बनाकर गांवों के सामाजिक व आर्थिक विकास को नई दिशा दी है। उन्होने कहा कि आइए इस अवसर पर हम ग्रामीण भारत को विकसित कर ग्राम स्वराज से राष्ट्र निर्माण करें।

कार्यक्रम के उपरांत पहलगाम में आतंकी हमले में दिवंगतों की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन धारण कर दिवंगतों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करते हुए आतंकी हमले की घोर निंदा की ।

इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य तेजा शिवहरे, प्राण सिंह यादव, मृतुंजय प्रताप (शनि) बलवान सेन, बेटू महाराज सहित जिला पंचायत के समस्त अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

» न्यूज कैप्सूल »

## उप जिलाधिकारी ने छात्र को प्रवेश देने के दिए निर्देश

**मऊरानीपुर।** बाल शिक्षा अधिकार के तहत दुर्बल वर्ग के बच्चों को ऑनलाइन प्रवेश के लिए तृतीय चरण में किए गए आवेदन में लॉटरी में चयनित अभ्यर्थी मधुर पटेल निवासी ग्राम गढ़वा को संत मेरिज एस .आर सेकेंडरी स्कूल मऊरानीपुर में चयनित किया गया था लेकिन विद्यालय प्रशासन द्वारा प्रवेश न देने पर छात्र के पिता वीरेंद्र पटेल ने इसकी शिकायत उपजिलाधिकारी से की तो उन्होंने विद्यालय के प्रधानाचार्य को चार दिन के अंदर छात्र को प्रवेश देने के निर्देश दिए।

## हिंदू संगठनों ने पाकिस्तान का पुतला फूका

**मऊरानीपुर।** जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में 27 हिंदू पर्यटकों की मृत्यु से आक्रोशित हिंदू संगठनों ने महारानी लक्ष्मीबाई चौराहे पर पाकिस्तान एवं आतंकवाद का पुतला दहन के दौरान पाकिस्तान के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई इस मौके पर मोहित कुशवाहा रोहित विजय नामदेव आकाश सेन कार्तिक शर्मा योगी नामदेव रानू खरे अमित कुशवाहा रवि राहुल श्रीवास आदर्श मनोज पंकज सहित आदि लोग उपस्थित रहे।

## ट्रेन से कट कर युवक की मौत

**मऊरानीपुर।** विगत रात्रि 8ः00 बजे ग्राम रास पहाड़िया के पास झांसी की ओर से आ रही पैसेंजर ट्रेन से कटकर एक युवक की मौत हो गई रेलवे ने घटना की सूचना पुलिस को दी जानकारी के अनुसार मऊरानीपुर के रेलवे स्टेशन अधीक्षक ने बताया कि रानीपुर रोड खंड 1189 किमी 31- 29 के बीच ग्राम धायपुरा निवासी साबिर खां पुत्र मान खां अपने नाना के साथ ग्राम रास पहाड़िया में रहता था और रात्रि में वहां से गुजर रही ट्रेन की चपेट में आने से उसकी मौत हो गई।

## युवती ने खाया जहर

**मऊरानीपुर।** जहरीले पदार्थ के सेवन से एक युवती की हालत बिगड़ गई जानकारी के अनुसार भारती पुत्री वीरेंद्र कुशवाहा निवासी ग्राम भानपुरा को गंभीर अवस्था में समुदाय स्वास्थ्य केंद्र पर लाया गया बताया गया कि जहरीले पदार्थ के सेवन से हालात बिगड़ गई प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने मेडिकल कॉलेज भेज दिया।

## सीढियों से बालिका गिरी

**मऊरानीपुर।** सीढियों से गिरकर एक मासूम बालिका गंभीर रूप से घायल हो गई जानकारी के अनुसार माया पुत्री दीपक निवासी ग्राम मेंलोनी को गंभीर रूप से घायल अवस्था में समुदाय स्वास्थ्य केंद्र पर लाया गया बताया गया कि सीढियों से गिरकर घायल हो गई प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने मेडिकल कॉलेज भेज दिया।

## आग से बालिका झुलसी

**मऊरानीपुर।** आग से एक बालिका गंभीर रूप से झुलस गई जानकारी के अनुसार सोनाक्षी पुत्र पुष्पेंद्र निवासी पुरानी बैलाई मऊरानीपुर को झुलसी हुई अवस्था में समुदाय स्वास्थ्य केंद्र पर लाया गया बताया गया कि आग से गंभीर रूप से झुलस गई।

## घर में घुसकर किशोरी के साथ अश्लील हरकतें करने का मामला दर्ज

**मऊरानीपुर।** रात्रि के समय घर में घुसकर किशोरी के साथ एक युवक ने छेड़छाड़ कर देने का मामला पुलिस ने दर्ज कर लिया जानकारी के अनुसार क्षेत्र के एक गांव निवासी किशोरी ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि 21 अप्रैल को वह अपने घर में सो रही थी और माता-पिता शादी में गुरसरांय गए थे रात्रि के 12ः00 बजे गांव का ही आरिफ खान दीवार पर चढ़कर मेरे घर में घुस आया और मेरे साथ छेड़छाड़ कर अश्लील हरकतें करने लगा चिल्लाने पर आंगन में सो रहे दादा दादी जाग गए और उनके ललकारने पर जान से मारने की धमकी देकर भाग गया पुलिस ने उक्त आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया।

## 60 हजार की आबादी वाले पुलिस चौकी में नहीं है महिला सिपाही

**मऊरानीपुर।** पुलिस चौकी रानीपुर बिना महिला सिपाही के चल रही है जबकि इस रिपोर्टिंग पुलिस चौकी क्षेत्र के जहां नगर पंचायत के 14 वार्ड आते हैं वहीं क्षेत्र के एक दर्जन ग्राम पंचायतें ,तमाम मजरा भी चौकी से जुड़े हैं और रानीपुर पुलिस चौकी का क्षेत्रफल किसी थाने से कम नहीं है।

# सभी अभिभावक अपने 10 वर्ष व 16 वर्ष के बच्चों को टीडी का टीका अवश्य लगवाएं: सीएमओ

### विश्व टीकाकरण सप्ताह के अंतर्गत चलाए जा रहा है टिटनेस डिप्थीरिया अभियान

### स्कूल आधारित टीडी टीकाकरण अभियान का किया गया शुभारंभ

### जनपद के कक्षा 5 व कक्षा 10 के विद्यार्थियों को स्कूल में लगाया जाएगा टीडी का टीका

**झांसी।** प्रत्येक वर्ष 24 अप्रैल से 30 अप्रैल के मध्य विश्व टीकाकरण सप्ताह मनाया जाता है। जनपद में नियमित टीकाकरण कार्यक्रम के अंतर्गत सभी बच्चों को प्रतिरक्षित किए जाने हेतु प्राथमिकता के आधार पर विशेष प्रयास किए जाते हैं। वर्तमान में डिप्थीरिया के बढ़ते हुए केसों के दृष्टिगत प्रदेश सरकार की ओर से विश्व टीकाकरण सप्ताह के दौरान स्कूल आधारित टीडी टीकाकरण अभियान का शुभारंभ मुख्य चिकित्सा अधिकारी झांसी डॉ सुधाकर पांडेय द्वारा राजकीय हाईस्कूल भोजला में किया गया।

शुभारंभ के अवसर पर सीएमओ झांसी ने बताया कि 24 अप्रैल से 10 मई 2025 के मध्य स्कूल आधारित टीकाकरण अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक एवं जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी के साथ समन्वय कर छूटे हुए बच्चों के लिए स्कूल आधारित टीकाकरण की कार्य योजना तैयार की गई है। अभियान में सभी स्कूलों में टीडी 10 (कक्षा 5, के 10 वर्ष आयु के छूटे हुए बच्चे) तथा टीडी 16 (कक्षा 10, के 16 वर्ष आयु के छूटे हुए बच्चे)का टीकाकरण किया जा रहा है। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ रवि शंकर ने बताया कि जनपद में अनुमानित छूटे हुए टीडी 10 हेतु 10040 तथा टीडी 16 हेतु 8281 बच्चों का लक्ष्य रखा गया है। प्रत्येक एएनएम अपने-अपने उपकेंद्र क्षेत्र के सभी स्कूलों एवं मदरसों को सूचीबद्ध कर कार्ययोजना के अनुसार बच्चों को आच्छादित करते हुए टीडी का टीका लगाएंगी। मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं जिला प्रतिरक्षण अधिकारी ने सभी अभिभावकों से अपील की है कि नियमित टीकाकरण के अंतर्गत टीडी-10 व टीडी-16 से छूटे हुए बच्चों को टीडी का टीका अवश्य लगवाएं, जिससे बच्चों में टिटनेस एवं डिप्थीरिया की बीमारी से बचाव किया जा सके।

इस अवसर पर जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ रविशंकर, उप जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ अंशुमान तिवारी, अधीक्षक बड़ागांव डॉ वैभव पुरोहित, पीएचसी भोजला प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ रेखा राजपूत, स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी डॉ विजय शुक्ला, यूनिसेफ से आदित्य जायसवाल, यूएनडीपी से चंद्रभूषण, गौरव वर्मा, एआरओ दिवेश सिंह, बीसीपीएम सुनील कुमार, प्रधानाचार्य अशोक चौधरी, एएनएम श्रीमती आभा तिवारी सहित विद्यालय के शिक्षक व छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## पहलगाम जम्मू कश्मीर में हुए आतंकी हमले में पर्यटकों के आकस्मिक निधन पर शोक सभा

**मऊरानीपुर।** श्री लक्ष्मण दास दमेले इंटर कॉलेज मऊरानीपुर के प्रधानाचार्य शिक्षकों , शिक्षिकाओं , शिक्षणेत्तर कर्मचारियों एवं छात्रों द्वारा पहलगाम जम्मू कश्मीर में हुए आतंकी हमले में पर्यटकों के आकस्मिक निधन पर शोक संवेदना व्यक्त की गई और ईश्वर से प्रार्थना की गई कि दिवंगत आत्माओं को चिर शांति एवं शोक संतप्त परिवारों को धैर्य करने की क्षमता प्रदान करें शोक सभा में विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री सुनील कुमार गुप्ता एवं शिक्षकों में बाबूराम संतोष कुमार मिश्रा श्रीमती निर्मला भारती शिवकुमार खरे रघुराईराम सतीश कुमार तिवारी अरुण कुमार पाठक जगमोहन भौडेले श्रीमती विनोद कुमारी अग्निहोत्री नवीन कुमार बृजेश कुमार कौशिक बालकृष्ण वर्मा अशोक खरे लवलेश कुमार संतोष कुमार वर्मा लक्ष्मीकांत आर्य राकेश कुमार सराफा सुरेश कुमार विजय कुमार गुप्ता बालकृष्ण कुशवाहा विजय कुमार नामदेव महेंद्र सिंह यादव संतोष कुमार गुप्ता राम प्रकाश जय सिंह पटेल दीपक कुशवाहा अग्रवाल सुनील राय रामप्रताप कुशवाहा संजीव कुमार संदीप कुमार सक्सेना लकी गुप्ता शिवम राजपूत श्रीमती प्रियंका डॉक्टर हरकिशन अक्षय रावत श्रीमती सोमिता सेन प्रियांक पहारिया सत्येंद्र कुमार गुप्ता अरविंद पटेल शिवनारायण यादव शिवम शर्मा शिक्षणेत्तर एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों में अनिल कुमार गुप्ता शिवम राजपूत (बाबू) रामविलास शर्मा पुष्पेंद्र कुमार कृष्ण कुमार ओमकार राजेंद्र कुमार धर्मेंद्र कुमार भुवनेश कुमार प्रशांत कैलाश श्रीवास अशोक सोनी आशीष कुमार मुकेश राजपूत आदि उपस्थित रहे।

# भागवत कथा का तीसरा दिन , कथा ब्यास बोली-मानव जीवन का मोल पहचानें



**उरई।** राष्ट्र चेतना सेवा न्यास की ओर से जीआईसी ग्राउंड में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन गुरुवार को कथा व्यास पूज्या देवी महेशवरी卐श्रीजी卐 ने कहा कि भागवत की कथा विचार, वैराग्य, ज्ञान और हरि से मिलने का मार्ग बता देती है। समाज के द्वारा बनाए गए नियम गलत हो सकते हैं किंतु भगवान के नियम ना तो गलत हो सकते हैं और न ही बदले जा सकते हैं। कथा व्यास ने कहा कि किसी व्यक्ति को यह पता चले कि उसकी मृत्यु सातवें दिन हो जाएगी तो वो क्या करेगा, क्या सोचेगा? राजा परीक्षित ने यह जान कर उसी क्षण अपना महल छोड़ दिया। मृत्यु तो निश्चित है पर कब होगी, ये किसी को भी नहीं पता। तो ऐसे में आप जीवित रहते हुए अपने समय को क्यों बर्बाद करते हैं? कथा व्यास ने कहा कि मानव जीवन का मोल पहचानें और इसको प्रभु के चरणों में सौंप दें। इसी से निश्चित ही कल्याण होगा। भगवान अपने बारे में मानव से हुई भूल को तो भुला सकते हैं लेकिन संतों को लेकर की गई भूल के दुष्परिणाम से वह भी नहीं बचाते। कहा कि भगवान मानव को जन्म देने से पहले कहते हैं ऐसा कर्म करना जिससे दुबारा जन्म ना लेना पड़े। मानव मुट्ठी बंद करके यह संकल्प दोहराते हुए इस पृथ्वी पर जन्म लेता है। प्रभु भागवत कथा के माध्यम से मानव का यह संकल्प याद दिलाते रहते हैं। भागवत सुनने वालों का भगवान हमेशा कल्याण करते हैं। भागवत में कहा गया है जो भगवान को प्रिय हो वही करो, हमेशा भगवान से मिलने का उद्देश्य बना लो। जो प्रभु का मार्ग हो उसे अपना लो, इस संसार में जन्म-मरण से मुक्ति भगवान की कथा ही दिला सकती है। इस दौरान परीक्षित तारा देवी पत्नी करन सिंह राजपूत, सयोंजक आशीष मिश्रा चमारी, जिला पंचायत अध्यक्ष घनश्याम अनुरागी, जिलाध्यक्ष उर्विजा दीक्षित, अभिनेंद्र चतुर्वेदी, डॉक्टर केशव, रूपेश चतुर्वेदी, रमाकांत त्रिपाठी आदि लोग मौजूद रहे।

## प्रेमिका से मिलने आए प्रेमी पर हुआ जानलेवा हमला

**उरई।** गोहन थाना क्षेत्र के ग्राम रसूलपुर में हजारों किलोमीटर से चलकर प्रेमिका से मिलने आए प्रेमी पर युवती के परिजनों ने जानलेवा हमला कर दिया। जिसे पुलिस ने उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज पहुंचाया।

गोहन थाना क्षेत्र के ग्राम अजीतापुर निवासी मंजूर खां के पुत्र 23 वर्षीय दस्तवीर नट का ग्राम रसूलपुर निवासी इकबाल खां की पुत्री 20 वर्षीय चांदनी से कई महीनों से प्रेम प्रसंग चल रहा था। दस्तवीर के पिता मंजूर खान की दिमागी हालत ठीक न होने की वजह से मुंबई में रहकर परिवार का भरण-पोषण करता था।गुरुवार की सुबह दस्तवीर युवती से मिलने के लिए रसूलपुर गया था। तभी किसी बात को लेकर युवती व उसके बीच कहासुनी हो गई। इसी बीच युवक ने गले में चाकू मार लिया जिससे वह लहूलुहान हो गया। इसके बाद युवती के घर वालों ने युवक के स्वजन व पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को इलाज के लिए मेडिकल कालेज भेजा। पुलिस ने युवती के घर से एक व्यक्ति को हिरासत में लिया है।हालांकि युवती ने बताया कि उसकी शादी तय हो गई थी। इस कारण उससे वह नाराज हो रहा था। इसी बात को लेकर उसने गर्दन में चाकू मार ली। जिससे वह घायल हो गया। वही ग्रामीणों के अनुसार दोनों लोगों में काफी समय से प्रेम प्रसंग चल रहा था। जिसके चलते युवक सीधा मुंबई से चलकर रसूलपुर अपनी प्रेमिका से मिलने उसके घर पहुंचा था। जिसे देखकर आग बबूला हुए युवती के परजनों ने उस पर जानलेवा हमला कर दिया। मामले में गोहन थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि एक व्यक्ति को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है। युवती ने बयान में बताया कि युवक ने खुद चाकू मारी है। अभी कोई तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलते ही जांचकर कार्रवाई की जाएगी।

## अज्ञात वाहन ने बाइक में मारी टक्कर, युवक की मौत

**उरई।** एट थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने सोमई के पास बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में बाइक चालक की मौत हो गई।

जिला झांसी के कस्बा समथर निवासी अभिषेक व्यास 31 वर्ष एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए बाइक से उरई जा रहा था।परिजनों के अनुसार रात को वह घर से निकला था और जैसे ही उसकी बाइक झांसी कानपुर हाईवे पर ग्राम सोमई-एट के पास पहुंची। तभी पीछे से अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे के बाद वहां से निकल रहे राहगीरो ने उसे सड़क पर पड़ा देखा और मामले की सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे उपचार के लिए एट पीएचसी पहुंचाया। जहां पर जांच पड़ताल के बाद चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं पुलिस ने शव को कब्जे में लिया और युवक की जेब से मिले मोबाइल से उसके परिजनों को सूचना दी। मृतक के भाई आशीष व्यास ने बताया कि बबीना जिला झांसी में बंधन बैंक में उनके भाई मैनेजर थे। जिनके पत्नी गायत्री व एक बच्ची है। थाना प्रभारी निरीक्षक लोकेंद्र सिंह ने बताया कि शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। घटना को अंजाम देने वाले वाहन की तलाश शुरू कर दी गई है। तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

## गेहूं के अवशेषों में लगी आग से एक दर्जन परिवारों की ग्रहस्थी जलकर हुई तबाह

**उरई।** कोटरा थाना क्षेत्र के ग्राम पुर के पड़ुआ मौजे में गेहूं के अवशेषों में लगी आग से पास के कई मकान जलकर पूरी तरह तबाह हो गए। कोटरा थाना क्षेत्र के ग्राम पुर के पड़ुआ मौजे में बड़ी माता मन्दिर से विनौरा जाने वाले रास्ते के खेतों में खड़े गेहूं के अवशेषों में आग लग गई। देखते देखते आग ने विकराल रूप ले लिया और हवाओं का साथ मिलते ही आग आसपास के मकानों तक पहुंच गई। घटना से गांव में अफरातफरी मच गई और ग्रामीणों ने खबर दमकल कर्मियों को दी। जब तक फायर बिग्रेड की गाड़ियां पहुंची तब तक आग खेतों से होती हुई जंगलों में प्रवेश कर चुकी थी। बड़ी मुश्किल से फायर बिग्रेड और ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया गया। इसी बीच बड़ी माता मन्दिर के पास बने महेश खंगार, पुष्पेंद्र, गोविंद,राजेंद्र, अखलेश, आशाराम, कल्लू सोनी, कोटेदार, विक्रम मदन सहित एक दर्जन से अधिक मकान जल गए। जिनमें रखा ग्रहस्थी सहित अन्य सामान जलकर खाक हो गया। बल्कि पास ही में रखा विद्युत ट्रांसफार्मर भी बुरी तरह जल गया। ग्राम प्रधान देवेन्द्र सिंह ने तत्परता दिखाते हुए तुरन्त पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंचे थानाध्यक्ष विमलेश कुमार ने कंट्रोल रूम सहित अपने अधीनस्थों को सूचना दी। जिस पर सीओ अर्चना सिंह, एसडीएम नेहा व्याडवाल ने नायब तहसीलदार लेखपाल को क्षति आंकलन हेतु आदेशित किया।

## आज से होगा गैबू शाह बाबा का उर्स, नामचीन कव्वाल बिखेरेंगे जलवा



**उरई।** हिंदू मुस्लिम एकता की मिशाल हजरत गैबू शाह बाबा रह अलैह का 31 वां उर्स मुबारक में देश के नामचीन कव्वाल तशरीफ लगाएंगे, और अपने फन का जादू बिखेरेंगे। जिसकी तैयारिया पूरी कर लीं गई है। यह बात उर्स कमेटी के अध्यक्ष इरशाद अहमद उर्फ टिंकू शताब्दी ने गणेशगंज स्थित अपने आवास पर कही।

उन्होंने कहा कि उर्स मुबार? के पहले दिन आज शुक्रवार की देर शाम देश की मशहूर फनकारा नुशरत खानम मुंबई और फनकार गुलाम बारिस गया बिहार के बीच शानदार मुकाबला होगा। इससे पहले दोपहर लगभग तीन बजे शहर के करसान रोड से बाबा के उर्स मुबारक की चादर व गागर उठाई जाएंगी। जो जेल रोड होकर अम्बेडकर चौराहा पहुंचेगी। इसके बाद शहीद भगत सिंह चौराहे से घंटाघर, माहिल तालाब, खोयामंडी व बजारिया रोड पूर्व मंत्री अकबर अली वाली गली से बाबा गैबू शाह के अस्ताने पर पेश करके मुल्क की सलामती की दुआ की जाएगी।वही दूसरे दिन शनिवार को फनकार आरिफ नाजा मुंबई और छोटा चाँद कादरी तशरीफ लाएंगे, और अपने फन का मुजहरा करेंगे। जिसकी तैयारिया पूरी कर ली गई है। इस दौरान जब्बार अंसारी, नौसे खान, रईस खान, सोनू खान, अनीस मामू, नाजिम खान, काजी उवेद उल्ला, का?म खान, कल्लू कुरैशी, राज गोवा, शोहेल खान, मुख्तार माइकल, पप्पू सुनार आदि लोग मौजूद रहे।

## झांसी से लौट रहे युवक की ट्रेन से गिरकर मौत

**उरई।** एट थाना क्षेत्र में भुआ-कपासी के पास ट्रेन से गिरकर युवक की मौत हो गई।

चुर्खी कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बाबई निवासी जितेंद्र कुमार दोहरे 37 वर्ष कई दिनों से बीमार चल रहा था।बताया गया कि उसे बुखार आ रहा था, लेकिन काफी इलाज कराने के बाद भी आराम नहीं मिलने से वह झांसी दवा लेने के लिए चला गया था। वहां से वह ट्रेन से वापस आ रहा था। इसी दौरान रात में भुआ-कपासी के बी खंभा नंबर 1231 के पास ट्रेन से गिर गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सुबह सात बजे जब गार्ड ने उसका शव देखा तो पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंचे हल्का इंचार्ज मूलचंद्र यादव ने शव के पास मिले कागजात व मोबाइल के आधार पर परिजनों को सूचना दी।पिता मंगली प्रसाद दोहरे ने बताया कि जितेंद्र की पांच लड़कियां थी और पत्नी शील कुमारी का रो-रोकर बुरा हाल है। हल्का इंचार्ज ने शव का पंचनामा भर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# डॉ आंबेडकर भारत ही नही दुनिया के चमकते सितारे: साध्वी

### दलित समाज को भाजपा ने दिया उनका हक और सम्मान

### भाजपा ने डॉ अंबेडकर जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित की गोष्ठी

**झांसी।** डॉ आंबेडकर भारत ही नहीं दुनिया के चमकते हुए सितारे हैं। भाजपा की डबल इंजन सरकार डॉ आंबेडकर के सपनों को साकार कर रही है। यह बातें गुरुवार को पूर्व केंद्रीय मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री भानु प्रताप वर्मा , भाजपा जिलाध्यक्ष हेमन्त परिहार की अध्यक्षता में आयोजित संगोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा कांग्रेस ने भारत रत्न तक नहीं दिया।

भाजपा सरकार आने पर डॉ आंबेडकर को भारत रत्न मिला। संसद के सेंट्रल हाल में उनका चित्र स्थापित किया। भाजपा ने दलित समाज को उनका हक और सम्मान देने का काम किया है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से भाजपा द्वारा डॉ आंबेडकर के सम्मान और दलित समाज के उत्थान के लिए किए गए कार्यों को जन- जन के बीच पहुंचाने का आवाह्न किया।

वही पूर्व केंद्रीय मंत्री भानु प्रताप वर्मा ने विस्तार से उनके जीवन वृत्त पर चर्चा की। कहा उनके आदर्श, संघर्ष व योगदान भारत के लोगों को हमेशा प्रेरणा देते रहेंगे। यह भी कहा भारतरत्न डॉ. आम्बेडकर दुनिया के हर पीड़ित,शोषित की आवाज थे। कांग्रेस ने डॉ आंबेडकर को अपमानित करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी।

भाजपा जिलाध्यक्ष हेमन्त परिहार ने कहा कार्यकर्ता विपक्ष के भ्रम व झूठ फैलाने का तथ्यों के साथ पर्दाफाश करे। उन्होंने कहा कि बाबा साहब ने दलितों से होने वाले सामाजिक भेदभाव के विरुद्ध अभियान चलाया था। डॉक्टर अंबेडकर एक बुद्धिमान संविधान विशेषज्ञ थे, उन्होंने लगभग 60 देशों के संविधानों का अध्ययन किया था उनको भारत के संविधान का पिता कहा जाता है। उन्होंने हमेशा हर घर के बच्चों को शिक्षित बनने पर जोर दिया।

संगोष्ठी में उपस्थित राष्ट्रीय मंत्री किसान मोर्चा रामनरेश तिवारी,पूर्व जिला अध्यक्ष संतोष सोनी , पूर्व प्रदीप सराओगी, कपिल बसैनिया, जीतू तोमर, निर्मल कुशवाहा, रवि पाल उमाशंकर राय ,राहुल करली ,धर्म करोसिया, नंदू अहिरबार, संजय वाल्मीक संजय आनंद गोपी, डोगरे आशीष चौकसे, अनिल अहिरबार, कृष्णा वर्मा, देवेंद्र श्रीवाश, हनी, मुदित साहू, सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित रहे कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन जिला अध्यक्ष भाजपा अनुसूचित मोर्चा कपिल बरसेनिया ने किया एवं आभार जिला उपाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी करुणेश वाजपेई ने किया।

## व्यापारियों ने किया टोल अधिकारियों का घेराव

**झांसी।** ग्राम रक्सा में लगभग एक वर्ष पूर्व हाइवे पर एनएचएआई द्वारा लाइट लगाई गई थी। उपरोक्त लाइट आज तक नहीं जली एवं सड़क की खस्ता हालत को लेकर ग्राम रक्सा के व्यापारियों ने ग्रामवासियों के साथ टोल अधिकारियों का घेराव किया। ग्राम रक्सा के व्यापारियों एवं लोगों का आरोप है कि कोई नेता या अधिकारी रक्सा आता है तो हाइवे पर लगी लाइट जला दी जाती है उसके बाद बंद करदी जाती है।

## युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**उरई।** कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला वालमभट्ट में युवक ने अज्ञात कारणों के चलते देर रात घर के कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। नगर के मोहल्ला वालमभट्ट सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल के पास रहने वाले मोहित द्विवेदी 30 वर्ष ने बुधवार देर रात अपने ही घर मे फांसी लगा ली। गुरुवार सुबह परिजनों ने जब देर तक कमरे से कोई आवाज न आने पर दरवाजा खटखटाया और कोई जवाब नहीं मिला, तो दरवाजा तोड़कर अंदर गए। जहां युवक का शव फंदे पर लटक रहा था। शव को फंदे पर लटका देख परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच पड़ताल शुरू कर दी। पड़ोसियों और मित्रों के मुताबिक वे कुछ दिनों से मानसिक रूप से परेशान से लग रहे थे। लेकिन किसी को यह अंदेशा नहीं था कि वे इतना बड़ा कदम उठा लेंगे।पुलिस का कहना है कि अभी तक आत्महत्या के पीछे का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है न तो कोई सुसाइड नोट बरामद हुआ है और न ही परिजनों द्वारा किसी प्रकार की कोई ठोस जानकारी दी गई है। फिलहाल शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और सभी संभावित पहलुओं की गहनता से जांच कर रही है।

संपादकीय

# चीन का कल्पना लोक से हकीकत तक, 10जी का सफर

चीन ने एक बार फिर सारी दुनिया को तकनीक के क्षेत्र में आश्चर्यचकित कर दिया है। वैश्विक टेक्नोलॉजी को लेकर दुनिया के विकसित एवं विकासशील देश अभी 6त तकनीकी पर शोध कर रहे हैं। चीन ने इस बीच 10जी लॉन्च कर दिया है। भारत अभी 5त के शुरुआती दौर में हैं। भारत में अभी भी 3त और 4त नेटवर्क में ही काम चल रहा है। गांव-गांव में अभी तक इंटरनेट का नेटवर्क ही नहीं पहुंच पाया है। इसी चीन ने 10 त नेटवर्क को वास्तविकता मे बदल दिया है। यह उपलब्धि किसी चमत्कार से कम नही है। इस चमत्कार के बल पर चीन को दुनिया का विश्व गुरु बनने से अब उसे कोई नहीं रोक सकता है। चीन का यह चमत्कार वैश्विक -शक्ति संतुलन को प्रभावित करने वाला है। चीन की टेलीकॉम कंपनी ने 9834 एमबीपीएस की डाउनलोड स्पीड और 108 एमबीपीएस की अपलोड स्पीड के साथ 10 जी नेटवर्क को हेबेई प्रांत के सुनान काउंटी में शुरू कर दिया है। यह नेटवर्क 50जी पैसिव ऑप्टिकल नेटवर्क तकनीक पर आधारित है। जिसने मौजूदा फाइबर ऑप्टिक इंफ्रास्ट्रक्चर को नई ऊंचाई पर पहुंचा दिया है। इसका असर इंटरनेट उपयोगकर्ताओं, स्वास्थ्य, शिक्षा, ट्रैफिक मैनेजमेंट, ड्रोन संचार व्यवस्था, स्मार्ट सिटीज और रक्षा जैसे क्षेत्रों में क्रांतिकारी बदलाव आना तय है। चीन की यह उपलब्धि तकनीक और विज्ञान के क्षेत्र में उसके दीर्घकालिक निवेश और सोच का परिणाम है। भारत अभी 5त नेटवर्क पर ही अटका हुआ है। चीन ने 10त को घर-घर पहुंचाने का काम शुरू कर दिया है। भारत शोध के क्षेत्र में अपना बजट लगातार घटा रहा है। विश्वविद्यालयों में जिस तरीके के हालात देखने को मिल रहे हैं। उसमें पढ़ाई और शोध के स्थान पर मंदिर-मस्जिद हिंदू राष्ट्र और सनातनी पढ़ाई इतिहास को बदलने तरह-तरह के प्रयोग हो रहे हैं। तकनीकी के क्षेत्र में भारत का कोई विजन ही नहीं है। भारत जहां विश्व गुरु बनने की बात करता है। तीसरी अर्थशक्ति बनने की बात करता है। यह सारे दावे हवा हवाई हैं। भारत चीन से सबसे ज्यादा आयात करता है। चीन के बने हिन्दू भगवान भारत में आकर बिकते हैं। हर छोटा बड़ा दैनिक उपयोग का सामान चीन से आ रहा है। भारत की लघु इकाइयां एक-एक करके बंद होती जा रही हैं। तकनीकी के क्षेत्र से भारत का दूर-दूर तक का वास्ता नहीं है। वहीं पड़ोसी देश चीन ने पिछले 30 सालों में वह करके दिखा दिया है। जो भारत सोच भी नहीं पा रहा है। 30 साल पहले भारत और चीन की अर्थव्यवस्था में कोई बहुत ज्यादा अंतर नहीं था। भारत की तुलना में चीन पिछले 30 सालों में हर क्षेत्र में तेजी के साथ प्रगति कर रहा है। वर्तमान स्थिति में भारत को एक स्पष्ट टेक्नोलॉजिकल रोडमैप बनाने की है। शिक्षण संस्थानों को राजनीति से दूर रखने की जरूरत है। शिक्षण संस्थानों में योग्य विषय विशेषज्ञों की नियुक्ति करना सबसे बड़ी चुनौती है। वैचारिक आधार पर पिछले कुछ वर्षों में शिक्षण संस्थानों में जो नियुक्तियां हुई है। उसने भारत को बहुत नुकसान पहुंचाया है। किसी भी देश के लिए राजनीतिक, सामाजिक, शैक्षणिक जरूरतें अलग-अलग तरह की होती हैं। भारत जब स्वतंत्र हुआ था। उसके बाद भारत के जो शिक्षण संस्थान तैयार किये गये थे। उन्होंने एक महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वाह किया था। पिछले एक दशक में हम इसी क्षेत्र में सबसे ज्यादा पिछड़ रहे हैं। भारत पिछलग्गू नहीं बने। वर्षों पुरानी तकनीकी के हम गुलाम ना बने। बल्कि नवाचार के साथ आगे बढ़ना होगा। इस दिशा में सरकार की एक सोच होनी चाहिए। भारत की प्रतिभाएं दूसरे देशों में जाकर तकनीकी के क्षेत्र में बड़े-बड़े काम करती हैं। भारत में उनके लिए कोई अवसर नहीं होते हैं। भारत छोटे-बड़े नवाचार को कभी गंभीरता से नहीं देखता है। हम जब तक कल्पनालोक और सपनों में जीते रहेंगे। दुनिया की सबसे बड़ी आबादी और सबसे युवा देश होने के बाद भी हम अन्य देशों के पिछलग्गू बनकर अपनी कमाई का एक बड़ा हिस्सा उन्हें देते रहेंगे। हमारे यहां का करोणों की संख्या में युवा बेरोजगार हैं। हमारे छोटे-छोटे उद्योग धंधे खत्म होते जा रहे हैं। यह वास्तविक स्थिति है। जबकि चीन जैसे देश देखते ही देखते दुनिया के सिरमौर बनने जा रहे हैं। हम नारों में अपने आप को विश्व गुरु और दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था का दावा करते रह जाएंगे। हकीकत इसके ठीक विपरीत नजर आती है।

-सनत जैन

राज काज

## पुलिस अधिकारियों का राजनीति प्रेम

बिहार के बड़े-बड़े पदों पर बैठे हुए पुलिस अधिकारियों की इच्छा होती है। वह चुनाव लड़कर विधानसभा और लोकसभा पहुंचे। केंद्र में हरदीप पुरी अश्विनी वैष्णव अर्जुन मेघवाल पूर्व अधिकारी हैं। जो केंद्र में महत्वपूर्ण विभागों के मंत्री बने हुए हैं। बिहार में प्रशांत किशोर ने नई पार्टी बनाई है। प्रशांत किशोर की पार्टी में शामिल होने के लिए पुलिस अधिकारी काफी उत्साहित हैं। असम काडर के एक पुलिस अधिकारी ने प्रशांत किशोर की पार्टी, बीआरएस लेकर ज्वाइन कर ली है। वही शिवदीप लांडे ने बीआरएस लेकर हिंद सेना नाम की नई पार्टी बना ली है। जो बिहार की सभी 243 सीटों पर चुनाव लड़ने जा रही है। पहले अधिकारी सेवानिवृत्ति के बाद राजनीति का पल्लू थामते थे।

## वक्फ कानून पर केंद्र सरकार को झटका

केंद्र सरकार ने 80:20 की लड़ाई को ध्यान में रखते हुए वक्फ कानून को लेकर बड़ा हो हल्ला मचाया। मुसलमानो को कई भागों में बांटने की जो रणनीति बनाई थी। उस रणनीति को सुप्रीम कोर्ट ने एक ही झटके में खत्म कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट में 2 दिन लगातार सुनवाई हुई। जजों के सवालों का जवाब सरकार नहीं दे पाई। सरकार ने जवाब देने के लिए समय मांगा। सॉलिसिटर जनरल मेहता ने अपनी पूरी ताकत लगा दी। लेकिन सुप्रीम कोर्ट का रुख नहीं बदला। सुप्रीम कोर्ट ने 5 मई तक के लिए सुनवाई को टाल दिया है। एक सप्ताह के अंदर सरकार को जवाब देने के लिए कहा है।

## राहु केतु से घिरे टेरिफ़ के मामले में ट्रंप

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चीन के ऊपर 245 फ़ीसदी टैक्स लगाकर चीन के खिलाफ कड़े तेवर अपनाए थे।इस पर चीन ने हंसी उड़ाते हुए कहा, वह चीन से डरने वाला नहीं है। चीन ने यह भी कह दिया, कि वह अमेरिका की ओर से लगाए गए किसी भी टेरिफ का अब कोई जवाब नहीं देगा। ऐसा कहकर चीन ने अमेरिका को उसकी औकात बता दी। रही सही कसर अमेरिका की न्यायालयों ने पूरी कर दी है। अमेरिका के कई राज्यों ने टेरिफ के खिलाफ न्यायालय का रुख किया था। राज्यों की मांग पर न्यायालय ने ट्रंप के टेरिफ़ को स्टे कर दिया है। अब ट्रंप को सूझ नहीं रहा है, कि वह क्या करें।

## शरबत बेचने के लिए अब धर्म की लड़ाई

बाबा रामदेव से ज्यादा कुशल व्यापारी सारी दुनिया मे और कोई नहीं हो सकता है।यह बाबा ने कई बार साबित किया है। हाल ही में बाबा ने शरबत को लेकर अप्रत्यक्ष रूप से रूह अफजा का मार्केट कब्जाने के लिए सांप्रदायिक स्वरूप दे दिया है। बाबा रामदेव पूर्णत स्वदेशी और हिंदू सरबत तैयार कर रहे हैं। वहीं कई दशकों से हमदर्द का रूह अफजा देश में बड़े पैमाने पर बिकता है। लोग इसे पसंद करते हैं। बाबा रामदेव ने कह दिया, उस शरबत की कमाई से मस्जिद और मदरसे बनते हैं। बाबा के शरबत से क्या बनेगा, यह उन्हें नहीं बताया। बाबा ने हिंदू धर्म का तड़का लगाकर अपने शरबत को बेचने के लिए सांप्रदायिक युद्ध शुरू किया है। बाबा की इसमें मास्टरी है।

# आतंकी हमला: आतंक के विरुद्ध जन-आक्रोश

जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले के पहलगाम में मंगलवार को हुए आतंकी हमले में कम से कम 26 नागरिक मारे गए, जिनमें ज्यादातर पर्यटक थे। यह 2019 के पुलवामा हमले के बाद घाटी में सबसे घातक हमला है। इसके पहले 18 मई 2024 में भी दो आतंकवादी हमले हुये थे जिसमें शोपियां में बीजेपी के पूर्व सरपंच ऐजाज अहमद शेख की गोली मार कर हत्या कर दी गई थी, रात 10:30 बजे हिरपोरा में हुई इस घटना का उद्देश्य केंद्र सरकार के सुरक्षा प्रयासों से उपजी बौखलाहट थी। इसी दिन अनंतनाग में जयपुर के एक मुस्लिम जोड़े को भी गोली मार कर घायल किया था। इन दोनों घटनाओं के पीछे भारत सरकार के सुरक्षा प्रयासों के दावों को झुठलाने की कोशिश के साथ पर्यटकों को हतोत्साहित करने का उद्देश्य आतंकवादियो का था। पहलगाम में हुआ यह हमला बैसरन नामक घास के मैदान में हुआ, जहाँ केवल पैदल या टट्टू से ही पहुँचा जा सकता है, मंगलवार की सुबह पर्यटकों का एक समूह वहाँ घूमने गया था। इस हमले में निर्दोष पर्यटकों की निर्मम हत्या ने केवल मानवता को ही शर्मसार नहीं किया है बल्कि कश्मीर की शांति और विकास की राह में एक गंभीर चुनौती भी पेश करने की कोशिश की है जो उनकी हताशा को बयां करती है।



बृजमोहन श्रीवास्तव

इस त्रासदी के बीच मगर एक सकारात्मक परिवर्तन भी देखने को मिला है। घटना के तुरंत बाद जिस प्रकार से कश्मीर के आम नागरिकों ने इस हमले की खुलकर निंदा की है और आतंकवाद के खिलाफ आवाज बुलंद की है जो इसके पहले कभी देखने को नहीं मिली थी। कश्मीर के विभिन्न हिस्सों में लोगों ने रैलियाँ निकालकर पाकिस्तान के खिलाफ नारे लगाए, जो इस बात का संकेत है कि अब कश्मीर के लोग शांति और विकास के पक्षधर हैं और केन्द्र की नीतियों का खुलकर समर्थन कर रहे है।



पिछले कुछ वर्षों में शांति और विकास का जो माहौल बना है, उसने स्थानीय लोगों को यह महसूस कराया है कि स्थिरता और समृद्धि ही उनके भविष्य की कुंजी है। पर्यटन, शिक्षा, और व्यापार के क्षेत्र में हुए सुधारों ने लोगों को यह समझाया है कि आतंकवाद से दूरी बनाकर ही वे अपने जीवन को बेहतर बना सकते हैं। कश्मीर के वातावरण में यह बदलाव अचानक नहीं आया है यह परिणाम केंद्रीय गृहमंत्री श्री अमित शाह जी की नीतियों और प्रयासों से सम्भव हुआ है जो वह गत कई वर्षों से कर रहे है। उनके ईमानदार प्रयासों ने कश्मीर के लोगों में विश्वास और सुरक्षा की भावना को पुनर्जीवित किया है। पिछले समय से श्री शाह ने कश्मीर के बहुत से दौरे के दौरान स्थानीय लोगों से संवाद स्थापित किया ,कश्मीरियों के मन में यह भरोसा जगाया कि केंद्र सरकार उनकी सुरक्षा व भलाई के लिए प्रतिबद्ध है। पहलगाम की घटना पर प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने भी विदेश दौरे पर रहते हुए इस पर सतत निगरानी रखी। वहीं अपने विदेशी दौरे को बीच में छोड़कर कर यह स्पष्ट संदेश दिया कि कश्मीर की सुरक्षा के लिए केंद्र सरकार गंभीर है। घटना के तत्काल बाद श्री अमित शाह जी के पहुँचने से कश्मीर में सुरक्षा और विश्वास का माहौल बना है लोगों को विश्वास हुआ है कि केंद्र के शांति के प्रयासों में कोई कमी नहीं आयेगी। उनके इस कदम से निश्चित ही आतंकियों के मनोबल पर असर पड़ेगा।

बैसरन की घटना ने एक बार फिर यह सोचने पर मजबूर किया है कि क्या आतंकवाद फिर से पैर पसारने की कोशिश कर रहा है ? इसका जवाब निश्चित ही नहीं है क्योंकि अब कश्मीर के लोग जागरूक हो चुके हैं और उन्होंने तय कर लिया है कि वे आतंकवाद का समर्थन नहीं करेंगे। उनकी यह दृढ़ता ही आतंकवाद के खिलाफ सबसे बड़ा हथियार है। क्योंकि इस घटना के बाद कश्मीर में जो जन-आक्रोश देखने को मिला है, वह इस बात का प्रमाण है कि अब कश्मीर के लोग आतंकवाद के खिलाफ एकजुट हो चुके हैं। यह बदलाव न केवल कश्मीर के लिए, बल्कि पूरे देश के लिए एक आशा की किरण है।

पिछले कई दशकों से कश्मीरी नागरिकों को आतंकवादी गतिविधियों के कारण भारी व्यक्तिगत, आर्थिक और सामाजिक नुकसान उठाना पड़ा है। फिर भी, वे आज भी इस स्थिति का पूरी हिम्मत के साथ सामना कर रहे हैं। ऐसे कठिन समय में भी इतनी मजबूती से खड़े रहना और स्थिति को संभालना, उनकी मानसिकता वाकई इस देश के लिए प्रेरणादायी है।

यह अवसर है जब केंद्र सरकार इस जन-भावना को और मजबूत करे और कश्मीर के लोगों को हर संभव सहायता प्रदान करे, ताकि वे आतंकवाद के खिलाफ अपनी लड़ाई को और प्रभावी ढंग से लड़ सकें। साथ ही, अंतरराष्ट्रीय समुदाय को भी इस मुद्दे पर ध्यान देना चाहिए और आतंकवाद के खिलाफ भारत के प्रयासों का समर्थन करना चाहिए। अंततः, पहलगाम की घटना एक चेतावनी है, लेकिन कश्मीर के लोगों की प्रतिक्रिया एक आशा की किरण है जो केंद्र सरकार के प्रयासों पर सील लगाते हुये कह रही है कि अब समय आ गया है कि हम सभी मिलकर आतंकवाद के खिलाफ एकजुट हों जिससे कश्मीर शांति, विकास, और समृद्धि की ओर अग्रसर हो जिससे आतंकवादियों को मुंहतोड़ जवाब दिया जा सके।

(लेखक नेशनलिस्ट कांग्रेस पार्टी के प्रवक्ता एवं जम्मू-कश्मीर के प्रभारी हैं)

# पहलगाम में मजहबी आतंक का सबसे बर्बर चेहरा

- ललित गर्ग

जम्मू-कश्मीर में स्थित पहलगाम, जिसे 'मिनी स्विट्जरलैंड' के नाम से जाना जाता है, मंगलवार को एक भीषण, दर्दनाक एवं अमानवीय आतंकी हमले का गवाह बना, एक बार फिर जिहादी आतंक का घिनौना-बर्बर चेहरा दिखा। आतंकियों ने पहलगाम में निर्दोष-निहत्थे पर्यटकों की जिस तरह पहचान पता करके गोलियां बरसाईं, उससे यही पता चलता है कि वे केवल खौफ ही नहीं पैदा करना चाहते थे, बल्कि बड़ी संख्या में लोगों का खून बहाकर दुनिया का ध्यान भी खींचना चाहते थे। यह आतंकवाद एवं सांप्रदायिक घृणा का अब तक का सबसे घिनौना एवं बर्बर हमला एवं चेहरा है, जिसमें हिन्दू सुनकर चलाई गोलियां। जो पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद के मूल एजेंडे का हिस्सा है। इस जघन्य एवं त्रासद घटना में निर्दोष पर्यटकों को तब मौत की गहरी नींद सुलाया गया, जब अमेरिकी उपराष्ट्रपति भारत में हैं और भारतीय प्रधानमंत्री सऊदी अरब में। इस हमले ने यह प्रकट किया कि कश्मीर में बचे-खुचे आतंकी किसी भी सीमा तक गिरने पर आमादा हैं। आतंकियों ने उन पर्यटकों को निशाना बनाया, जो कश्मीरियों की रोजी-रोटी को ही सहारा देने कश्मीर गए थे। यह हमला इतना वीभत्स था कि उसने हर संवेदनशील दिल को झकझोर कर रख दिया। आतंकियों ने नृशंसता की सारी सीमाएं पार करते हुए अंधाधुंध गोलीबारी की, जिसमें 28 पर्यटक, जिनमें दो विदेश नागरिक भी थे, की दर्दनाक मौत हो गई। हमले की जिम्मेदारी पाकिस्तान में स्थित प्रतिबंधित आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े संगठन 'द रेजिस्टेंस फ्रंट' (टीआरएफ) ने ली है। सुरक्षा एजेंसियों का मानना है कि हमलावरों ने दक्षिण कश्मीर के कोकेरनाग से होते हुए किश्तवाड़ के रास्ते बैसरन तक पहुंच बनाई।

जरा हटके

## अब सोना भी एटीएम से निकल रहा, रियल टाइम गोल्ड एटीएम

हैदराबाद,(ईएमएस)। अब आप पैसे ही नहीं सोना भी एटीएम से निकाल सकेंगे। जी हां यह सपना नहीं हकीकत है। अब हैदराबाद में दुनिया का पहला रियल टाइम गोल्ड एटीएम लगाया गया है, जिससे सोना खरीदना अब नया अनुभव बन गया है। पहले जहां हमें ज्वेलरी शोरूम तक जाकर सोने की खरीदारी करनी पड़ती थी, अब एटीएम से सीधे गोल्ड कॉइन खरीद सकते हैं। इस एटीएम की खासियत है कि यह बिना किसी इंसानी हस्तक्षेप के 24 घंटे रुपया की तरह सोना उपलब्ध कराता है। ग्राहक डेबिट या क्रेडिट कार्ड के जरिए से भुगतान कर सकते हैं और फिर सोने के कॉइन को डिस्पेंसर से तुरंत प्राप्त कर सकते हैं, जो शुद्धता प्रमाण-पत्र के साथ होता है। इस गोल्ड एटीएम में ग्राहक 0.5 ग्राम से लेकर 100 ग्राम तक का सोना खरीद सकते



हैं और यह सारी प्रक्रिया रियल टाइम रेट पर होती है। जब भी ग्राहक एटीएम का इस्तेमाल करते हैं, स्क्रीन पर ताजे रेट्स डिस्प्ले होते हैं, जिससे उन्हें हमेशा बाजार के मुताबिक ही कीमत मिलती है। सोने की पैकिंग भी बहुत सुरक्षित होती है, और उसे तुरंत डिलीवर किया जाता है। यह सुविधा भारत के हैदराबाद में शुरू की गई है, और यह अब सोने के शौकिनों के लिए एक बेहतरीन विकल्प है। इसके अलावा तिरुपति बालाजी मंदिर में भी इसी तरह का गोल्ड और सिल्वर एटीएम लगाया गया है। यहां से लोग केवल सिक्के ही नहीं, बल्कि लॉकेट्स भी खरीद सकते हैं। यहां पर उपलब्ध लॉकेट्स 2 ग्राम, 5 ग्राम और 10 ग्राम के होते है, और पेमेंट के लिए डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड और यूपीआई का विकल्प मौजूद है। टच स्क्रीन के जरिए ग्राहक इसे आसानी से ऑपरेट कर सकते हैं, और सुंदर पैकेजिंग के साथ उन्हें तुरंत डिलीवरी मिल जाती है। सोने और चांदी के इस डिजिटल युग में कदम रखते हुए यह एटीएम न केवल एक तकनीकी कदम हैं, बल्कि यह ग्राहकों के लिए खरीदारी को और भी सुविधाजनक और सुरक्षित बना दिया है। अब कोई भी व्यक्ति आसानी से सोने की खरीदारी कर सकता है, बिना किसी शोरूम में जाए। जैसे-जैसे गोल्ड की कीमतें आसमान छू रही हैं लोग पारंपरिक ज्वेलरी शॉपिंग से डिजिटल शॉपिंग की ओर बढ़ रहे हैं।

फोटो ऑफ द डे



यूक्रेन में रूसी हमले के बाद राहत व बचाव दल के कर्मचारी वहां काम करते हुए। (फोटो-ईएमएस)

सुविचार

सौंदर्य तो अस्थाई है लेकिन मन आपका जीवन भर साथ देता है।

-एलिशिया मेकेडो

विचारों को मूर्त रूप देने की क्षमता ही सफलता का रहस्य है।

-हेनरी वार्ड बीचर

प्रसंग

## आत्मविश्वास है विजय



घटना है वर्ष 1960 की। स्थान था यूरोप का भव्य ऐतिहासिक नगर तथा इटली की राजधानी रोम। सारे विश्व की निगाहें 25 अगस्त से 11 सितंबर तक होने वाले ओलंपिक खेलों पर टिकी हुई थीं। इन्हीं ओलंपिक खेलों में एक बीस वर्षीय अश्वेत बालिका भी भाग ले रही थी। वह इतनी तेज़ दौड़ी, इतनी तेज़ दौड़ी कि 1960 के ओलंपिक मुकाबलों में तीन स्वर्ण पदक जीत कर दुनिया की सबसे तेज़ धाविका बन गई। रोम ओलंपिक में लोग 83 देशों के 5346 खिलाड़ियों में इस बीस वर्षीय बालिका का असाधारण पराक्रम देखने के लिए इसलिए उत्सुक नहीं थे कि विल्मा रुडोल्फ नामक यह बालिका अश्वेत थी अपितु यह वह बालिका थी जिसे चार वर्ष की आयु में डबल निमोनिया और काला बुखार होने से पोलियो हो गया और फलस्वरूप उसे पैरों में ब्रेस पहननी पड़ी। विल्मा रुडोल्फ़ ग्यारह वर्ष की उम्र तक चल-फिर भी नहीं सकती थी लेकिन उसने एक सपना पाल रखा था कि उसे दुनिया की सबसे तेज़ धाविका बनना है। उस सपने को यथार्थ में परिवर्तित होता देखने के लिए ही इतने उत्सुक थे पूरी दुनिया के लोग और खेल-प्रेमी। डॉक्टर के मना करने के बावजूद विल्मा रुडोल्फ़ ने अपने पैरों की ब्रेस उतार फेंकी और स्वयं को मानसिक रूप से तैयार कर अभ्यास में जुट गई। अपने सपने को मन में प्रगाढ़ किए हुए वह निरंतर अभ्यास करती रही। उसने अपने आत्मविश्वास को इतना ऊँचा कर लिया कि असंभव-सी बात पूरी कर दिखलाई। एक साथ तीन स्वर्ण पदक हासिल कर दिखाए। सच यदि व्यक्ति में पूर्ण आत्मविश्वास है तो शारीरिक विकलांगता भी उसकी राह में बाधा नहीं बन सकती।

- सीताराम गुप्ता

व्यंग्य

# अपुन का ताजा एजेंडा!

-गुरमीत बेदी

एक सज्जन जानना चाह रहे थे कि चालू सीज़न में अपुन क्या गुल खिलाने जा रहे हैं। मैंने उन्हें बताया, हे भद्रपुरुष! बड़ा क्लीयर-सा फंडा है, लीक से हटकर कुछ कर दिखाना ही अपुन का एजेंडा है। वह सज्जन आँखें फाड़-फाड़ कर मेरी तरफ़ यों देखने लगे जैसे मैं इस लोक का प्राणी न होकर दूसरे लोक से टपका होऊँ। मैंने उनकी जिज्ञासा और हैरानगी को और न बढ़ाते हुए अपने एजेंडे की पिटारी खोल दी। अब वह सज्जन अभिभूत थे और अपुन पूरी लय में थे। अपुन के एजेंडे में कोई ऐसा-वैसा छुपा या सीक्रेट एजेंडा नहीं है जो आम तौर पर पॉलिटियशनों के एजेंडा में होता है। अपुन का एजेंडा बड़ा क्लीयर-सा एजेंडा है जिसमें जो भीतर है, वही बाहर है और जो बाहर है, वही भीतर है। आपके जनरल नॉलेज में इज़ाफ़ा करने और देश की आन-बान व शान को बढ़ाने के लिए लीजिए प्रस्तुत है अपुन का ताज़ा एजेंडा।

इस बार यानि इस साल यानि इस सीज़न में अपुन भ्रष्टाचार में नए आयाम स्थापित करेंगे। पिछले साल जिन सौदों में अपुन कमीशन नहीं खा पाए थे, वह कसर इस बार निकालेंगे। बिना कमीशन के कोई सौदा नहीं होगा और कमीशन की दरें क्या होंगी तथा कमीशन किन-किन में बाँटा जाएगा, इस बारे में सुझाव देने के लिए एक कमीशन बिठाया जाएगा। जिस तरह मूल्य सूचकांक और मुद्रा-स्फीति के बारे में हर पखवाड़े मुल्क की जनता को बताया जाता है, उसी तरह कमीशन की दरें घटने या बढ़ने के बारे में भी पब्लिक को जानकारी दी जाएगी। %जीओ और जीने दो% की तर्ज पर अपना नारा होगा- %खाओ और खाने दो।% अपुन के एजेंडे में जो दूसरी महत्वपूर्ण बात शामिल है, वह यह है कि अंतरिक्ष में एक बैंक खोला जाएगा। भ्रष्टाचार के ज़रिए कमाई धनराशि स्विस बैंकों में जमा करवाने का रिस्क नहीं लिया जाएगा क्यों कि सीबीआई कभी भी इन बैंकों में जाकर खातों और लाकरों की जाँच कर सकती है, लिहाज़ा दो नंबर का पैसा अंतरिक्ष में खुले बैंक में जमा करवाया जाएगा। ज़्यादा लफड़ा पड़ा तो यह कह कर सफ़ाई दी जा सकती है कि %ऊपर वाले% ने जो छप्पर फाड़ कर दिया था, वह %ऊपर वाले% के पास ही जमा करवा दिया है। कोई प्राब्लम है तो ऊपर वाले से ही पूछ लो।

अपुन के एजेंडे की तीसरी महत्वपूर्ण बात यह होगी कि अपने इलाके में कुछ समान विचारधारा के महापुरुषों के सहयोग से एक नई तरह का स्कूल खोला जाएगा और इस स्कूल में नई तरह का पाठ्यक्रम लागू करके बच्चों को नई-नई जानकारियों से लैस किया जाएगा और नए-नए संस्कार उनमें भरे जाएँगे। मसलन बच्चों को बताया जाएगा कि विरोधियों के खिलाफ़ कैसे-कैसे षड्यंत्र रचे जा सकते हैं, कैसे उन्हें ब्लैकमेल किया जा सकता है, चरित्र हनन की राजनीति कैसे की जाती है, बाहुबली कैसे बना जा सकता है, बूथ कैपचरिंग कैसे की जाती है, सांप्रदायिकता को बढ़ावा कैसे किया जाता है, फ्रॉड कैसे किए जाते हैं, टाँग खिंचाई कैसे की जाती है, अफ़वाहें कैसे फैलाई जाती है, राजनीति में किस गली से घुसा जाता है और कैसे राजनीति का धुरंधर खिलाड़ी बना जाता है। जब बच्चों को शुरू से ही यह सब सिखाया जाएगा तो बड़े होकर वे मात नहीं खाएँगे और अपने-अपने तरीके से देश का नाम रौशन करेंगे। बच्चों को नैतिकता, ईमानदारी, देशभक्ति, कर्तव्यनिष्ठा और भाईचारे जैसी फ़ालतू की बातें बताकर गुमराह नहीं किया जाएगा और न ही उनका बेशकीमती टाईम बरबाद किया जाएगा।

चिंतन-मनन

# अपनेपन का प्रेम असली प्रेम

जब प्रेम बहुत गहरा होता है, तब तुम किसी भी गलतफहमी के लिए पूरी जिम्मेवारी लेते हो। पल भर के लिए ऊपरी तौर से नाराजगी व्यक्त कर सकते हो, परन्तु जब इस नाराजगी को दिल से महसूस नहीं करते, तब तुम एक-दूसरे को अच्छी तरह समझ पाते हो। तब तुम उस अवस्था में हो जहां सभी समस्याएं और मत-भेद मिट जाते हैं और केवल प्रेम झलकता है। प्रायः हम मतभेदों में उलझे रहते हैं क्योंकि अपने वास्तविक स्वभाव से दूर हो गए हैं। प्रेम के नाम पर हम दूसरों को इच्छानुसार चलाना चाहते हैं। यह स्वाभाविक है कि जब हम किसी से प्रेम करते हैं तो हम चाहते हैं कि वे त्रुटिहीन हो। तुम पहाड़ी के ऊपर से जमीन के गड्ढों को नहीं देख सकते। इसी प्रकार, उन्नत चेतना की अवस्था से दूसरों की त्रुटियां नजर नहीं आती। परन्तु जमीन आकर गड्ढों को (दोषों को) देख सकते हो। और गड्ढों को भरना चाहते हो तो उन्हें देखना ही होगा। हवा में रहकर तुम घर नहीं बना सकते। गड्ढों को देखे बिना, उनको भरे बिना, कंकड़-पत्थर हटाए बिना, जमीन को नहीं जोत सकते। इसीलिए जब तुम किसी से प्रेम करते हो और उनमें दोष ही दोष देखते हो तो उनके साथ रहो और गड्ढे भरने में उनकी मदद करो। यही ज्ञान है। तुम किसी को प्यार क्यों करते हो?

रोचक

# तेजी से बढ़ रही है इंसुलिन रेजिस्टेंस की समस्या

लंदन (ईएमएस)। वर्तमान में बिगड़ती जीवनशैली की वजह से इंसुलिन रेजिस्टेंस की समस्या तेजी से बढ़ रही है। इसकी वजह से खाने से मिलने वाला ग्लूकोज शरीर की मसल्स, लिवर और फैट सेल्स में ऊर्जा के रूप में नहीं पहुंच पाता। यह एक ऐसी स्थिति है जिसमें शरीर इंसुलिन हार्मोन का सही तरीके से उपयोग नहीं कर पाता। इसके परिणाम स्वरूप ब्लड शुगर का स्तर बढ़ने लगता है और थकान, कमजोरी, अत्यधिक भूख लगना, बार-बार प्यास लगना और बार-बार यूरिन आने जैसी समस्याएं सामने आने लगती हैं। अगर समय रहते ध्यान न दिया जाए तो यह स्थिति टाइप 2 डायबिटीज का रूप ले सकती है। अच्छी बात यह है कि इस समस्या को कुछ घरेलू उपायों और सही खानपान के ज़रिए कंट्रोल किया जा सकता है, खासकर सुबह खाली पेट कुछ नेचुरल चीजों का सेवन करके इंसुलिन सेंसिटिविटी को बेहतर बनाया जा सकता है। इंसुलिन रेजिस्टेंस की समस्या को कम करने के लिए रोजाना सुबह खाली पेट एक चम्मच मेथी दाना पानी में भिगोकर उसका पानी पीना बेहद लाभकारी माना जाता है। यह न केवल ब्लड शुगर लेवल को नियंत्रित करता है बल्कि शरीर में इंसुलिन की कार्यक्षमता को भी बढ़ाता है। वहीं दालचीनी की ड्रिंक भी एक कारगर उपाय है।

# पाकिस्तानी प्रोफेसर की दो टूक, क्या चीन क्या हमारा मामा लगता है?

## चीन में इस्लाम को खत्म ही किया जा रहा, आप चुप हैं

**इस्लामाबाद।** पहलगाम आतंकी हमले के बाद से देश में हलचल तेज है। भारत ने सिंधु जल समझौते को रोक दिया है। पाकिस्तान के लोगों के लिए वीजा पर पाबंदी है। वहीं दूतावास का स्टाफ भी कम किया गया है। अटारी सीमा से आवाजाही पूरी तरह बंद है। चर्चा हैं कि भारत कोई सैन्य एक्शन भी ले सकता है। इस बीच पाकिस्तान का कहना है कि उसका आंतकी घटना से लेना-देना नहीं है। लेकिन पाकिस्तान के ही प्रोफेसर इश्तियाक अहमद ने शाहबाज सरकार की पोल खोलकर खूब लताड़ा लगा दी है। उन्होंने कहा कि आखिर यह कैसा संयोग है कि कुछ दिन पहले ही पाकिस्तानी सेना प्रमुख आसिम मुनीर ने भारत और हिंदुओं के खिलाफ नफरत का इजहार किया और फिर इस तरह का हमला हो गया, जिसमें बेगुनाह लोग मारे गए।

अहमद ने कहा कि आखिर पाकिस्तानी आर्मी चीफ को यह कहने की क्या जरूरत थी कि हम हिंदुओं से अलग हैं। उन्होंने टू नेशन थ्योरी पर तब वक्त में जोर दिया, जब पाकिस्तान के अंदर ही बवाल है। उन्होंने कहा कि ये भारत और हिंदुओं से खुद को अलग बताते हैं, लेकिन चीन से क्या रिश्ता है। उन्होंने कहा, चीन क्या हमारा मामा लगता है? वे नास्तिक हैं। चीन में इस्लाम को खत्म ही किया जा रहा है। आप वहां पर चुप हैं, हमारे जैसे लोग सोचते हैं कि ट्रेड रूट खुल जाएं और भारत से लेकर और मिडिल ईस्ट तक बिजनेस चले।

प्रोफेसर अहमद ने कहा कि भारत से 4 जंगें हुई हैं और हम कश्मीर नहीं ले पाए। उल्टा अपना देश ही तुड़वा लिया। अहमद ने कहा कि सारी दुनिया में फिर से बदनामी होगी। कहा जाएगा कि यह आतंकवाद को समर्थन करने वाला देश है। पाकिस्तान में पूरी पावर सेना प्रमुख के पास है और वह टू नेशन थ्योरी जैसी बात करते हैं। पाकिस्तान गलत चीजें कर रहा है।

उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के आर्मी चीफ ने हिंदुओं से खुद को अलग बताने वाला भाषण इसलिए दिया था ताकि आंतरिक बवाल को टाला सके। पाकिस्तान के अंदर ही बलूचिस्तान और खैबर पख्तूनख्वा में बवाल है और उससे ध्यान भटकाने के लिए आर्मी चीफ ने ऐसा बयान दिया।



यूक्रेन के कीव में रूसी ड्रोन हमले के बाद आसमान में ही एक बैलास्टिक मिसाइल में धमाका हो गया।

# भारत अकड़ न दिखाए हम जवाब देने के लिए पूरी तरह तैयार: पाक रक्षा मंत्री

**इस्लामाबाद।** कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान के साथ सिंधू संधि तोड़ने जैसे कई महत्वपूर्ण फैसले किए है। वहीं पाकिस्तान रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने तेवर दिखाते हुए कहा है कि भारत हमें कमजोर ना समझे। हमारी सेना भारत की किसी भी आक्रामकता का जवाब देने के लिए पूरी तरह तैयार है। साथ ही आसिफ ने कथित भारतीय एजेंट को पकड़ने का भी दावा किया है। उनका दावा है कि ये कुलभूषण जाधव जैसा केस है।



रिपोर्ट के मुताबिक, ख्वाजा आसिफ ने दावा किया कि पाकिस्तान ने बलूचिस्तान में एक भारतीय एजेंट को गिरफ्तार किया है। यह मामला कुलभूषण जाधव जैसा ही है। हालांकि ख्वाजा आसिफ ने गिरफ्तार किए गए व्यक्ति का नाम या कोई और जानकारी नहीं दी। स्थानीय मीडिया में इस गिरफ्तारी के बारे में कई तरह की बातें चल रही हैं। ख्वाजा आसिफ ने दावा किया कि भारतीय एजेंट व्यक्ति को ईरान-अफगानिस्तान सीमा के पास से पकड़ा गया है। उन्होंने कहा कि इस गिरफ्तारी के तार बलूचिस्तान में आतंकवाद फैलाने और टीटीपी के बीच संबंध भारत से होने से जुड़े हैं। पाक मीडिया ने गिरफ्तार किए शख्स का नाम अशोक चतुर्वेदी बताया है। इस शख्स के बलूचिस्तान में आतंकवादी गतिविधियों में शामिल होने का आरोप है। दावा है कि चतुर्वेदी को उसके हैंडलर से मिलाने के बहाने बुलाकर गिरफ्तार किया गया पाकिस्तान ने कुलभूषण जाधव को 2016 में बलूचिस्तान से पकड़ने का दावा किया था।

ख्वाजा आसिफ ने यह भी कहा कि भारत की ओर से सिंधु जल संधि को खत्म करने की बात हो रही है लेकिन वह इसे एकतरफा तरीके से रद्द नहीं कर सकते हैं। ख्वाजा आसिफ ने कहा कि आतंकवाद के खिलाफ पाकिस्तान सख्त है। हमने भी भारत में होने वाले आतंकवादी हमलों की निंदा की है लेकिन हमारे ऊपर दिल्ली से जिस तरह के आरोप लगते हैं, उनका कोई मतलब नहीं है। उन्होंने कहा कि हम अपनी रक्षा के लिए सभी जरूरी कदम उठाने का अधिकार रखते हैं और अपनी जमीन की पूरी मजबूती से रक्षा करेंगे। आसिफ ने अकड़ दिखाते हुए कहा कि पाकिस्तान की ताकत को लेकर भारत किसी भुलावे में ना

# यूक्रेनी राष्ट्रपति का बयान- रूस के साथ शांति वार्ता हानिकारक

## ट्रंप ने कहा- क्रीमिया के मुद्दे पर जोर देकर युद्ध को लंबा खींच रहे जेलेंस्की

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्टपति डोनाल्ड ट्रंप ने यूक्रेन के राष्टपति वोलोदिमीर जेलेंस्की पर निशाना साधते हुए कहा कि क्रीमिया के मुद्दे पर जोर देकर वह युद्ध को लंबा खींच रहे हैं। ट्रंप की यह टिप्पणी ऐसे समय आई है जब जेलेंस्की ने शांति योजना के तहत क्रीमिया को रूस को सौंपने से इनकार कर दिया है। जेलेंस्की ने लंदन में बुधवार को अमेरिका, यूरोपीय और यूक्रेनी अधिकारियों के बीच होने वाली उच्च स्तरीय वार्ता से पहले किसी भी समझौते के तहत यूक्रेन द्वारा रूस को क्षेत्र सौंपे जाने के विचार को खारिज कर दिया था।

यूक्रेन के राष्टपति जेलेंस्की ने कहा कि इस बारे में कोई बात नहीं होगी। यह हमारी भूमि है, यूक्रेनी लोगों की भूमि है। ट्रंप ने 'ट्रुथ सोशल' पर लिखा- जेलेंस्की का यह बयान रूस के साथ शांति वार्ता के लिए बहुत हानिकारक है, क्योंकि क्रीमिया को वर्षों पहले अमेरिका के पूर्व राष्टपति बराक ओबामा के कार्यकाल में गंवा दिया गया था, और यह चर्चा का विषय भी नहीं है। रूस ने यूक्रेन पर बुधवार रात बड़े पैमाने पर मिसाइल और ड्रोन हमले किए जिनमें 9 लोगों की मौत हो गई और छह बच्चों समेत 63 अन्य लोग घायल हुए हैं। यूक्रेन के अधिकारियों ने गुरुवार को इसकी जानकारी दी। रिपोर्ट में बताया गया है कि रूस ने कीव पर ड्रोन और बैलिस्टिक मिसाइलों से हमला किया। शहर के सैन्य प्रशासन के प्रमुख ने बताया कि इन हमलों के कारण कई आवासीय इमारतों में आग लगने की सूचना है।

# ट्रंप प्रशासन की शुल्क नीति के खिलाफ अमेरिका के 12 राज्यों में चलेगा मुकदमा

**वाशिंगटन।** अमेरिका के 12 राज्यों ने देश के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के नेतृत्व वाले प्रशासन की शुल्क नीति को अवैध बताते हुए इसके खिलाफ मुकदमा दायर किया गया है। याचिका में कहा गया है कि राष्ट्रपति ट्रंप की इस नीति ने अमेरिकी अर्थव्यवस्था में अराजकता पैदा कर दी है। मुकदमे में ट्रंप की इस दलील को चुनौती दी गई है कि वह अंतरराष्ट्रीय आपातकालीन आर्थिक शक्ति अधिनियम के तहत मनमाने ढंग से शुल्क लगा सकते हैं। राज्यों ने कोर्ट से इस नीति को अवैध घोषित करने और इसे लागू करने से सरकारी एजेंसियों एवं उनके अधिकारियों को रोकने का अनुरोध किया है। कोर्ट में मुकदमा दायर करने वाले राज्यों में ओरेगन, एरिजोना, कोलोराडो, कनेक्टिकट, डेलावेयर, इलिनोइस, मेन, मिनेसोटा, नेवादा, न्यू मेक्सिको, न्यूयॉर्क और वर्मोंट शामिल हैं। एरिजोना की अटॉर्नी जनरल क्रिस मेयस ने इस नीति को ''पागलपन'' करार देते हुए कहा कि यह न केवल आर्थिक रूप से नुकसानदेह है, बल्कि अवैध भी है।

## आज का इतिहास 25 अप्रैल

1707 ब्रिटिश फौजों को अलमांजा 'स्पेन' में हार का सामना करना पड़ा.

1874 इतावली आविष्कारक जी. मार्कोनी का जन्म हुआ था.

1887 पेरिस, फ्रांस में ऑपेरा में आग लगने से 200 लोगों की मृत्यु.

1905 ट्रांसवाल में नया संविधान लागू हुआ.

1954 सनफ्रांसिस्को में 45 देशों की बैठक में राष्ट्रसंघ के गठन के बारे में विचार-विमर्श किया गया.

1957 जार्डन में शाह हुसैन मार्शल ला लागू किया.

1971 सोवियत अंतरिक्ष केंद्र से जुड़ने के बाद अंतरिक्ष यान सुरक्षित लौटा.

1982 दिल्ली से दूरदर्शन पर रंगीन प्रसारण शुरू हुआ.

1987 श्रीलंका सरकार ने तमिल विद्रोहियों के खिलाफ दो तरफा जबाबी कारवाई की.

1988 अफगानिस्तान ने पाकिस्तानी सीमा चौकी से अपने सैनिक हटाने की पेशकश की.

1991 सोवियत संघ की कम्युनिस्ट पार्टी ने मिखाइल गोवाच्योव को पुन: नेता बनाए रखने का फैसला किया.

1994 सुतोमु हाता जापान के राष्ट्रपति चुने गये.

2004 नौसेना का जहाज आइ.एन.एस. तरंगिणी 18 देशों के 37 बंदरगाहों का 33 हजार मील का सफर कर अपने बेस पर लौटा.

## प्रसंगत: सबसे बड़ा सुख

राजा विक्रमादित्य के राज्य में एक सदाचारी, नेक और ईमानदार पुजारी रहता था। वह बहुत ही निर्धन था। एक दिन वह धन-प्राप्ति के उद्देश्य से अपने घर से निकल पड़ा। रास्ते में उसकी मुलाकात एक पहुंचे हुए महात्मा से हुई। पुजारी से बातें करने के बाद महात्मा समझ गए कि यह नेक, ईमानदार व गुणवान है। उन्हीं दिनों विक्रमादित्य अपना राज्य किसी योग्य व्यक्ति को सौंप कर महात्मा के संसर्ग में रहकर शांति से अपना शेष जीवन गुजारना चाहते थे। उन्होंने महात्मा को यह बात बताई हुई थी। महात्मा पुजारी को अपने साथ राजा के पास ले गए और उन्हें सारी बात बताई। महात्मा से पुजारी के बारे में जानकर विक्रमादित्य उसे राज्य सौंपने को तैयार हो गए। पुजारी ने सोचा कि यदि राजा विक्रमादित्य जैसा प्रतापी शासक अपना सब कुछ सौंपकर महात्मा जी के साथ जाना चाहता है, तो इसका अर्थ यह है कि शायद महात्मा के संसर्ग में राज-सुख से भी अधिक सुख प्राप्त होता होगा। वह राजा से बोला, 'महाराज, मैं भला एक मामूली सा व्यक्ति इतना बड़ा राजपाट कैसे संभालूंगा। मुझे तो इसका बिल्कुल भी अनुभव नहीं है। इसके योग्य तो आप ही हैं।' फिर वह महात्मा के पास जाकर बोला, 'गुरुजी, राजा तो राज्य त्यागकर आपके पास आने के लिए उत्सुक हैं। इससे तो यही जान पड़ता है कि इस दुनिया में राज-सुख से भी बड़ा कोई सुख है। मुझे तो आप अपनी शरण में ले लीजिए।' पुजारी की बात सुनकर महात्मा मुस्कराते हुए बोले, 'तुमने ठीक पहचाना। इस दुनिया में राज-सुख से भी बड़ा सुख है शांति से सभी दुर्गुणों पर विजय पाकर सबकी सेवा का संकल्प। इससे स्वत: ही व्यक्ति को मोक्ष की प्राप्ति हो जाती है।' महात्मा का जवाब सुनकर वह पुजारी उन्हीं के साथ रहकर लोगों की सेवा में अपना जीवन बिताने लगा और कुछ ही दिनों में उसे अहसास हो गया कि उससे अधिक प्रसन्न और संतुष्ट राजा भी नहीं हैं क्योंकि अब उसके पास कोई चिंता नहीं थी।

## दैनिक पंचांग

**25 अप्रैल 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | मेष में | वृष | 06.41 बजे से |
| चंद्र | मीन में | मिथुन | 08.39 बजे से |
| मंगल | कर्क में | कर्क | 10.52 बजे से |
| बुध | मीन में | सिंह | 13.08 बजे से |
| गुरु | वृष में | कन्या | 15.20 बजे से |
| शुक्र | मीन में | तुला | 17.31 बजे से |
| शनि | मीन में | वृश्चिक | 19.46 ब.से |
| राहु | मीन में | धनु | 22.02 बजे से |
| केतु | कन्या में | मकर | 00.07 बजे से |
| राहुकाल 10.30 से 12.00 बजे तक | | कुंभ | 01.53 बजे से |
| | | मीन | 03.26 बजे से |
| | | मेष | 04.57 बजे से |

**शुक्रवार** 2025 वर्ष का 115 वा दिन **दिशाशूल** पश्चिम **ऋतु** ग्रीष्म। **विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1946 **मास** वैशाख (दक्षिण भारत में चैत्र) **पक्ष** कृष्ण **तिथि** द्वादशी 11.45 बजे को समाप्त। **नक्षत्र** पूर्वाभाद्रपदा 08.54 बजे को समाप्त। **योग** इन्द्र 12.31 बजे को समाप्त। **करण** तैतिल 11.45 बजे तदनन्तर गर 22.10 बजे को समाप्त।
**चन्द्रायु** 24.6 घण्टे
**रवि क्रान्ति** उत्तर 13° 12'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1872325
**जूलियन दिन** 2460790.5
**कलियुग संवत्** 5125
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2551
**हिजरी सन्** 1446
**महीना** सव्वाल
**तारीख** 26
**विशेष** प्रदोष व्रत।

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| चर | 05.55 से | 07.23 बजे तक | रोग | 05.38 से | 07.1 बजे तक |
| लाभ | 07.23 से | 08.51 बजे तक | काल | 07.11 से | 08.43 बजे तक |
| अमृत | 08.51 से | 10.19 बजे तक | लाभ | 08.43 से | 10.15 बजे तक |
| काल | 10.19 से | 11.47 बजे तक | उद्वेग | 10.15 से | 11.47 बजे तक |
| शुभ | 11.47 से | 01.15 बजे तक | शुभ | 11.47 से | 01.19 बजे तक |
| रोग | 01.15 से | 02.43 बजे तक | अमृत | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| उद्वेग | 02.43 से | 04.10 बजे तक | चर | 02.51 से | 04.23 बजे तक |
| चर | 04.10 से | 05.38 बजे तक | रोग | 04.23 से | 05.55 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## राशिफल

शुभ संवत 2082, शाके 1947, सौम्य गोष्ठ, वैशाख कृष्ण पक्ष, बसंत ऋतु, गुरु उदय पूर्वे शुक्रोदय पूर्वे तिथि द्वादशी/ त्रियोदशी, शुक्रवासरे, उत्तरा भाद्र पद नक्षत्रे, ऐग योगे, तैतिल करणे, मीन की चंद्रमा भद्रा 59/57, प्रदोष व्रत 13 व्रत, मूल प्रारंभ रात्रि 3/51 जातकर्म, नामाकरण, अन्नप्रासन, सूती स्नान तथापि उत्तर दिशा की यात्रा शुभ होगी।

### आज जन्म लिए बालक का फल........

आज जन्म लिया बालक योग्य, बुद्धिमान, चपल, चतुर, चंचल, दार्शनिक, जिद्दी-हठी, शिक्षक-शिक्षाविद्, लेक्चरार, प्रोफेसर, प्रिंसपल, ठेकेदार, इंजीनियर, धनी-मानी, कुशल वक्ता-अधिवक्ता, शासक-प्रशासक, सुखी होगा।




**मेष राशि:** राजभय, कष्ट, व्यापार बाधा, शुभ समाचार से प्रसन्नता, मित्र सहयोग करेंगे।

**वृष राशि:** प्राय- रोग, शुभ समाचार की प्राप्ति, स्वजन से लाभ, दाम्पत्य जीवन में असमंजस।

**मिथुन राशि:** वाहनभय, मातृ-पितृ कष्ट, हानि, व्यर्थ अनाप-शनाप खर्च से परेशानी ब?गी।

**कर्क राशि:** सफलता, उन्नति, शुभ कार्य, विवाद, उद्योग विवाद, समय का ध्यान रखें।

**सिंह राशि:** खर्च, विवाद, स्त्री-कष्ट, विद्या लाभ, कुछ अच्छे कार्य होंगे, संतान सुख।

**कन्या राशि:** शरीर कष्ट, उत्तम व्यय, सफलता, व्यवसाय में बाधा, लाभ हो सकता है।

**तुला राशि:** यात्रा से हानि, राजभय, लाभ, शरीर कष्ट, व्यापार में सुधार, प्रगति की संभावना है।

**वृश्चिक राशि:** कार्यवृत्ति से लाभ, यात्रा से संपत्ति का लाभ, कारोबार में उत्साह, कार्य बनेंगे।

**धनु राशि:** अल्प लाभ, शरीर कष्ट, चोटादि का भय, शिक्षा का लाभ तथा उन्नति होगी।

**मकर राशि:** शत्रु हानि, अपयश, शारीरिक सुख, उद्योग-व्यापार के लिये प्रयत्न करें।

**कुंभ राशि:** शुभ संतान, सुख कार्य में सफलता, मित्रों से सुख अवश्य होगा।

**मीन राशि:** पदोन्नति, राजभय, न्याय लाभ, जीवन संतोषप्रद हो, क्रियाकलाप होंगे।

पीएल गौतमाचार्य // मोनिका

# अगर पाकिस्तान करेगा शिमला समझौता रद्द तो भारत को मिलेगा रणनीतिक लाभ

## पीएम शहबाज ने बुलाई राष्ट्रीय सुरक्षा समिति की आपात बैठक, लग रहीं अटकलें

**इस्लामाबाद।** पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच कूटनीतिक तनाव फिर चरम पर पहुंच गया है। भारत ने सिंधु जल समझौते को निलंबित करने, पाकिस्तानी नागरिकों के लिए वीजा छूट योजना रद्द करने और दिल्ली स्थित पाक उच्चायोग के सैन्य सलाहकारों को निष्कासित करने जैसे सख्त कदमों के बाद अब पाकिस्तान की तरफ से शिमला समझौता रद्द करने की अटकलें लगाई जा रही हैं।

मीडिया के मुताबिक प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने गुरुवार को राष्ट्रीय सुरक्षा समिति की आपात बैठक बुलाई, जिसमें इस ऐतिहासिक समझौते से हटने पर विचार किया जा सकता है। पाकिस्तान के विदेश मंत्री इशाक डार और रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने भारत के कदमों को एकतरफा और उकसावेपूर्ण करार देते हुए इसका जवाब देने की बात कही है।

1971 के युद्ध के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच शांति स्थापना के लिए 1972 में शिमला समझौता हुआ था। इसका उद्देश्य दोनों देशों के बीच विवादों को केवल द्विपक्षीय वार्ता के जरिए से सुलझाना था। इस समझौते ने नियंत्रण रेखा (एलओसी) की अवधारणा को मान्यता दी और अंतरराष्टीय मंचों से कश्मीर मुद्दे को हटाकर भारत को रणनीतिक बढ़त दी। यदि पाकिस्तान इस समझौते को रद्द करता है, तो भारत इसे पाकिस्तान की कूटनीतिक अस्थिरता और गैर-जिम्मेदाराना रवैये के रूप में प्रचारित कर सकता है। इससे अंतरराष्टीय स्तर पर पाकिस्तान की छवि को नुकसान पहुंचेगा और भारत को कश्मीर को आंतरिक मुद्दा बताकर कठोर रणनीति अपनाने की छूट मिल सकती है।

इसके अलावा एलओसी की वैधता पर सवाल उठाने से भारत पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) में अपने प्रभाव को बढ़ाने की कोशिश कर सकता है। शिमला समझौता पाकिस्तान की एकमात्र वैधता का प्रतीक है जो उसे अंतरराष्टीय मंचों पर संयमित दिखाता है।

# भारत ने हमला किया जो एकजुट हो जाएंगे पाकिस्तान के सभी दल

**इस्लामाबाद।** पहलगाम हमले के बाद पाकिस्तान काफी डरा हुआ है उसे लग रहा है कि भारत हमला कर सकता है। पाकिस्तान के पूर्व मंत्री चौधरी फवाद हुसैन मुल्क ने कहा है कि अगर भारत हमला करने की कोशिश करता है, तो राजनीतिक दलों को एकजुट होना चाहिए। रिपोर्ट्स के अनुसार, हुसैन ने लिखा, पाकिस्तान राजनीतिक रूप से बंटा हुआ है, लेकिन एक राष्ट के तौर पर हम एक साथ खड़े हैं। अगर भारत की तरफ से धमकी दी जाती है या हमला किया जाता है, तो सभी ग्रुप पीएमएल-एन, पीपीपी, पीटीआई, जेयूआई और अन्य हमारे मुल्क की सुरक्षा के लिए पाकिस्तान झंडे के तहत एकसाथ आगे बढ़ेंगे। इससे पहले इधर भारत के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सीडीएस अनिल चौहान, तीनों सेनाओं के प्रमुख और सेना के मिलिट्री ऑपरेशन के महानिदेशक के साथ बैठक की। सूत्रों ने बताया, बैठक में रक्षा मंत्री ने सैन्यबलों को आतंक के खिलाफ लड़ाई को तेज करने का निर्देश दिया है। बैठक में सैन्य अधिकारियों ने रक्षा मंत्री को बताया कि आतंकियों की तलाश में अतिरिक्त सैन्यबलों को तैनात किया गया है। इसके पहले फवाद ने कहा था, भारतीय कैबिनेट ने अपनी सुरक्षा बैठक पूरी कर ली है। उम्मीद करते हैं कि शांति बनी रहेगी और अधिकारी मीडिया के कारण पैदा हुए युद्धोन्माद के चलते लाखों लोगों की जान खतरे में नहीं डालेंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### पहलगाम के आतंकी हमले के शहीदों को दी श्रद्धांजलि

**तिंदवारी ( बांदा )।** बुधवार शाम को कस्बे के रामलीला मैदान में आम लोगों ने शोकसभा आयोजित कर पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा मारे गए निर्दोष लोगों की आत्मा की शांति हेतु दो मिनट का मौन रखते हुए ईश्वर से प्रार्थना की गई। जहां सभी ने नम आंखों से हमले में जान गंवाने वाले मासूम लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

श्रद्धांजलि कार्यक्रम में शामिल लोगों की आंखों में गुस्से के साथ-साथ गहरी पीड़ा भी साफ झलक रही थी। इस दौरान 'आतंकवाद मुर्दाबाद' और 'पाकिस्तान से व्यापार बंद करो' जैसे नारे लगाए गये। लोगों ने कहा कि अगर दहशतगर्दों को उचित सजा नहीं दी जाती है, तो वे चौन से नहीं बैठेंगे। उन्होंने आतंकवाद के खात्मे की आवश्यकता पर जोर दिया। भाजपा नेता आनंद स्वरूप द्विवेदी, पूर्व व्यापार मंडल अध्यक्ष अरविंद कुमार गुप्ता,सभासद अभिलाष गुप्ता तथा पूर्व मंडल संयोजक आलोक मिश्रा ने आतंकी हमले की कड़ी निंदा करते हुए सरकार से आतंकियों को कड़ी सजा देने की मांग की।

इस दौरान राकेश गुप्ता , लक्ष्मीकांत गुप्ता, दिनेश गुप्ता, हृदयेश श्रीवास्तव , अथर्व गुप्ता, शिवम द्विवेदी, अनिल गुप्ता , निखिल गुप्ता, सोमिल गुप्ता, आशीष गुप्ता, मुदित गुप्ता, ओमजी गुप्ता , आयुष शिवहरे, दीपांशु सिंह, प्रवीण गुप्ता, ऋतिक साहू , अजय गुप्ता आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

### स्कूल बेस्ड टीडी टीकाकरण अभियान का हुआ शुभारंभ

**बांदा।** स्कूल बेस्ड टीडी टीकाकरण अभियान का शुभारम्भ उच्च प्राथमिक विद्यालय बलखण्डीनाका कम्पोजिट छत्रसाल स्कूल स्टेशन रोड बांदा में डा. रेखा रानी अपर निदेशक, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, चित्रकूट धाम मण्डल, बांदा द्वारा किया गया। यह अभियान 24 अप्रैल से 10 मई 2025 के मध्य सोम, मंगल एवं गुरूवार शुक्रवार को चलाया जाना है। इस अभियान के दौरान जनपद के सभी राजकीय एवं निजी स्कूलों एवं मदरसों में अध्ययनरत बच्चों को टी0डी0-10 (कक्षा-05, 10 वर्ष आयु के बच्चे) तथा टीडी-16 (कक्षा-10, 16 वर्ष आयु के बच्चे) से नियमानुसार टीकाकरण स्कूलों में किया जाना है। इसके लिये जनपद के 1864 स्कूलों में टी0डी0-10 के 34428 व टी0डी0-16 के 19355 बच्चों के टीकाकरण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। बच्चों को टी0डी0 वैक्सीन के माध्यम से गलघोंटू व टिटनेस बीमारी से बचाव हेतु यह टीकाकरण अभियान चलाया जा रहा है।

इस अवसर पर डा. अजय कुमार अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, बांदा, डा. आरएन प्रसाद अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, बांदा, डा. विजय शंकर केसरवानी जिला प्रतिरक्षण अधिकारी, बांदा, डा. हामिद सैय्यद एसआरटीएल डब्लूएचओ, डा. वर्षा नायर एसएमओ डब्लूएचओ बांदा, अवंतिका तिवारी डीएमसी यूनीसेफ बांदा, श्रीमती राधा शर्मा एआरओ (आरआई), रोहित सिंह वीसीसीएम यूएनडीपी बांदा, प्रेमपाल यूएचसी एनयूएचएम बांदा एवं स्कूल स्टाफ उपस्थित थे ।

### एक राष्ट्र, एक चुनाव विषय पर संगोष्ठी का हुआ आयोजन

**बांदा।** राष्ट्रीय महिला आयोग, भारत सरकार की माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती विजया रहाटकर जी ने आज जनपद बांदा के तुलसी स्वरूप होटल में आयोजित एक राष्ट्र, एक चुनाव विषयक संगोष्ठी को संबोधित किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि ष्एक राष्ट्र, एक चुनावष् लोकतांत्रिक व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ एवं व्यवस्थित बनाने की दिशा में एक क्रांतिकारी पहल है। इससे न केवल चुनावी प्रक्रिया में पारदर्शिता आएगी, बल्कि समय, संसाधन और धन की भी बचत होगी। साथ ही शासन और विकास कार्यों में भी निरंतरता बनी रहेगी। श्रीमती रहाटकर ने कहा कि देश के प्रत्येक नागरिक को इस विषय पर जागरूक होना चाहिए और राष्ट्रहित में एकमत होकर इस महत्वपूर्ण पहल को समर्थन देना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि इससे महिलाओं की भागीदारी और राजनीतिक प्रतिनिधित्व को भी और अधिक मजबूती मिलेगी। कार्यक्रम में उपस्थितजनों ने विषय पर अपने विचार भी साझा किए और एक राष्ट्र, एक चुनाव के समर्थन में स्वर बुलंद किया। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष भाजपा कल्लू सिंह राजपूत, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती मालती गुप्ता बासु, प्रभा गुप्ता महिला डिग्री कॉलेज की प्राचार्य श्रीमती दीपाली गुप्ता जी उपाध्यक्ष रंजना गुप्ता जी उत्तर प्रदेश की अध्यक्ष श्रीमती बबीता चौहान जी सहित जनप्रतिनिधि गण एवं विभागों से संबंधित अधिकारी एवं महिलाएं उपस्थित रहीं।

# चरका खण्ड पांचः यमुना के अस्तित्व पर मंडरा रहे खतरे के बादल

### जिम्मेदारों के राज में उड़ाई जा रही खनन नीति की धज्जियां

### लोनिवि की रोड को मिट्टी डालकर किया समाप्त






**बांदा।** बबेरू तहसील क्षेत्र अंतर्गत मरका थाना क्षेत्र के चरका की यमुना नदी में स्थित खण्ड संख्या में पांच में अवैध खनन थमने का नाम नहीं ले रहा है। जिम्मेदारों के संरक्षण में यमुदा नदी का भक्षण होना आम बात हो चुकी है। इस खदान में धड़ल्ले से खनन नीति की धज्जियां जमकर उड़ाई जा रही है। ग्रामीणों के अनुसार सीमा क्षेत्र के बाहर अवैध खनन कार्य जोरों पर चल रहा है। इसके अलावा नदी की जलधारा में दिनरात भारी-भरकम मशीनों को तांडव करते देखा जा सकता है। खनिज महकमे की सुस्ती कहें या जिम्मेदारों का संरक्षण खैर जो भी हो लेकिन सरकारी राजस्व को रोजाना लाखों रूपये का चूना लग रहा है।

खनन कारोबारियों द्वारा चरका खण्ड पांच की खदान में यमुना नदी का सीना छलनी कर बीच जलधारा से पोकलैंड मशीनों से मोरम निकाल रहे है। भारी भरकम पोकलैंड मशीनों से खुलेआम अवैध खनन किया जा रहा है। इन खदानों में एनजीटी के दिशा निर्देशन को तक में रखते हुए भारी पोकलैंड मशीनों की मदद से यमुना की जलधारा से मोरम निकाली जा रही है। वही गांव के लोगों ने बताया कि ट्रकों के आवागमन से वे सभी परेशान हो चुके हैं। बताया कि पीडब्ल्यूडी की रोड के ऊपर से मिट्टी डालकर सड़क को समाप्त कर दिया गया है। और उसी सड़क के ऊपर से ओवरलोड मोरम के ट्रक भरवा कर निकाले जा रहे हैं। जिस गांव की सड़क भी खराब हो रही हैं। जिससे राजस्व को लाखों का नुकसान हो रहा है, खदान संचालक अपने क्षेत्र से बाहर काफी गहराई से यमुना नदी के बीच जलधारा को रोककर अवैध खनन कर रहे हैं। जिससे नदी के अंदर पाए जाने वाले जलीय जीव जंतु मछली कछुआ की जान से भी खदान संचालक माफिया खेल रहे हैं। प्रशासन और पुलिस की चुप्पी से खदान संचालकों के हौसले बुलंद है। हालांकि खदान में हो रहे इस अवैध खनन और ओवरलोडिंग पर प्रशासन और पुलिस की चुप्पी सवाल खड़े कर रही है। वहीं जब स्थानीय लोगों से बात की गई तो, कैमरे के सामने बात नहीं किया लेकिन ऐसे बताया कि ऊपर तक खनन माफियाओं की सेटिंग है, तब ही इस तरह का अवैध खनन चल रहा है। खदान संचालक राजस्व का नुकसान कर सैकड़ो ओवरलोड गाड़ियों के कारण राजस्व को भारी नुकसान लग रहे हैं। इसके बावजूद भी अधिकारी के कान पर जूं तक नहीं रेंग रही है। ग्रामीणों की माने तो इसमें जनप्रतिनिधि भी शामिल है। अब देखने वाली बात यह है कि रंजन के राज में इस खदान में कब तक योंही अवैध खनन कार्य किया जाता रहेगा। या फिर खनिज महकमे के कानों में कब जूं रेंगेगी।

### अवैध खनन मिलने पर होगी सख्त कार्यवाहीः खनिज अधिकारी



**बांदा।** वहीं इस संबंध में जब खनिज अधिकारी राज रंजन से सीयूजी मोबाइल पर बात की गई तो उन्होंने बताया कि यदि चरका खण्ड पांच की खदान में अवैध खनन या कुछ भी इनलीगल माइनिंग किसी भी हालत में नहीं होने दी जायेगी। वह बहुत जल्द ही टीम भेजकर चरका खण्ड पांच की खदान में जाचं करायेंगे। यदि खदान में कुछ भी अवैध मिला तो जिम्मेदारों को किसी भी हालत में बख्शा नहीं जायेगा। वहीं जब उनसे पूंछा कि पिछले दिनों ग्रामीणों ने बबेरू में प्रदर्शन किया था व ज्ञापन सौंपकर कार्यवाही की मांग की थी तो उन्होंने बताया कि उनको जानकारी नहीं है। फिर भी दिखवाते हैं, यदि कोई समस्या है तो उसका समाधान किया जायेगा।

# सेवानिवृत्त कार्मिकों के भुगतान एवं पेंशन प्रकरणों को समय से निस्तारित करें: पवन कुमार

### उत्तर प्रदेश विधान परिषद की वित्तीय एवं प्रशासकीय विलम्ब समिति की बैठक हुई सम्पन्न



**बांदा।** उत्तर प्रदेश विधान परिषद की वित्तीय एवं प्रशासकीय विलम्ब समिति के सभापति पवन कुमार सिंह की अध्यक्षता में एवं समिति के सदस्यों की उपस्थिति में विकास भवन सभागार बॉदा में बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में सभापति पवन कुमार सिंह द्वारा जनपद के अधिकारियों के साथ विगत तीन वर्ष के भीतर निस्तारित वित्तीय प्रकरणों एवं सभी कार्यालयों के द्वारा जनवरी, 2019 से दिसम्बर, 2022 के मध्य सेवानिवृत्त कार्मिकों से सम्बन्धित पेंशन प्रकरणों, ग्रेजुटी एवं अन्य देयकों के भुगतान की स्थिति, मृतक आश्रितों को सेवायोजित किये जाने के मामलों आदि की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिये कि सेवानिवृत्त कार्मिकों के भुगतान एवं पेंशन से सम्बन्धित प्रकरण समय से निस्तारित किये जायें, ऐसे प्रकरण अधिक दिनों तक लम्बित नही रहने पायें। उन्होंने कार्मिकों के जीपीएफ देयकों के भुगतान समय पर कराये जाने के निर्देश दिये तथा उन्होंने निर्देशित किया कि कार्मिकों के देयकों के मामलों का शीघ्रता से निस्तारण किया जाए। उन्होंने बैठक में अनुपस्थित प्रधानाचार्य आईटीआई, होमगार्ड कामण्डेन्ट के अनुपस्थित रहने पर अनुपस्थित अधिकारियों को नोटिस जारी किये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने पुलिस विभाग के अधिकारियों को भी पुलिस विभाग से सम्बन्धित पेंशन, ग्रेजुटी एवं देयकों का समय से भुगतान एवं मृतक आश्रितों के मामलों में समय से निस्तारण कराये जाने के निर्देश दिये।

बैठक में सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों के साथ उत्तर प्रदेश विधान परिषद की वित्तीय एवं प्रशासकीय विलम्ब समिति द्वारा विगत तीन वर्षों में दिये गये वित्तीय एवं प्रशासकीय आय-व्यय से सम्बन्धित एवं कार्यवाही की अद्यतन स्थिति एवं योजनाओं पर आवंटित बजट के सम्बन्ध में समीक्षा करते हुए जानकारी लेते हुए सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने जिला विद्यालय निरीक्षक को दसमोत्तर छात्रवृत्ति के लिए सभी विद्यालयों से छात्रवृत्ति के आवेदन आनलाईन प्राप्त कर छात्रवृत्ति दिलाने के निर्देश दिये।

उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा मेडिकल सुविधाओं में सुधार किये जाने के साथ चिकित्सकों की कमी को दूर करने हेतु समिति के स्तर से शासन में इस समस्या के हल करने में कार्यवाही करते हुए सहयोग प्रदान किया जायेगा।

उन्होंने सभी विभागों के अधिकारियों को मृतक आश्रितों के लोगों को सेवायोजित किये जाने हेतु समय से कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये। बैठक में सिंचाई विभाग के द्वारा संचालित योजनाओं के सम्बन्ध में अवगत कराया गया कि केन बेतवा लिंक परियोजना का कार्य शीघ्र प्रारम्भ किया जायेगा। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में मिनी स्पोर्टस स्टेडियम निर्माण कराये जाने हेतु प्रस्ताव लाने के निर्देश दिये। उन्होंने विद्युत विभाग के अधिशाषी अभियंता को सभी ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में निर्धारित अवधि में विद्युत आपूर्ति कराये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने गर्मी के मौसम के दृष्टिगत पेयजल की समुचित व्यवस्था हेतु जल संस्थान एवं सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिये। बैठक में समिति के सभापति एवं सदस्यों का जिलाधिकारी द्वारा द्वारा सम्मानित किया गया। बैठक में समिति के सदस्य जितेन्द्र सिंह सेंगर, विधायक नरैनी श्रीमति ओममणि वर्मा सहित समिति के अन्य सदस्यगण एवं जिलाधिकारी जे0रीभा, मुख्य विकास अधिकारी वेद प्रकाश मौर्य, अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 राजेश कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज, सम्बन्धित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# अज्ञात कारणों के चलते लगी आग से दों किसानों की मकान जले



**अतर्रा/बांदा।** अज्ञात कारणों से घर में लगी आग से पशुबाडा अटारी सहित जहां दो किसनो के मकान जलकर स्वाहा हो गए वही एकऔर जहां लाखों की नगदी व सोने चांदी के जेवर जल गए वही दो मवेशी भी आज की चपेट में आ गई सूचना पर पहुंची दमकल की टीम ने भारी मशक्कत के बाद आज में काबू पाया।

थाना अंतर्गत अतर्रा ग्रामीण के गयादीन का पुरवा में गुरुवार को जिस समय पुरवा के अधिकांश लोग एक बधाई कस्बे के प्रसिद्ध तीर्थ स्थल गौरा बाबा धाम में थे दोपहर में रामचंद्र यादव पुत्र रघुनंदन यादव के घर में अज्ञात कर्म से आग लग गई जिसमें उसका मकान अटारी जलकर पूरी तरह से स्वाहा हो गया जिसमें ग्रामीणों के अनुसार एक लाख नगदी सोने चांदी के जेवरात हुआ खाने का अनाज घर गृहस्ती का लाखों रुपए का सामान जल गया बगल से ही राम प्रताप पुत्र रामेश्वर के मकान व पशुबाड़े को भी आग ने अपनी चपेट में ले लिया और यहां भी घर गृहस्ती का सामान सहित दो भैंसे की जलने की खबर है सूचना पर पहुंची दमकल की टीम ने भारी मशक्कत के बाद आग में काबू पाया तहसीलदार सुशील कुमार वर्मा ने बताया कि मौके पर हल्का लेखपाल कानून को भेज कर किसानों के नुकसान का आकलन कराया जा रहा है।

# मानव एकता दिवस के अवसर पर निरंकारी भक्तों ने 60 यूनिट रक्तदान किया



### मानव एकता दिवस, निष्काम सेवा का अनुपम संकल्प

**बांदा।** गुरूवार को मानव एकता दिवस के अवसर पर संत निरंकारी सत्संग भवन, शास्त्री नगर, अलीगंज, बांदा में, संत निरंकारी मिशन की सामाजिक शाखा संत निरंकारी चौरिटेबिल फाउंडेशन के तत्वाधान में सत्संग समाप्ति के बाद एक विशाल स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन प्रात: 9.30 बजे से दोपहर 2.00 बजे तक क्षेत्रीय संचालक डा0 सुरेश सिहं जी की देखरेख में सम्पन्न हुआ। जिसमें निरंकारी सेवादल एवं श्रद्धालु भक्तों द्वारा 60 यूनिट रक्तदान उत्साह पूर्वक किया।

यह रक्दान शिविर शहर बांदा के अलावा झांसी, ललितपुर, मऊरानीपुर, हमीरपुर, महोबा, चित्रकूट आदि सत्संग भवनों में भी आयोजित किये गये। एवं इस अवसर पर इन सभी ब्रांचों में सत्संग कार्यकम आयोजित किये गये। रक्त संग्रह करने हेतु जिला चिकित्सालय बांदा के योग्य चिकित्सकों की टीम समस्त उपकरणों सहित इस पुनीत कार्य में उपस्थित रहे प्रेम और भाईचारे की भावना को उजागर करता 'मानव एकता दिवस निरंकारी मिशन द्वारा प्रति वर्ष 24 अप्रैल को बाबा गुरबचन सिंह जी की पावन स्मृति में श्रद्धा और आध्यात्मिक भावनाओं से परिपूर्ण वातावरण में आयोजित किया जाता है। यह दिन केवल पुण्य स्मरण का अवसर नहीं, अपितु मानवता, सौहार्द और एकत्व की भावनाओं का एक आत्मिक संगम है। मानव एकता दिवस के अवसर पर मिशन द्वारा देशभर में रक्तदान की प्रेरक श्रृंखला आरंभ होती है, जो नि:स्वार्थ सेवा भावना की सामूहिक जागृति का स्वरूप बनकर पूरे वर्ष समाज में प्रवाहित होती रहती है। इसके साथ ही सत्संग कार्यक्रमों के माध्यम से प्रेम, शांति और समरसता का प्रकाश भी जन-जन तक पहुँचाया जाता है। यह दिन इस बात का परिचायक है कि सेवा केवल एक कार्य नहीं, अपितु निष्काम समर्पण का आत्मिक भाव है।

इस वर्ष भी, संत निरंकारी चौरिटेबल फाउंडेशन द्वारा पूरे भारतवर्ष की लगभग 500 से अधिक ब्रांचों पर भव्य रक्तदान शिविरों की अविरल शृंखला आयोजित की गई। दिल्ली स्थित ग्राउंड नंबर 8, निरंकारी चौक बुराड़ी में आयोजित हुआ रक्तदान शिविर विशेष रूप से केंद्र बिंदु रहा, जहाँ श्रद्धालु अधिक संख्या में सम्मिलित हुए। सभी ने पूर्ण उत्साह और समर्पण के साथ स्वेच्छा भाव से रक्तदान कर मानव कल्याण में अपना सहयोग दिया। यह महाअभियान केवल रक्तदान नहीं, बल्कि सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज की करुणा, सेवा और एकत्व के संदेश को जीवन में उतारने का सजीव माध्यम है जो हमें सिखाता है कि मानवता ही सर्वोच्च धर्म है। इसी प्रेरणा से प्रेरित संत निरंकारी मिशन, सेवा और समर्पण के पथ पर निरंतर मानवता का मार्ग प्रशस्त कर रहा है।

# राज्यमंत्री ने सीएम से मुलाकात कर समस्याओं का सौंपा पत्र



**बांदा।** तिन्दवारी विधानसभा के समग्र विकास के संकल्प के साथ क्षेत्रीय विधायक एवं प्रदेश सरकार के जलशक्ति राज्य मंत्री रामकेश निषाद ने बुधवार को प्रदेश की राजधानी लखनऊ में अपनी विधानसभा के वर्तमान तथा निवर्तमान मंडल अध्यक्षों को साथ लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से भेंट की और उन्हें प्रमुख समस्याओं से अवगत कराते हुए मांग पत्र सौंपा।

उक्त मामले की जानकारी देते हुए मीडिया प्रभारी आनन्द स्वरूप द्विवेदी ने बताया कि बुधवार को तिंदवारी विधानसभा के जसपुरा मंडल अध्यक्ष नरेंद्र साहिब सिंह तथा निवर्तमान मंडल अध्यक्ष अनूप सिंह, पैलानी मंडल अध्यक्ष धर्मेन्द्र गुप्ता तथा निवर्तमान मंडल अध्यक्ष अमित निगम, तिंदवारी मंडल अध्यक्ष अनूप तिवारी, निवर्तमान मंडल अध्यक्ष मटौंध श्यामबाबू पाल ने जलशक्ति राज्य मंत्री रामकेश निषाद के नेतृत्व में सूबे के मुखिया से मिले और उन्हें यहां की प्रमुख समस्याओं से अवगत कराते हुए मांग पत्र सौंपा। सौंपे गए मांग पत्र में तिंदवारी में सामूदायिक स्वस्थ केंद्र, बारा-गलौली पुल, जसपुरा पी एच सी को 50 बेड अस्पताल, जसपुरा ब्लाक के गडरिया-खेवनडेरा के बीच नदी में लघु सेतु, पैलानी को ब्लाक बनाने के साथ साथ तिंदवारी विधानसभा के विभिन्न धार्मिक स्थलों को पर्यटक स्थल बनाने के अलावा जिले में विद्युत समस्या से निदान की मांग की गई। जिस पर मुख्यमंत्री द्वारा सभी वाजिब मांगों को पूरा करने का आश्वासन दिया गया।

### माटीकला का कार्य करने वाले कारीगर ऋण के लिए करें आवेदन

**बांदा।** जिला खादी ग्रामोद्योग अधिकारी बांदा ने बताया है कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में जनपद-बाँदा को मुख्यमंत्री माटीकला रोजगार योजनान्तर्गत धनराशि 09.20 लाख रोजगार-12 का लक्ष्य निर्धारित है, जिसमें ग्रामीण एवम् नगरीय क्षेत्रों में माटीकला से सम्बंधित कार्य करने वाले परम्परागत कारीगरों, जिनकी उम्र 18 वर्ष से 55 वर्ष है। मुख्यमंत्री माटीकला ग्रामोद्योग रोजगार योजना के तहत विभिन्न प्रकार के मिट्टी के बर्तन बनाने और बेंचने का कार्य करने हेतु अधिकतम रू0-10.00 लाख तक का ऋण निर्धारित है। इसमें लाभार्थी को 05: अंशदान स्वयं लगाना होगा तथा 95: धनराशि ऋण के रूप में बैंक द्वारा स्वीकृत होगी। जिसमें कार्यशील पूँजी को छोंडकर शेष पूंजीगत ऋण धनराशि पर 25: तक की धनराशि मार्जिनमनी के रूप में प्राप्त होगी। ऋण प्राप्त करने हेतु माटीकला का कार्य करने वाले इच्छुक महिला/पुरुष 30 अप्रैल, 2025 तक आवेदन कर सकते हैं। अधिक जानकारी हेतु जिला ग्रामोद्योग कार्यालय, शान्ति सदन कटरा, बाँदा से सम्पर्क कर एवं मोबाईल नम्बर-7651871625, 9580503143, 8957185868 पर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

# नवागंतुक ने एसपी ने ग्रहण किया पदभार




### पुलिस कार्यालय की शाखाओं का किया गया निरीक्षण

**बांदा।** गुरूवार को नवागंतुक पुलिस अधीक्षक बांदा पलाश बंसल द्वारा पदभार ग्रहण करने के उपरांत पुलिस कार्यालय में जनसुनवाई की गई, इस दौरान आगंतुक लोगों की शिकायतें गम्भीरता से सुन उनके त्वरित निस्तारण हेतु संबंधित को निर्देशित किया गया ।पुलिस अधीक्षक बांदा द्वारा पुलिस कार्यालय की शाखाओं का निरीक्षण किया गया, इस दौरान उनके द्वारा जन शिकायत प्रकोष्ठ, प्रधान लिपिक शाखा, रिट शाखा, जांच शाखा, आंकिक शाखा आदि शाखाओं के अभिलेखों के रखरखाव, कार्य प्रणाली, शिकायत निस्तारण प्रक्रिया की गहनता से समीक्षा की तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिए ।

» न्यूज कैप्सूल »

## मायके में रह रही विवाहिता ने ससुराली जनों पर लगाया गाली गलौज मारपीट कर घरेलू हिंसा करने का आरोप

**ललितपुर।** थाना बालाबेहट क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम महोली अपने मायके में रहने वाली विवाहिता ने अपने पति सहित तमाम ससुराली जनों पर गाली गलौज मारपीट कर घरेलू हिंसा करने का आरोप लगाया। उक्त घटना के संबंध में पीड़िता द्वारा दिए गए शिकायती पत्र के आधार पर पुलिस ने सुसंगत धाराओं में मामला पंजीकृत कर विवेचना प्रारंभ कर दी है। ग्राम महोली निवासी श्रीमती रोशनी पुत्री हरिराम ने थाना बालाबेहट पुलिस को शिकायती पत्र देते हुए अवगत कराया कि उसके पिता हरिराम ने उसकी शादी थाना मड़ावरा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम गढोली निवासी तुलसीराम से संपन्न कराई थी। लेकिन उसका पति सहित तीन अन्य ससुराली जान उसे दहेज के लिए प्रताड़ित करते हुए गाली गलौज कर मारपीट करते थे तथा जान से मारने की धमकी देकर घरेलू हिंसा करते थे। ससुराली जनों की प्रताड़ना से तंग आकर वह अपने पिता के घर मायके में आकर रहने लगी। थाना बालबेहट पुलिस ने मामले को संज्ञान में लेकर विवाहिता द्वारा दिए गए शिकायती पत्र के आधार पर सभी विपक्षियों के खिलाफ 115(2), 352, 351(3), 85 धाराओं में मामला पंजीकृत कर विवेचना प्रारंभ कर दी है।

## विवाद के दौरान दबंग विपक्षी ने महिला को दबोच कर गाली गलौज मारपीट कर दी जान से मारने की धमकी

**ललितपुर।** थाना मड़ावरा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम राजोला में रहने वाली एक महिला ने गांव के ही दबंग विपक्षी पर विवाद के चलते गाली गलौज कर मारपीट करने तथा जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया। उक्त घटना के संबंध में पीड़िता द्वारा दिए गए शिकायती पत्र पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया है। ग्राम राजोला निवासी श्रीमती आरती पत्नी पुष्पेंद्र लोधी ने थाना मड़ावरा पुलिस को शिकायती पत्र देते हुए अवगत कराया दिनांक 23 अप्रैल 2025 को सुबह खरीद 6़00 बजे उसका विवाद उसके ही मोहल्ले में रहने वाले दबंग प्रवृत्ति के विपक्षी लाल सिंह पुत्र हरिराम से हो गया था। इस दौरान दोनों के बीच जमकर कहासुनी हुई। इस कहासुनी से आक्रोशित दबंग विपक्षी लाल सिंह ने उसे मौके पर दबोच लिया और उसके साथ सरेआम गाली गलौज करते हुए मारपीट की तथा जान से मारने की धमकी भी दी। थाना मड़ावरा पुलिस ने मामले को संज्ञान में लेकर पीड़िता द्वारा दिए गए शिकायती पत्र के आधार पर विपक्षी के खिलाफ 115(2), 352, 351(2), 351(3) धाराओं में मामला पंजीकृत कर विवेचना प्रारंभ कर दी है।

## उधार सामान ना देने पर दबंगों ने दुकान में घुसकर महिला के साथ गाली गलौज मारपीट कर दी धमकी

**ललितपुर।** सदर कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत गांधीनगर चंडी माता मंदिर के पास एक दुकान रखकर अपने परिवार का भरण पोषण करने वाली महिला के साथ दबंग विपक्षियों ने इसलिए गाली गलौज कर मारपीट की और दुकान के समान को तोड़फोड़ दिया, कि उसने उन्हें उधार सामान देने से मना कर दिया था। उक्त घटना के मामले में पीड़िता द्वारा दिए गए शिकायती पत्र पर पुलिस ने दोनों ही दबँग नामजदों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। शहर के मोहल्ला गांधीनगर चंडी माता मंदिर के पास रहने वाली श्रीमती सुमन लता पत्नी अजय कुमार जैन ने सदर कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र देते हुए अवगत कराया कि वह अपने पति के साथ मोहल्ले में ही छोटी सी किराने की दुकान रखकर अपना और अपने परिवार का भरण पोषण करती है। बताया गया कि दिनांक 22 अप्रैल 2025 को सुबह 9़00 बजे जब वह अपनी दुकान पर बैठी हुई थी, तभी उसके ही मोहल्ले में रहने वाला दबंग प्रवृत्ति का विपक्षी निखिल तिवारी पुत्र राजीव तिवारी अपने एक अन्य साथी के साथ आया और दुकान से उधार सामान मांगने लगा। जब उसने उन्हें उधार सामान देने से मना किया, तब दोनों ही दबंगों ने उसके साथ सरेआम गाली गलोज करना शुरू कर दिया। इस दौरान जब उसने विपक्षियों की इस हरकत पर बिरोध जताया, तब दबंगों ने दुकान में घुसकर उसके साथ सरेआम मारपीट की और जान से मारने की धमकी देकर दुकान में रखे हुए सामान को तोड़फोड़ कर उसका नुकसान कर दिया। सदर कोतवाली पुलिस ने मामले को संज्ञान में लेकर पीड़िता द्वारा दिए गए शिकायती पत्र के आधार पर दोनों ही दबंग आरोपियों के खिलाफ 333, 324(2), 115(2), 352, 351(3) धाराओं पंजीकृत कर विवेचना प्रारंभ कर दी है।

## मुंबई से गोण्डा के लिए गेट पर बैठकर यात्रा कर रहे नेपाली नागरिक की चलती ट्रेन से गिरकर हुई मौत

**ललितपुर।** मुंबई से गोंडा के लिए यात्रा कर रहे यात्री की चलती ट्रेन में लगे झटके से गिरकर मौत हो गई। इस दौरान उसका भाई उसके साथ यात्रा कर रहा था, जिसने उक्त घटना की सूचना पुलिस और परिजनों को दी। जिसके बाद पुलिस ने यात्री के शव को रेल पटरीयों से उठाकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। बताया गया है की बोगी के गेट पर बैठकर यात्रा करने के कारण यात्री उक्त हादसे का शिकार हुआ। मिली जानकारी के अनुसार नेपाल के करनाली प्रदेश के जनपद सुरखेत के थाना सिंचू अंतर्गत ग्राम जाहिरे निवासी 28 बर्षीय बालाकिशन बसनेट पुत्र वीर सिँह बसनेट दो दिन पूर्व मुंबई से नेपाल जा रहा था। उसके पास गोण्डा तक का जनरल टिकट था, इस दौरान वह बोगी के गेट पर बैठकर यात्रा कर रहा था।

# मुंबई में बीएमसी द्वारा तोड़े गए जैन मंदिरों और पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले को लेकर जैन समाज में पनपा आक्रोश





### मामलों को लेकर किए गए विरोध प्रदर्शन में सर्व समाज के सभी वर्गों और सभी धर्म के लोगों ने लिया भाग

### दिगंबर जैन अटा मंदिर से लेकर कलेक्ट्रेट परिसर तक लोगों मंदिर तोड़ने एवं आतंकवाद के खिलाफ जमकर धरना प्रदर्शन कर की नारेबाजी

### महामहिम एवं प्रधानमंत्री को संबोधित कर मुंबई में पुनः मंदिर बनाए जाने और आतंकवाद पर लगाम लगाने की उठाई मांग

**ललितपुर।** पहलगाँव में पर्यटन के दौरान आतंकवादियों के हमले शहीद हुए पर्यटकों की हुई मौत और मुंबई में बीएमसी द्वारा कुछ समय पूर्व तोड़े गए जैन मंदिर की घटना से समाज के सभी वर्गों और सभी धर्म के लोग आक्रोशित दिखाई दे रहे हैं। इसी को लेकर जनपद की समस्त दिगंबर जैन समाज के साथ-साथ सभी धर्म और सभी वर्गों के लोगों ने अपना आक्रोश व्यक्त किया एयर जैन समाज के साथ-साथ कदम से कदम मिलाकर चलते हुए शहर की सड़कों से प्रदर्शन करते हुए क्लैक्ट्रेट परिसर पहुंचे, जहां उन्होंने देश विरोधी ताकतों और मंदिर तोड़े जाने के विरोध में जमकर नारेबाजी की। इस दौरान उन्होंने देश की महामहाम राष्ट्रपति महोदय के साथ-साथ प्रधानमंत्री मुख्यमंत्री को संबोधित कर जिला अधिकारी को ज्ञापन सोपा और दोनों ही मामलों में जल्द से जल्द कार्यवाही की मांग उठाई। इस दौरान उन्होंने मुंबई में तोड़े गए जैन मंदिर को पुनः बनवाए जाने की मांग उठाते हुए पल गांव में आतंकवादी गतिविधियों पर लगाम लगाने की मांग उठाई।

पहलगाँव में पर्यटन के दौरान आतंकवादियों के हमले शहीद हुए पर्यटकों की हुई मौत और मुंबई में बीएमसी द्वारा कुछ समय पूर्व तोड़े गए जैन मंदिर की घटना को लेकर गुरुवार को सकल दिगंबर जैन समाज ललितपुर द्वारा एक रैली का आयोजन किया गया यह रैली सावरकर चौक स्थित दिगंबर जैन अटा मंदिर से शुरू होकर कलेक्ट परिसर में समाप्त हुई। इस रैली में समाज के सभी वर्गों और सभी धर्म के साथ-साथ राजनीतिक पार्टियों ने भी अपनी उपस्थिति इसलिए दर्ज कराई की सभी लोग इन दोनों ही घटनाओं से काफी आक्रोशित और आहत है। वास्तव में दोनों ही



घटनायें हृदय बिदार्क घटनाएं हैं, जिनमें पहली घटना ने जैन धर्म की आस्था पर गहरी चोट पहुंचाई तो दूसरी घटना ने देश के सभी हिंदुओं की भावनाओं पर कुठराघात किया, जिस हिंदू वर्ग की धार्मिक भावनाएं आहत हुई। बतातें चलें कि कुछ समय पूर्व मुंबई में बने हुए दिगंबर जैन मंदिर को बिना किसी सूचना के बिना किसी नोटिस जारी किए अबैध निर्माण बताकर ध्वस्त कर दिया गया था, जिससे संपूर्ण जैन समाज की धार्मिक भावनाएं आहत हुई थी। इसके साथ ही कुछ दिनों पूर्व धरती का स्वर्ग कहे जाने वाले जम्मू कश्मीर में कुछ पर्यटक घूमने के लिए आए थे जहां आतंकवादियों ने पर्यटकों की कैंप पर हमला किया और चुन चुन कर हिंदू पर्यटकों की जगह और नीरस हत्या उनके ही पत्नी और बच्चों के सामने कर दी थी। इन्हीं दोनों घटनाओं को लेकर जैन समाज के साथ-साथ समाज के सभी वर्गों और सभी धर्म के लोगों ने इस रैली में अपनी भागीदारी निभाई और शहर की सड़कों से रैली निकाल कर कलेक्ट परिसर पहुंचे जहां उन्होंने देश के महामहाम राष्ट्रपति महोदय के साथ-साथ देश के प्रधानमंत्री और प्रदेश के मुख्यमंत्री को संबोधित कर जिला अधिकारी क्षेत्र पार्टी को ज्ञापन सौंपा। दिए गए ज्ञापन में अवगत कराया गया कि जिस तरह जैन आस्था पर हमला करते हुए मुंबई में जैन मंदिर को तोड़ दिया गया, वह काफी दुखद घटना है जैन समाज की मांग है कि महाराष्ट्र सरकार इस स्थान पर दोबारा समाज के मंदिर का निर्माण कराये जिसमें समाज भी अपना योगदान देगी। इसके साथ ही पहलगाँव में पर्यटकों के साथ आतंकवादियों द्वारा जी हृदय बाजार घटना को अंजाम दिया गया उसे पर संपूर्ण जैन समाज के साथ-साथ संपूर्ण हिंदू जाति सभी धर्म और सभी वर्गों के लोग अपना दुख व्यक्त करते हैं और देश की राष्ट्पति महोदय के साथ-साथ प्रधानमंत्री से यह आवाहन करते हैं कि वह इस मामले में कठोर निर्णय लेते हुए उसे इलाके को आतंकवादियों के चुंगल से मुक्त करने का काम करें ताकि एक बार फिर जम्मू कश्मीर धरती का स्वर्ग बन सके और इस स्वर्ग में देशवासी बिना किसी भय के घूम कर पर्यटन का आनंद ले सकें। इस कार्यक्रम में दिगंबर जैन पंचायत के अध्यक्ष अक्षय टडैया के साथ समस्त दिगंबर जैन पंचायत के पदाधिकारी सदस्य साथ-साथ समूची जैन समाज एवं सभी भागों सभी धर्म एवं राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधि शामिल रहे।

### बुधबार की शाम भाजपा ने भी निकाला था कैंडल मार्च

पहलगाँव में पर्यटन के दौरान आतंकवादियों के हमले शहीद हुए पर्यटकों की हुई मौत पर श्रद्धांजलि देने के लिए भाजपा द्वारा कैंडल मार्च निकला गया था। इस दौरान शहर के सावरकर चौक से लेकर घंटाघर तक पैदल मार्च निकलकर कर श्रद्धांजलि दी गई थी। इस अवसर पर पाकिस्तान मुर्दाबाद और आतंकवादियों का नाश हो के नारे लगाए गए। जल्द ही आतंकवादियों का नामोनिशान मिटाने का आवाहन भी किया गया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष हरिश्चंद्र रावत ने कहा कि धारा तीन सौ सत्तर हटने के बाद कश्मीर के आतंकवादी और पाकिस्तानी आतंकवादी बहुत रंज में थे तथा कुछ खतरनाक करने का मंसूबा बनायें थे लेकिन सेना के आगे बेबस थे। फिर भी मौका पड़ते ही वे अपने घ्रणित मंसूबों में सफल हो ही गये मैं उनकी इस कायराना हरकत की भरसक भर्त्सना करता हूं शोक-संतप्त परिवारों को सांत्वना व्यक्त करता हूं तथा आतंकवादियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग करता हूं। श्रम सेवा राज्यमंत्री मनोहर लाल पंथ उर्फ मन्नू कोरी ने कहा कि आतंकवादी पुरानी हरकत पर फिर उतर रहे हैं और इसका खामियाजा उन्हें नेस्तनाबूद होकर भोगना ही होगा। सदर विधायक रामरतन कुशवाहा एड ने कहा कि जल्द ही आतंकवादियों को उनके सही स्थान पर पहुंचा दिया जायेगा और साथ ही पाकिस्तान भी इसकी सजा भोगेगा। शीघ्र ही पी ओ के भी हमारे हाथ में होगा और आतंकवादियों के साथियों की भी पहचान कर उन्हें उनके अंजाम तक पहुंचाया जायेगा। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष हरिश्चंद्र रावत, श्रम सेवा राज्यमंत्री मनोहर लाल पंथ उर्फ मन्नू कोरी, सदर विधायक रामरतन कुशवाहा एड, जिला पंचायत अध्यक्ष कैलाश नारायण निरंजन, बरिष्ठ नेता अशोक गोस्वामी, बुन्देलखण्ड विकास बोर्ड के सदस्य प्रदीप चौबे, पूर्व अध्यक्ष गण हरीराम निरंजन, जगदीश सिंह लोधी एड, रमेश कुमार सिंह लोधी एड, राजकुमार जैन, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि मुन्ना लाल जैन, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष रमेश कुमार खटीक, जिला महामंत्री बब्बू राजा बुन्देला, महेश श्रीवास्तव भैया, बंशीधर श्रीवास, बलराम सिंह लोधी, हरीराम राजपूत, डा राजकुमार जैन, रामेश्वर प्रसाद सड़ैया, जिला मीडिया प्रभारी देवेन्द्र गुरु, युवा मोर्चा क्षेत्रीय उपाध्यक्ष गौरव गौतम, नगर अध्यक्ष भगत सिंह राठौर, पूर्व नगर अध्यक्ष मनीष अग्रवाल, अल्पसंख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष नासिर मंसूरी, दिनेश गोस्वामी एड, सुरेश बड़ैरा, गन्धर्व सिंह लोधी, डा दीपक चौबे, मोहन लाल रैकवार, जिला मंत्री गण निखिल तिवारी, गौरव चौधरी, रजनी अहिरवार, रमेश नझाई, ध्रुव सिंह सिसौदिया, दीपक पाराशर, रुपेश साहू, कमलापति रिछारिया, किरन सैन, नरेंद्र कड़की, लक्ष्मी रावत, अनुपमा जैन, पार्वती खटीक, रामरती रैकवार, रानी जहां, अनुराग जैन शैलू, अशोक साहू दाऊ, अजय जैन साईकिल सहित तमाम भाजपाई शामिल रहे।

# पुलिस और आबकारी विभाग की छापेमारी में जनपद पुलिस ने अवैध रूप से बेची जा रही 66 फरूटी शराब और 260 लीटर देसी कच्ची शराब की बरामद

### अवैध शराब की बिक्री में तीन पुरुष और साथ महिलाओं को भी किया गिरफ्तार

**ललितपुर।** जनपद में अपराध और अपराधियों पर लगाम लगाए जाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे अभियान के दौरान पुलिस और आबकारी विभाग की टीम ने संयुक्त रूप से कार्यवाही करते हुए जनपद के थानों और कोतवाली क्षेत्र से अवैध रूप से बेचे जाने वाली फरूटी शराब के पाउच और करीब ढाई सौ लीटर अवैध देसी कच्ची शराब बरामद की। इसके साथ ही पुलिस ने तीन महिलाओं और 6 पुरुषों को गिरफ्तार कर उन पर मामला भी पंजीकृत किया।

पिछले करीब दो महीनों में ग्रामीण इलाकों से लेकर शहरी इलाकों तक लोगों ने कलेक्ट्रेट परिसर में धरना प्रदर्शन कर अवैध शराब की बिक्री पर लगाम लगाए जाने की मांग उठाई थी। जिसके क्रम में पुलिस अधीक्षक द्वारा दिए गए निर्देशों की परिपेक्ष में जनपद में अवैध शराब की बिक्री पर लगाम लगाए जाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे अभियान के दौरान आबकारी विभाग के साथ थाना जाखलौन पुलिस में तैनात उप निरीक्षक नीरज कुमार मिश्रा द्वारा छापामार कार्रवाई करते हुए कस्बे से 20 अदद अवैध रूप से बेचे जाने वाली देसी शराब के फरूटी पाउच बरामद किए और अवैध रूप से शराब बेचने के आरोप में कस्बे के मोहल्ला खुशीपुरा निवासी सौरभ पुत्र मोहन को गिरफ्तार किया। इसके साथ ही उप निरीक्षक राजेंद्र कुमार सिंह ने कार्यवाही करते हुए वन विभाग चौकी के पास से सत्येंद्र पुत्र स्वर्गीय बद्री प्रसाद निवासी खुशीपुरा को भी 20 फरूटी पाउच के साथ गिरफ्तार किया। थाना मदनपुर पुलिस में तैनात उप निरीक्षक कुलदीप कुमार द्वारा कार्यवाही करते हुए ग्राम पहाड़ी कला से गोरेलाल पुत्र ननू निवासी खेरपुरा को गिरफ्तार किया और उसके कब्जे से अबैध रूप से रखी हुई 26 फरूटी देसी शराब के बरामद किये। इसके साथ ही सदर कोतवाली में तैनात आबकारी निरीक्षक अवंतीका तिवारी क्षेत्र प्रथम द्वारा कार्यवाही करते हुए मवेशी बाजार के कब्रिस्तान से श्रीमती सुमन पत्नी सुदीप कबूतर निवासी ग्राम मउमाफी सहित दो को गिरफ्तार किया और दो प्लास्टिक की पिपिया में 50 लीटर कच्ची नाजायज शराब बरामद की। तो वहीं उप निरीक्षक अजहर इशरत ने पनारी बड़ी नहर के रास्ते पर अवैध रूप से शराब बेचने वाली प्रियंका पत्नी प्रदीप कबूतर को 40 लीटर अवैध देसी कच्ची नाज शराब के साथ गिरफ्तार किया। उप निरीक्षक मानवेंद्र सिंह ने ग्राम मऊ माफी के रास्ते पर श्रीमती रजनी पत्नी बलिराम को अवैध रूप से शराब बेचते हुए गिरफ्तार कर 40 लीटर देसी कच्ची शराब बरामद की। उप निरीक्षक अनिल कुमार द्वारा सिद्धन मंदिर के पीछे से शर्मिला पत्नी रामकुमार निवासी ग्राम चीरा को अवैध रूप से शराब बेचते हुए गिरफ्तार किया और उसके पास से 40 लीटर कच्ची नाजायज शराब बरामद की। उप निरीक्षक मनोज कुमार मिश्रा ने कैलागुआँ बाईपास रोड पर स्थित विद्युत कार्यशाला के पास से श्रीमती उमा पत्नी संजू कबूतर निवासी ग्राम मऊमाड़ी को 25 लीटर कच्ची नाजायज शराब के साथ और श्रीमती रागिनी पुत्र रामकुमार को 25 लीटर अवैध देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया। तों वहीं उप निरीक्षक सुशील कुमार त्रिपाठी ने हाईवे किनारे खाली प्लॉट के पास से श्रीमती शिवकली पत्नी बाबू कबूतर निवासी ग्राम मेलवारा रजवारा को 40 लीटर नाजायज कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया। सभी थानों और सदर कोतवाली पुलिस ने संयुक्त रूप से कार्यवाही करते हुए कुल मिलाकर 66 अदद अबैध फरूटी और 260 लीटर अबैध देशी कच्ची शरान बरामद कर सभी अभियुक्तों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मामला पंजीकृत कर कार्यवाही की है।

# पत्नी के फांसी लगाकर जान देने के मामले में पति ने विपक्षी पर कराया मामला दर्ज

### मजदूरी के लिए गैर प्रांत जाने के बाद विपक्षी से पीड़ित होकर महिला ने दिया था घटना को अंजाम

**ललितपुर।** थाना जखौरा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम में गुलैंदा में पति के गैर प्रांत मजदूरी के लिए जाने के बाद अपने बच्चों के साथ रह रही ममता पत्नी चंद्रभान ने चार दिन पूर्व विपक्षी द्वारा किए जा रहे उत्पीड़न के चलते फांसी लगाकर अपनी जान दे दी थी। सुबह जब उसकी सास ने शव लटकता देख तो पुलिस को सूचना दी। जिसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा में भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया था और पड़ताल में जुट गई थी। जब महिला का पति सूचना पर अपने घर वापस लौट कर आया, तब उसने जखौरा पुलिस को शिकायती पत्र देकर गांव के ही विपक्षी पर अपनी पत्नी को आत्महत्या के लिए प्रेरित करने का मामला दर्ज कराया। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम गुलेन्दा में अपने सास ससुर से अलग दो बच्चों के साथ रह रही 35 वर्षीय ममता पत्नी चंद्रभान ने उस समय सोमबार की रात्रि में अपने ही घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी, इब उसका पति पुणे में मजदूरी करने के लिए गया हुआ था। बताया गया है कि सोमवार को रात्रि में वह अपने दोनों बच्चों के साथ घर के अंदर सो गई लेकिन सुबह वह उठकर घर की बाहर नहीं आई। जब उसकी सास उसकी जानकारी करने कमरे में झांकने गई, तब घर के अंदर मोटी रस्सी के फंदे पर उसका शव लटक रहा था। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची जखौरा पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भिजवा दिया और जांच में जुट गई थी। इस मामले में मृतिका के पति चंद्रभान पुत्र बृगभान यादव ने अपने ही गांव में रहने वाले विपक्षी राकेश पुत्र दशरथ पर अपनी पत्नी को मानसिक रूप से प्रताड़ित करने का आरोप लगाया और प्रताड़ना के चलते पत्नी द्वारा आत्महत्या किए जाने का भी आरोप लगाकर थाना जखौरा पुलिस को शिकायती पत्र दिया। थाना जखौरा पुलिस ने पति द्वारा दिए गए शिकायती पत्र के आधार पर विपक्षी के खिलाफ धारा 108 में मामला पंजीकृत कर विवेचना प्रारंभ कर दी है।

# स्कूलों में शुरू हुआ डिप्थीरिया की रोकथाम को लेकर टीकाकरण अभियान

**ललितपुर।** जनपद में डिश्थीरिया की रोकथाम के लिये गुरूवार से टीकाकरण अभियान का झभारम्भ मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 इम्तियाज अहमद एवं नगर पालिका बालिका इण्टर कॉलेज में फीता काटकर किया। इस मौके पर कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए सीएमओ डा0 इम्तियाज अहमद ने बताया कि डिथ्थीरिया के बढ़ते मामलों को रोकने के लिये %क्कि टीकाकरण सप्ताह मनायाजा रहा है। अब 24 अप्रैल से 10 मई तक चलने वाले इस इस अभियान का उदेश् जिले में स्कूल आधारित टीडी टीकाकरण अभियान चलाया जायेगा। इस अभियान में सभी स्कूलों और मदरसों के कक्षा-पॉच के बच्चों और कक्षा-10 के बच्चों को टीडी वैक्सीन दी जायेगी। उन्होंने अभियान की सफलता हेतु सभी विभागों से अपील की।

आयोजन के इस मौके पर उपस्थित जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डा0 शिव प्रकाल्न ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग इस अभियान का नोडल विभागहोगा। उन्होंने बताया कि जिला विद्यालय निरीक्षक, बेसिक हिक्षा अधिकारी आदि से अभियान की सफलता हेतुसमन्वय किया जा रहा है। इस हेतु स्कूल आधारित टीकाकरण की कार्य योजना तैयार कर ली गई है। पब्लिकहेल्थ स्पेशलिस्ट डा0 सौरभ सक्सेना ने बताया कि प्रत्येक अप्रैल के मध्य राष्ट्रीय टीकाकरण सप्ताह मनाया जाता है। अभियान का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। कार्यकरम का अनुश्रवण अधिकारियों द्वाराकिया जायेगा। यह अभियान टिटेनस एवं डिश्थीरिया की रोकथाम में सहयोगी होगा। कार्यक्रम के जभारम्भ केदौरान जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डा0 श्रिव प्रका्, पब्लिक हेल्थ स्पेशलिस्ट डाश सौरभ सक्सेना, चिकित्साअधिकारी डा0 राजेश भारती, एसएमओ डब्लू0एच0ओ0, डी0एम0 सी0 यूनीसेफ सबा एवं नगर पालिका बालिकाइण्टर कॉलेज ललितपुर की प्रधानाचार्य एवं अन्य स्टॉफ आदि मौजूद रहे।

# यूपीएससी में चयनित होकर बिन बाप की बेटी ने बड़ाया जनपद और समाज का मान

### जनपद के साथ-साथ दिल्ली की जैन संस्था में भी ग्रहण की शिक्षा

### पिछले करीब तीन साल से बेटी कर रही थी यूपीएससी की तैयारी

**ललितपुर।** हाल ही में घोषित हुए यूपीएससी के परिणाम में जनपद की बेटी ने अपना स्थान चयनित करवाकर जनपद के साथ-साथ अपने परिवार का भी मान बढ़ाया है। जनपद की बेटी ने कड़ी मेहनत के साथ अपनी शिक्षा दीक्षा की, जो जनपद के साथ-साथ दिल्ली प्रांत में भी संपन्न हुई। बताया गया है कि बेटी पिछले करीब तीन वर्षों से इस परीक्षा की तैयारी कर रही थी और परीक्षा के परिणामों ने सभी को आश्चर्यचकित कर दिया। बतातें चलें कि बचपन में ही पड़ाई के समय एक सड़क हादसे में पिता की मौत की मौत हो गई थी लेकिन बेटी ने उम्मीद का दामन नहीं छोड़ा और जीत का परचम फहराया.।

मिली जानकारी के अनुसार सदर कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत शहर के सिविल लाइन इलाके में रहने वाली स्वाति जैन ने हाल ही में यूपीएससी की परीक्षा देने के जब परिणाम घोषित हुए तो सभी को चौंका दिया। बताया गया है कि यूपीएससी के घोषित हुए परनाम में जनपद की बेटी स्वाति जैन ने 539बी रैंक हासिल की। बताया गया है कि स्वाति जैन की मां शशि जैन साधारण गृहणी है और आंगनवाड़ी में कार्यकत्री के पद काम करती है, क्योंकि पति की मौत के बाद पत्नी ने अपने बच्चों का जीवन समरण मुनासिब समझा और आंगनवाड़ी में नौकरी कर ली, ताकि बच्चों की शिक्षा दीक्षा अच्छे से संपन्न हो सके।

# संगठित अपराध में लिप्त अपराधियों पर करें कार्यवाही: डीआईजी

### अंतरजनपदीय सीमाओं पर बैरियर लगाकर राउण्ड द क्लॉक प्रभावी चेकिंग अभियान के निर्देश




**झांसी।** पुलिस उपमहानिरीक्षक, झांसी परिक्षेत्र, झांसी केशव कुमार चौधरी द्वारा रेंज कार्यालय में परिक्षेत्र के जनपद झॉसी, जालौन एवं ललितपुर के जनपद प्रभारियों के साथ अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण हेतु प्रभावी कार्ययोजना बनाकर रेंज के जनपदों में सुदृ? कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु मासिक अपराध समीक्षा बैठक आहूत कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

डीआईजी ने लंबित विवेचनाऐं विशेषकर एससी एसटी एक्ट, महिला सम्बन्धी अपराध, पॉक्सो एक्ट, गैंगेस्टर एक्ट आदि के अभियोगों की विवेचनाओं की समीक्षा कर शीघ्र निस्तारण कराने के निर्देश दिए गए। डीआईजी ने शातिर, अभ्यस्त व हार्डकोर अपराधियों के विरूद्ध अधिक प्रभावी कार्रवाई करते हुए गुण्डा, गैंगस्टर एक्ट,जिलाबदर कराते हुये हिस्ट्रीशीट खोलें। सक्रिय गैंग का पंजीकरण करने और पुरस्कार घोषित, गैंगस्टर में वांछित अपराधियों की जल्द गिरफ्तारी करने के निर्देश दिए गए। डीआईजी ने अपराधियों का सत्यापन कराने, गैंगस्टर एक्ट की धारा 107 क्व्हस्र्स के तहत अपराधियों द्वारा अपराध से अर्जित की गई चल-अचल संपत्ति का चिन्हीकरण कर जब्तीकरण की कार्यवाही करें।

डीआईजी द्वारा रेंज के जनपदों में कानून व्यवस्था सुदृ? बनाये रखने हेतु अन्तर्राज्यीय एवं अंतरजनपदीय सीमाओं पर नाका/बैरियर लगाकर राउण्ड द क्लॉक सघन चेकिंग अभियान चलाये जाने के निर्देश दिये गए है।

डीआईजी ने बेहतर काम करने वाले पुलिसकर्मियों को पुरस्कृत करने तथा लापरवाह व उदंडता करने वाले पुलिस कर्मियों के विरूद्ध विभागीय कार्यवाही के निर्देश दिए गए। पुलिस बल में अनुशासन बनाये रखते हुए सभी पुलिस कर्मियों को मृदुभाषी, स्वस्थ एवं संवेदनशील रहते हुए दायित्वों का पूर्ण मनोयोग से निर्वाहन करने एवं पुलिस बल की गरिमा बनाये रखने के निर्देश दिए गए है तथा लापरवाही एवं उदासीनता बरतने वाले पुलिसकर्मियों को सचेत करते हुए पुनरावृत्ति करने पर गोपनीय जांच कराकर रिपोर्ट प्रेषित किये जाने के निर्देश दिये गए है। समीक्षा बैठक में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बीबीजीटीएस मूर्ति, पुलिस अधीक्षक ललितपुर मो मुश्ताक, पुलिस अधीक्षक जालौन डॉ. दुर्गेश कुमार, सीओ एलआईयू अनिल कुमार पाण्डेय, एआरओ प्रदीप कुमार, जीडी देशराज सिंह, जेडओ प्रभारी श्रीमती प्रीती दीक्षित उपस्थित रहे।

# पूर्व मेयर के पैंटालूंस शोरूम में चोरी का प्रयास, ताले तोड़े



### चोर हूये नाकामयाब , घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद फोटो

**झांसी।** नवाबाद थाना क्षेत्र में स्थित पूर्व मेयर के पैंटालूंस शोरूम के देर रात अज्ञात चोरों ने ताले तोड़कर चोरी की घटना का प्रयास किया। लेकिन अन्य लॉकर्स के ताले न टूटने पर चोर खाली हाथ चले गए। चोरों की यह करतूत वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई।

विवरण के मुताविक प्रेमनगर थाना क्षेत्र के हंसारी निवासी विपिन सिंघल का इलाईट सीपरी रोड स्थित कपड़ों का बड़ा शोरूम पैंटालूंस है। विपिन ने आज पुलिस को सूचना देते हुए बताया कि प्रतिदिन की तरह आज बुधवार की रात उनका पूरा स्टाफ शोरूम में ताला लगाकर चले गए। गुरुवार की सुबह जब वह शोरूम पहुंचे तो देखा शटर के ताले टूटे पड़े थे। इसकी सूचना पर बिपिन सिंघल और नवाबाद पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने जांच पड़ताल करते हुए सीसीटीवी कैमरा चैक किए तो उसमें चोर शोरूम का ताला तोड़कर अंदर दाखिल हुए गुल्लक को खंगाला कुछ नहीं मिला। इसके बाद वह लोग मैनेजर के चैंबर में पहुंचे जहां उन्होंने एक लॉकर्स का ताला तोड़ा तो उसमें कुछ नहीं मिला, इसके बाद चोर भाग निकले। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल करते हुए सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

# कर्ज़ से तंग किसान ने खेत में पेड़ से लटककर दी जान

### एक साल पहले बेटे ने भी की थी आत्महत्या

**झांसी।** थाना समथर क्षेत्र के ग्राम बरनाया में कर्ज़ के बोझ तले दबे एक किसान ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बताया जा रहा है कि मृतक किसान पर भारी कर्ज़ था और वह लंबे समय से आर्थिक तंगी से जूझ रहा था। इस दर्दनाक घटना ने पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ा दी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, करीब 50 वर्षीय किसान भागीरथ अहिरवार ने अपने खेत में पेड़ से फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। परिजनों ने बताया कि वह बीते कई महीनों से कर्ज़ चुकाने की चिंता में डूबे हुए थे और इसी तनाव में उन्होंने यह कदम उठा लिया।

गांववालों और मृतक के परिवार के मुताबिक, भागीरथ अहिरवार के तीन बेटे थे। उनमें से मंझले बेटे रामकुमार ने भी पिछले वर्ष कर्ज़ और आर्थिक तंगी के चलते आत्महत्या कर ली थी।

# पाकिस्तान हमारे पानी पर पलता है: निरंजन ज्योति

### प्रधानमंत्री ने सही कदम उठाया है



**झांसी।** पूर्व सांसद साध्वी निरंजन ज्योति ने पहलागम को लेकर पाकिस्तान को आड़े हाथों लिया है। साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के फैसले का भी समर्थन किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पहले ही कह चुके थे कि खून और पानी एक साथ नहीं बह सकते। यह बात उन्होंने झांसी में पत्रकारों से बात करते हुये कही।

पूर्व सांसद यहां झांसी के सर्किट हाउस पहुंची थीं। यहां उन्होंने मीडिया से पहलगाम के आतंकी हमले को लेकर बात की। बोलीं कि ये दु:खद है कि इस कायराना हमले में हमारे नागरिकों को जान गवानी पड़ी है। साथ ही उन्होंने कहा कि हम लोगों की जानों को जाया नहीं होने देंगे। वहीं, एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने बुधवार को हुई हाई लेबल की बैठक में जो निर्णय लिए हैं वह सही हैं। बोलीं कि पीएम ने पहले भी कहा था कि खून और पानी एक साथ नहीं बह सकते हैं। ऐसे में जो समझौता रोका गया है मैं उस निर्णय का समर्थन और सराहना करती हूं।

### कार्यभार संभालने के बाद बोले नए पुलिस कप्तान

# माफियाओं के विरुद्ध कड़ी और त्वरित गति से की जायेगी कार्रवाई

### अपराध रोकना व अपराधियों पर नकेल कसना पहली प्राथमिकता

### महिलाओं पर होने वाले अपराधों पर होगी कड़ी कार्रवाई

**झांसी।** आईपीएस अफसर बीबीजीटीएस मूर्ति ने गुरुवार को जिला पुलिस कप्तान की कुर्सी संभाल ली। उन्होंने कार्यालय पहुंचकर कार्यभार ग्रहण किया। उन्होंने कहा कि अपराध रोकना और अपराधियों पर नकेल कसना उनकी प्राथमिकता होगी। महिला और बच्चों के साथ होने वाले अपराधों को गंभीरता से कार्रवाई की जाएगी।

वर्ष 2015 बैच के आईपीएस बीबीजीटीएस मूर्ति आंध्र प्रदेश के हैदराबाद के रहने वाले हैं। उन्होंने बताया कि बचपन से वह तेलगू भाषा बोलते थे। आईपीएस में चयन होने के बाद पहली तैनाती गाजियाबाद में मिली थी। इसके बाद कानपुर नगर में डीसीपी ट्रैफिक और पश्चिम रहे। इसके बाद कासगंज में एसपी के पद पर तैनात थे। एसएसपी बीबीजीटीएस मूर्ति ने कहा कि शासन की प्राथमिकता ही उनकी प्राथमिकता होगी। एडीजी व डीआईजी के निर्देशन में अपराध रोकने के साथ अपराधियों पर नकेल कसी जाएगी।

#### जनत की सुरक्षा ही उनका संकल्प है

एसएसपी ने कहा कि जनता की सुरक्षा ही उनका संकल्प है। यूपी शासन की मंशा और उच्चाधिकारियों के निर्देशों का पालन किया जाएगा। महिला उत्पीड़न मामलों में त्वरित सुनवाई, महिला उत्पीड़न करने वाले अपराधियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। ऑपरेशन कनविक्शन को जारी रखा जाएगा।

#### अब कार्ययोजना होगी तैयार

एसएसपी ने बताया कि जुआ, शराब, अवैध कारोबार, गुंडा टैक्स, अवैध शराब बनाने व कारोबार करने वालों से सख्ती से निपटा जाएगा। जिले की यातायात व्यवस्था को मजबूत करने की कार्ययोजना तैयार की जाएगी।

#### आईपीएस मूर्ति ने ऐसे सीखी हिंदी

2015 बैच के आईपीएस बीबीजीटीएस मूर्ति ने बताया कि बचपन से ही वह तेलगू भाषा बोलते , लिखते और समझते थे । अंग्रेजी भी बेहतर थी। कभी हिंदी की जरुरत नहीं लगी, मगर 2015 में जब आईपीएस के लिए चयन हुआ और गाजियाबाद में तैनाती मिली तो हिंदी की अहमियत पता चली। शुरु में गूगल ट्रांसलेटर की मदद से काम चलाया लेकिन मन ही मन ठान लिया था कि अब हिंदी लिखनी है। अफसरों ने भी प्रेरित किया। आज वह हिंदी बोलते हैं, समझते हैं और आसानी से लिखते हैं।

#### डीजीपी का गोल्ड प्रशंसा चिन्ह भी मिल चुका

एसएसपी बीबीजीटीएस मूर्ति को अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने पर पुलिस महानिदेशक का गोल्ड प्रशंसा चिन्ह मिल चुका है। इनको तत्कालीन डीजीपी देवेंद्र सिंह चौहान ने उनकी वर्दी में प्रशंसा चिन्ह लगाकर सम्मानित किया था।

#### सोशल मीडिया के सभी प्लेटफार्मों की होगी निगरानी

उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया के सभी प्लेटफार्मों की सतत निगरानी की जाएगी। गोकशी व गोतस्करों पर प्रभावी ढंग से अंकुश लगाया जाएगा। मित्र पुलिसिंग के तहत पुलिस और नागरिकों के बीच समन्वय बढ़ाया जाएगा। थाने पर आने वाले हर व्यक्ति से बेहतर व्यवहार किया जाएगा। इस दौरान एसपी सिटी ज्ञानेंद्र कुमार सिंह और एसपी ग्रामीण गोपीनाथ सोनी भी मौजूद रहे।

# शिथिलता कतई बर्दाश्त नहीं होगी: मण्डलायुक्त

### पूर्ण निर्माण परियोजनाओं का लोकार्पण स्थानीय जनप्रतिनिधियों से ही करायें

### विद्युत आपूर्ति की समस्याओं के निस्तारण हेतु अधिकारी कुशल रणनीति बनायें




**झांसी।** मण्डलायुक्त बिमल कुमार दुबे की अध्यक्षता में 01 करो? से अधिक लागत के निर्माण कार्यो की परियोजनाओं, विकास विभाग के कार्यक्रमों एवं कर-करेत्तर राजस्व संग्रह की समीक्षा बैठक आयुक्त सभागार में आयोजित की गयी।

बैठक में मण्डलायुक्त द्वारा विकास एवं राजस्व प्रगति के लक्ष्य में गत माह जनपद जालौन को प्रथम स्थान, जनपद झांसी को 6वां स्थान एवं जनपद ललितपुर को 12वां स्थान प्राप्त होने पर उपस्थित मण्डलीय एवं जनपद स्तरीय अधिकारियों प्रशंसा के साथ सभी अधिकारियों को आगे भी इसी प्रेरणा के साथ कार्य करने के निर्देश दिए।

समीक्षा करते हुये संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि निर्माणकारी परियोजनाओं को समय सीमा के भीतर पूर्ण कराना शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है, इसलिये सभी अधिकारी इस बात का विशेष ध्यान रखते हुये अपने दायित्वों के प्रति संवेदनशील होकर कार्य करें, लापरवाही के लिये अधिकारी अपेक्षित कार्यवाही हेतु स्वयं जिम्मेदार होंगे।

पर्यटन विभाग के तहत उन्होने कहा कि सम्बन्धित कार्यदायी संस्था 90 प्रतिशत से अधिक प्रगति वाली निर्माण परियोजनाओं का अवशेष कार्य 30 मई 2025 तक अनिवार्य रुप से पूर्ण करें। इसके साथ ही पूर्ण परियोजनाओं का लोकार्पण विभागीय अधिकारी स्थानीय जनप्रतिनिधियों के माध्यम से ही करायें, इस कार्य में किसी भी प्रकार की शिथिलता बरते जाने पर सम्बन्धित अधिकारी के विरुद्ध उचित कार्यवाही की जायेगी। मण्डलायुक्त ने जनपद ललितपुर में माध्यमिक विद्यालयों में निर्माणकारी परियोजनाओं के लक्षित 33 कार्यो में से 19 कार्यो में भूमि का चिन्हांकन भी न होने के कारण जिला विद्यालय निरीक्षक ललितपुर का स्पष्टीकरण तलब करने के निर्देश संयुक्त निदेशक माध्यमिक शिक्षा विभाग को दिये।

बैठक में जिलाधिकारी ललितपुर अक्षय त्रिपाठी, जिलाधिकारी जालौन राजेश कुमार पाण्डेय, प्रभारी जिलाधिकारी/मुख्य विकास अधिकारी झांसी जुनैद अहमद, प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी जे बी शिन्दे, अपर आयुक्त प्रशासन उमाकान्त त्रिपाठी, संयुक्त विकास आयुक्त ऋषिमुनि उपाध्याय, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व झांसी वरुण कुमार पाण्डेय, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व जालौन संजय कुमार, मुख्य विकास अधिकारी ललितपुर कमलाकान्त पाण्डेय, मुख्य विकास अधिकारी जालौन राजेन्द्र कुमार श्रीवास, उप निदेशक अर्थ एवं संख्या विभाग एस एन त्रिपाठी सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# आतंकवादियों की कायराना हरकत बिल्कुल क्षमा योग्य नहीं है

### हिंदुस्तान इस हमले का मुँहतोड जवाब देगा

### कैंडल मार्च निकालकर दी गई श्रद्धांजलि




**झांसी।** सर्राफा बाजार, दीक्षित बाग व्यापार मंडल झांसी ( रजि ) के तत्वाधान में आज झांसी सराफा बाजार में जम्मू कश्मीर के पहलगांव में आतंकवादियों द्वारा कायराना तरीके से किए गए आतंकी हमले में मारे गए हिंदू सैलानियों के दुखद निधन पर केंडल मार्च निकाल कर आश्रुर्पूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

इस अवसर पर संगठन के कार्यकारी अध्यक्ष मुकेश सोनी ( बंटी ) सभासद ने कहा की पाकिस्तानी आतंकवादियों द्वारा किया गया यह कायराना हरकत बिल्कुल भी क्षमा योग्य नहीं है और हिंदुस्तान इसका मुँहतोड जवाब देगा। प्रदीप त्रिपाठी ने कहा की संपूर्ण हिंदुस्तान इस हमले से बेहद गुस्से में है और आतंकवादी ने धर्म पूछ कर जो यह खूनी खेल खेला है वह बेहद ही निंदनीय है और पूरा देश एकजुट होकर इसका बदला चाहता है। चैयरमैन दिनेश सोनी एवं दिलीप महोविया के द्वार मृतक सैलानियों को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर प्रमुख रूप से रमाकांत सोनी, विनय सोनी,मनोज सोनी,प्रमोद सोनी, बिंसी सविता, महेश सोनी,जितेंद्र सोनी,राजकुमार सोनी, पवन अग्रवाल ,अनिल कुशवाहा, अतुल सोनी, सुरेंद्र सोनी, सहित सैकड़ो की संख्या में सराफा व्यापारी उपस्थित रहें।

# आतंकवादी बख्शे नहीं जाएंगे आतंकवाद का कोई स्थान नहीं है: दिनेश शर्मा

**झांसी।** उत्तर प्रदेश के पूर्व उप मुख्यमंत्री दिनेश शर्मा ने पहलागम घटना पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि लंबे समय से शांत चल रही कश्मीर घाटी को अशांत करने का काम आतंकियों ने किया है, लेकिन सरकार हर पहलू पर नजर बनाए हुए है। कहा कि इस हमले के पीछे जो भी दोषी होगा वह बख्शा नहीं जाएगा। वहीं, पाकिस्तान के बयान पर पूर्व उप मुख्यमंत्री ने कहा कौन तैयार है ये तो वक्त बताएगा। यह बात उन्होंने मीडिया से बात करते हुए पहलगाम हमले में मारे गए लोगों के प्रति अपनी संवेदनाएं प्रकट कीं। उन्होंने कहा कि जम्मू कश्मीर के पहलागम में हुए आतंकी हमले में मारे गए पर्यटकों की खबर से पूरे देश में उबाल है। ऐसे में भाजपा के बड़े नेताओं ने अपने सभी कार्यक्रम भी रद्द कर दिए हैं। इसी कड़ी में उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व डिप्टी ष्टरूदिनेश शर्मा ने भी अपने कार्यक्रम निरस्त होने के बाद दिल्ली से झांसी लौटे।

देश का प्रमुख दैनिक समाचार-पत्र
जनहित का सजग प्रहरी
जन जन जागरण
झांसी और भोपाल से एक साथ प्रकाशित
आवश्यकता है
दैनिक समाचार पत्र जन जन जागरण को जनपद ब्यूरो व तहसील सवाददाताओं की आवश्यकता है। अनुभवी व्यक्ति सम्पर्क कर सकते है। जिन्हें दैनिक समाचार पत्र में कार्य करने का ज्ञान हो। जहां पर प्रतिनिधि चाहिए उन स्थानों के नाम दिए जा रहे है।
**जनपद झांसी:** रक्सा, बड़ागांव, चिरगांव, मोंठ, पूंछ, ऐरच, गुरसरांय, बामौर, ककरबई, मऊरानीपुर, टहरौली, टोड़ीफतेहपुर, रानीपुर, सकरार, आदि।
**जनपद ललितपुर:** तालबेहट, पूराकलां, बांसी, बार बानपुर, महरौनी, मड़ावरा, जाखलौन, जखौरा, विरधा, पाली, बालाबेहट, राजघाट आदि।
**जनपद उरई:** एट, आटा, कुठौंद, जालौन, कालपी, कोंच, कदौरा, माधौगड़, आदि।
**जनपद महोबा:** कबरई, चरखारी, खरेला, बेलाताल, श्रीनगर, जैतपुर, आदि।
**ब्यूरो प्रमुख:** जनपद हमीरपुर, बांदा, चित्रकूट, कानपुर देहात, कानपुर, उन्नाव, आगरा, इटावा, औरैया, मैनपुरी, आदि जनपदों में ब्यूरो प्रमुख की आवश्यकता है।
सम्पर्क: 9936277530, 9450071944

# योगी सरकार झांसी मंडल के पर्यटन स्थलों की बदलने जा रही तस्वीर

### झांसी के बुद्ध विहार उपाली राजगृह और ललितपुर के बिहारी जी मंदिर पर पर्यटन सुविधाओं का होगा विकास

### बुन्देलखण्ड में पर्यटन सुविधाओं के विकास पर योगी सरकार का जोर

**झांसी।** बुंदेलखंड के पर्यटन स्थलों पर आधारभूत सुविधाओं की बढ़ोत्तरी करने पर योगी सरकार खास ध्यान दे रही है। झांसी जिले के बुद्ध विहार उपाली राजगृह और ललितपुर जिले के मसौरा कला स्थित बिहारी जी मंदिर सिद्धबाबा मंदिर पर पर्यटन विकास के कार्य पर लगभग 1.38 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे और जल्द ही इन दोनों स्थानों पर पर्यटन सुविधाओं के विकास का काम शुरू हो जाएगा।

झांसी में बुद्ध बिहार उपाली राजगृह के पर्यटन विकास पर 55.48 लाख रुपए खर्च किए जाएंगे जबकि ललितपुर के मसौरा में स्थित बिहारी जी मंदिर सिद्ध बाबा मंदिर पर पर्यटन विकास के लिए 83 लाख रुपए खर्च किए जाएंगे। उत्तर प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम लिमिटेड लखनऊ की ओर से इन स्थलों पर विकास कार्यों के लिए निविदा की प्रक्रिया शुरू की गई है। निविदा की प्रक्रिया पूरी हो जाने के बाद झांसी के बुद्ध विहार के पर्यटन विकास का कार्य लगभग 6 महीने में और ललितपुर के मंदिर का कार्य लगभग 9 महीने में पूरा कर लिया जाएगा।

धार्मिक महत्व के इन दोनों स्थलों पर मूलभूत सुविधाओं का विकास किया जाएगा, जिसके अंतर्गत पीने के पानी, बैठने की व्यवस्था समेत अन्य सुविधाओं की बढ़ोत्तरी की जाएगी। व्यवस्थाओं के बेहतर हो जाने से यहां आने वाले श्रद्धालुओं को सुविधा होगी। क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी कीर्ति ने बताया कि इन दोनों महत्वपूर्ण धार्मिक स्थलों पर लोगों का नियमित आवागमन होता है। यहां आने वाले लोगों की सुविधा को देखते हुए इन स्थानों पर पर्यटन सुविधाओं का विकास किया जाना है।

# एरच में खेत पर रखे भूसे में आग, भारी नुकसान

**झांसी।** एरच कस्बे के एक किसान के खेत में रखे भूसे में अचानक आग लगने से भारी नुकसान हो गया। घटना बुधवार देर रात की बताई जा रही है। आग लगने का कारण फिलहाल अज्ञात है, वहीं पीड़ति किसान ने प्रशासन से जांच व कार्रवाई की मांग की है। जानकारी के अनुसार, एरच कस्बा निवासी दीपक राजपूत पुत्र हरिश्चन्द्र का खेत मौजा एरच में खेत संख्या 1623 पर स्थित है।

स्वामी निष्ठावान एडवरटाइजर्स एण्ड मीडिया प्रा.लि.,मुद्रक, प्रकाशक, श्रीमती रीता सिंह द्वारा प्रदेश वॉच मीडिया ग्रुप, 11, प्रेस कॉम्प्लेक्स, एम.पी. नगर, भोपाल-462023, म.प्र. से मुद्रित एवं कैमासनपुरम, करगुंजी, मेडिकल कॉलज के पास, कानपुर रोड, झाँसी से प्रकाशित।
**संपादक: बालेन्द्र गुप्ता** पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन हेतु जिम्मेदार (सभी विवादों का न्यायालय क्षेत्र झांसी रहेगा।) फोन: 9936277530, 9450071944, ई-मेल: balendragupta271@gmail.com आर.एन.आई.नं. UPHIN 2012/47946